✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 310 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई वेबसाइट शुरू करते पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद

### मुख्यमंत्री ने 4954 सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) के बीच वितरित किया नियुक्ति पत्र

## मजबूत होगा बिहार का स्वास्थ्य तंत्र : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के शास्त्रीनगर स्थित ऊर्ज़ा ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 4954 सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) को नियुक्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री ने एएनएम विनीता कुमारी, स्वाति कुमारी और रौशनी कुमारी को नियुक्ति पत्र देते हुए उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी नवनियुक्त कर्मी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर विश्वास जताते हुए लिखा कि 4954 एएनएम नियुक्तियों के साथ बिहार का स्वास्थ्य तंत्र मजबूत होगा। कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि इनके समर्पण, निष्ठा और मेहनत से निश्चित ही बिहार के हर कोने तक सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि एएनएम कर्मचारी हर गांव और शहर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और रोगों की रोकथाम में अहम




भूमिका निभाते हैं। इस नियुक्ति से बिहार का स्वास्थ्य तंत्र और अधिक सशक्त बनेगा और प्रदेश में स्वास्थ्य, जागरूक और समर्थ समाज की दिशा में मजबूती आएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि यह दिन बिहार के स्वास्थ्य विभाग के लिए ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार के सतत प्रयासों से आज स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार गांव-गांव तक प्रभावी रूप से हो रहा है, जिससे आमजन को बेहतर और सुलभ इलाज सुनिश्चित हो पा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा की गई इस बड़ी नियुक्ति से स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊर्ज़ा मिलेगी। उन्होंने बताया कि 4954 एएनएम में से 4197 को स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में, 458 को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) में तथा 299 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद राज्य में 2250 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र क्रियाशील हो जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में पिछले एक दशक में बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। आज राज्य के 14,600 से अधिक गांवों और पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जहां अस्पतालों में मरीजों की संख्या बहुत कम थी, वहीं अब हजारों मरीज हर महीने इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जो जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

## शराबबंदी कानून तोड़ने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संजय टाइगर ने भभुआ स्थित सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात की। उन्होंने राज्य की राजनीतिक स्थिति और कानून व्यवस्था पर अपनी राय रखी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि नीतीश कुमार वर्तमान में एनडीए के मुख्यमंत्री हैं और भविष्य में भी वही इस पद पर बने रहेंगे। मुख्यमंत्री के इस्तीफ़े और नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज करते हुए संजय टाइगर ने कहा कि जब तक पद रिक्त नहीं है, तब तक उस पर कौन बैठेगा, इस चर्चा का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने बताया कि नीतीश कुमार पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ राज्य में भ्रमण कर रहे हैं, बैठकें ले रहे हैं और विकास कार्यों में सक्रिय हैं। मंत्री संजय टाइगर ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी एक नकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है,



लेकिन विपक्ष के नेता के पास सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने की फुर्सत नहीं है। बिहार में जहरीली शराब से होने वाली मौतों और विपक्ष के हमलों पर मंत्री ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। शराब बनाना, इसका व्यापार करना और सेवन करना, तीनों ही संगीन अपराध हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून तोड़ने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार भ्रष्टाचार और अपराध के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने जनता और विपक्ष से धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि राज्य में नेतृत्व को लेकर कोई संशय नहीं है।

### संक्षिप्त समाचार

### इंटर में नामांकन के लिए आवेदन शुरू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** इंटर पास विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। उच्च माध्यमिक विद्यालयों और इंटर कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए 11वीं कक्षा में नामांकन की प्रक्रिया आज यानी 8 अप्रैल से शुरू हो रही है। इस बार राज्य के 10,003 शिक्षण संस्थानों में कुल 17.50 लाख से अधिक सीटों पर दाखिला होगा। नामांकन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी।

### गैस एजेंसी का लाइसेंस रद्द

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** देश में एलपीजी की किल्लत और मिल रही कालाबाजारी की सूचना पर दरंभगा के जिलाधिकारी ने सख्त एक्शन लिया है। दरभंगा की गोदावरी गैस ऐजेंसी पर औचक छापामार कार्रवाई करते हुए गैस एजेंसी का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है और प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी दी है। निरीक्षण के दौरान एजेंसी में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं हैं। अनुज्ञप्ति में वर्णित गोदाम के अतिरिक्त एक अन्य कक्ष का अवैध रूप से उपयोग गैस सिलेण्डरों के भंडारण के लिए किया जा रहा था, जिसके संबंध में एजेंसी के प्रोपराइटर द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

### शराब माफिया राजा साह गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मोतिहारी जिले में जहरीली शराब से 11 लोगों की मौत और कई लोगों के इससे पीड़ित होने के बाद पुलिस शराब माफियाओं के खिलाफ एक्शन में है। इस बीच, बिहार एसटीएफ ने शराबबंदी कानून को ठेंगा दिखाने वाले मुजफ्फरपुर जिले के हथौड़ी थाने के वांछित और कुख्यात शराब माफिया राजा साह को मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन परिसर से धर दबोचा है। पुलिस इसे एक बड़ी सफलता मान रही है।

## सीएम नीतीश कुमार के फैसले से बढ़ी सियासी टेंशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सत्ता परिवर्तन की चर्चा तेज होते ही राजनीतिक माहौल गरमा गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की फैसलों ने हलचल बढ़ा दी है। नेताओं के साथ-साथ नौकरशाही में भी असमंजस की स्थिति बन गई है। हर स्तर पर भविष्य को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। सरकार के अंदरूनी समीकरण तेजी से बदलते दिख रहे हैं। इसका असर निर्णय प्रक्रिया पर भी पड़ रहा है। चर्चा है कि नई सरकार में कई मौजूदा मंत्री नजर नहीं आएंगे। भाजपा, जदयू और लोजपा कोटे के मंत्रियों में चिंता बढ़ गई है। विभागों के फ़ेरबदल की संभावना से बेचैनी साफ दिख रही है। कई मंत्रियों के पास अभी एक से अधिक विभाग हैं। ऐसे में उनके राजनीतिक कद पर भी असर पड़ सकता है। सत्ता परिवर्तन के साथ समीकरण बदलना तय माना जा रहा है। जिलों में तैनात डीएम और एसपी से लेकर वरिष्ठ आईएएस-आईपीएस अधिकारी भी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। अधिकारियों के बीच दायित्व बदलने की चर्चा तेज हो गई है। कई अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की कोशिश में हैं। कुछ के आवेदन पहले से लंबित बताए जा रहे हैं। चुनाव ड्यूटी पर गए अधिकारी भी घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासनिक स्तर पर सतर्कता बढ़ गई है। मंत्री और अधिकारी दोनों ही बड़े फैसले लेने में सतर्क हो गए हैं। संभावित बदलाव को देखते हुए कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। नीतिगत फैसलों में भी धीमापन देखने को मिल रहा है। हर कदम सोच-समझकर उठाया जा रहा है। प्रशासनिक मशीनरी फिलहाल इंतजार की स्थिति में है। आगे की दिशा नेतृत्व परिवर्तन पर निर्भर करेगी। शासन स्तर पर यह चर्चा भी तेज है कि कई अधिकारी केंद्र से वापस आ सकते हैं। साथ ही दूसरे कैडर के अधिकारी भी बिहार आ सकते हैं।

## ढोल पहाड़ी बनेगा इको टूरिज्म हब : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने मुंगेर के पर्यटन नक्शे को नई चमक देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने असरगंज स्थित ढोल पहाड़ी को इको टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए 12.49 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से न सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापार के नए अवसर भी सृजित होंगे।तारापुर अनुमंडल के असरगंज में स्थित ढोल पहाड़ी को अब आधुनिक सुविधाओं से लैस पर्यटन, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस स्थल का ऐतिहासिक महत्व भी रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह क्रांतिकारियों का गुप्त अड्डा था, जहां से अंग्रेजों के खिलाफ रणनीति बनाई जाती थी। ढोल बजाकर संदेश देने की परंपरा के कारण ही इसका नाम ढोल पहाड़ी पड़ा। यहां बैंक्वेट हाल, हाट बाजार, क्राफ्ट शाप्स और वेंडिंग जोन



बनाए जाएंगे। पर्यटकों की सुविधा के लिए पब्लिक टायलेट, पार्किंग एरिया, पक्के पाथवे और आकर्षक सुंदरीकरण कार्य किया जाएगा। साथ ही मेला ग्राउंड, पिकनिक स्पाट, ग्रीन बेल्ट और लैंडस्केपिंग के जरिए प्राकृतिक सुंदरता को संवारा जाएगा। बच्चों के लिए प्ले एरिया, स्पोर्ट्स कोर्ट और पर्यटकों के लिए आब्जर्वेशन डेक भी आकर्षण का केंद्र होंगे। धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए यहां शिव प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। साथ ही बाबा मौनीनाथ मंदिर और प्राचीन गुफाओं को भी पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा। पूरे प्रोजेक्ट में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। सोलर लाइटिंग, सोलर रूफटाप, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, फायर फाइटिंग और आधुनिक विद्युत व्यवस्था विकसित की जाएगी। पेयजल और सीवरेज सिस्टम को भी दुरुस्त किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक सुविधाओं के अभाव में ढोल पहाड़ी की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था। परियोजना पूरी होने के बाद यहां नियमित हाट-बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार धार्मिक और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुंगेर का बिहार योग विद्यालय, भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य और हवेली खड़गपुर झील पहले से ही आकर्षण के केंद्र हैं। अब ढोल पहाड़ी के विकास से मुंगेर विश्व पर्यटन मानचित्र पर और मजबूती से उभरेगा।

## पांडुलिपि सर्वेक्षण का काम 30 दिन में पूरा करें : मुख्य सचिव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पांडुलिपि सर्वेक्षण को मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अगले 30 दिनों में इस अभियान को पूरा करने के लिए कहा। बैठक में पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन पर चर्चा की गई। इसमें कई प्रमुख अधिकारी भी शामिल थे। मुख्य सचिव प्रत्यय ने बुधवार को ज्ञान भारतम मिशन के तहत राज्यस्तरीय समिति की पहली बैठक को संबोधित करते हुए उन्हें अगले 30 दिनों में इस अभियान को पूरा करने को कहा। बैठक में पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर बिहार संग्रहालय के निदेशक अंजनी कुमार, नव नालंदा महाबिहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह, पूर्व निदेशक डॉ. इम्तियाज अहमद, नव नालंदा महाबिहार के प्रो. विश्वजीत कुमार और मो. फैजल अब्दुल्लाह मौजूद थे।

## बिहार में चार लाख घरों को जल्द मिलेगा पीएनजी कनेक्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन से ज्यादा से ज्यादा घरों को जोड़ने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। अभी राज्य में 99,346 घरों में पीएनजी कनेक्शन चालू हैं जबकि 55,025 घर कनेक्शन के लिए तैयार हैं। वहीं, 3.39 लाख घरों में पीएनजी की आपूर्ति के लिए आधारभूत संरचना स्थापित हो चुकी है। इस प्रकार अगले कुछ महीने में तकरीबन चार लाख घरों को पीएनजी कनेक्शन जल्द मिलेगा। इसके लिए सरकार ने तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है। बिहार में घरेलू गैस सिलिंडर की कोई कमी नहीं है और शादी-विवाह समारोह के लिए संबंधित परिवार को कमर्शियल गैस सिलिंडर की समूचित आपूर्ति सुनिश्चित करने का आदेश सभी जिलों को दिया गया है। जिलों में उपलब्धता के आधार पर हर परिवार को गैस सिलिंडर दिया जाएगा। इसको लेकर सभी जिलाधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह ने बुधवार को सूचना भवन के सभागार में पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने बिहार के सभी 38 जिलों में पीएनजी और सीएनजी के वितरण हेतु छह तेल विपणन कंपनियों को अधिकृत किया है। पटना जिले में गेल, बांका में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, बेगूसराय में थिंक गैस, गया और नालंदा में इंडियन ऑयल-अदाणी गैस प्राइवेट लिमिटेड, दरभंगा, गोजालगंज, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान और सुपौल में बीपीसीएल और शेष 24 जिलों में इंडियन आयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा घरेलू पीएनजी कनेक्शन दिया जा रहा है। पिछले वर्ष पीएनजी कनेक्शन की गति 3,000-3,500 प्रति माह थी, जो मार्च 2026 में बढ़कर 8,000 प्रतिमाह हो गई है।

## बिहार पंचायत चुनाव में लागू होगा नया आरक्षण रोस्टर : दीपक प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार में पंचायत चुनाव तय समय पर ही होंगे। चुनाव के दौरान फर्जी वोटिंग को रोकने के लिए इस बार बूथों पर हाई-टेक कैमरा व नई तकनीक का उपयोग किया जाएगा। मतदान केंद्रों पर मतदाता फ़ेस पहचान के बाद हीं मतदान कर सकेंगे। यह कदम वोगस वोटिंग को रोकने के लिए उठाया जा रहा है ताकि कोई भी मतदाता दोबारा मतदान न कर सके। उक्त बातें बिहार के पंचायत राज मंत्री दीपक प्रकाश ने बुधवार को जिला अतिथि गृह के सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। दीपक प्रकाश ने कहा कि पंचायत चुनाव में नया आरक्षण रोस्टर लागू होगा, क्योंकि पिछले रोस्टर को 10 वर्ष पूरा हो चुका है, लेकिन परिसीमन पूर्व के भांति रहेगी। उन्होंने कहा कि अभी राज्य में जनगणना का कार्य चल रहा है, इसको लेकर परिसीमन बदलना संभव नहीं है। मंत्री ने पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि मतगणना के उपरांत कुल मतदान व मतगणना का मिलान साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा ताकि मतगणना के



उपरांत प्रत्याशियों के बीच किसी तरह का संस्य ना रहे। मंत्री ने बताया कि विभाग पूरी पारदर्शिता के साथ पंचायत चुनाव को संपन्न कराने की दिशा में अभी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले में 394 पंचायत सरकार भवन में 136 का निर्माण गुणवत्तापूर्ण पूरा कर लिया गया है। वहीं, शेष का निर्माण भी तय समय सीमा के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने गांवों को समृद्ध व सशक्त बनाकर राज्य के समग्र विकास की बात कही। उन्होंने पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों के प्रति जनप्रतिनिधियों को जागरूक रहने की बात कही। दीपक प्रकाश ने बताया कि जिले में तेजी से सोलरलाइट लगाने का काम चल रहा है। पंचायतों में 58950 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसपर तेजी से काम हो रहा है। वहीं पंचायतों में विवाह मंडप बनाने के लिए भूमि चिन्हित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार जिला परिषद की संपत्तियों पर विशेष ध्यान दे रही है। जिला परिषद की सभी संपत्तियों का ब्योरा मांगा गया है, ताकि यह जानकारी हो सके जिप की संपत्तियां किस हालत में है। मौके पर जिलाध्यक्ष ई. रमेश पासवान, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार, मुख्य प्रवक्ता रामपुकार सिन्हा, प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल आदि उपस्थित रहे। महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पंचायत राज मंत्री दीपक प्रकाश ने संवाद किया।

बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

बिहार सरकार

रबी विपणन मौसम

2026-27 अंतर्गत मसूर अधिप्राप्ति

बिहार के किसानों के लिये महत्वपूर्ण सूचना

मसूर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7,000 रुपये प्रति क्विंटल

मसूर अधिप्राप्ति की अवधि
दिनांक 10 अप्रैल 2026 से दिनांक 31 मई 2026 तक

रबी विपणन मौसम, 2026-27 में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ मसूर क्रय करने के 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा

मसूर अधिप्राप्ति के लिए कृषि विभाग के पोर्टल www.dbtagriculture.bihar.gov.in पर निबंधित किसान सहकारिता विभाग के पोर्टल https://esahkari.bihar.gov.in पर अपना आवेदन समर्पित कर आसानी से अपने मसूर पंचायत स्तर पर पैक्स अथवा प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडल में बिक्री कर सकते है

PR No.- 000499 (Food)D. 2026-27



# बिहार केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का महत्वपूर्ण केंद्र : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकर लाल हॉल में बुधवार को आयोजित बिहार गौरव महोत्सव 2026 में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिहार की गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक समृद्धि और युवाओं की भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय और विक्रमशिला विश्वविद्यालय का उल्लेख करते हुए कहा कि इन ऐतिहासिक शिक्षण संस्थानों ने पूरे विश्व को ज्ञान का प्रकाश दिया है।



साथ ही भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और सम्राट अशोक की धरोहरों को बिहार की वैश्विक पहचान का आधार बताया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में डॉ. राजेंद्र प्रसाद और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बिहार की सांस्कृतिक विविधता का जिक्र करते हुए मधुबनी पेंटिंग, भोजपुरी, मैथिली और मगही भाषाओं को देश की एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम भी करते हैं। युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज बिहार की छात्र-छात्राएं देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज और राष्ट्र निर्माण में करें, तभी देश आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेगा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने आयोजकों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि 'बिहार गौरव महोत्सव' आने वाले समय में और भी भव्य रूप में आयोजित होगा।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के सत्यापन में तेजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गया जी, गया जिले में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदनों के सत्यापन में तेजी ते आई है। बुधवार को डीडीसी कार्यालय में आयोजित समिति की बैठक में कुल 3252 आवेदनों का सत्यापन किया गया जिसमें बीसी/ईबीसी वर्ग के 922 और एससी/ एसटी वर्ग के 1596 आवेदन शामिल हैं। बताया गया कि जिले में अब तक लगभग 1 लाख 25 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता, सदस्य अरुण कुमार राव, जितेंद्र कुमार एपीओ रंजन कुमार, शहरी विधायक प्रतिनिधि महेश विद्यार्थी, बेलागंज विधायक प्रतिनिधि प्रकाश राम पटवा आदि शामिल रहे।

# छात्र-छात्राओं का भविष्य बेहतर बनाने में इंटर्नशिप महत्वपूर्ण : डॉ सुहेली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पटना विश्वविद्यालय के वाणिज्य महाविद्यालय पटना एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर एमओयू हुआ है। मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राचार्या डॉ सुहेली मेहता ने कहा कि नई शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं के लिए इंटर्नशिप बहुत ही लाभकारी साबित हो रहा है। इससे छात्र-छात्राओं को सर्वांगीण विकास में काफी मददगार है। किताब के साथ-साथ चरित्र निर्माण, जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है। कॉलेज के छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। इंटर्नशिप से छात्र-छात्राओं का बहुमुखी विकास हो रहा है। व्यवहारिक शिक्षा जीवन में महत्वपूर्ण है। वही प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि इंटर्नशिप



छात्र-छात्राओं के हित में उठाया गया बहुत बड़ा कदम है। फाउंडेशन डिजाइन फॉर चेंज, युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, जलवायु परिवर्तन, सायबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, एनजीओ मैनेजमेंट के विषय पर 30 एवं 60 से लेकर 120 घंटा का इंटर्नशिप कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निणर्य लिया है और सभी छात्र छात्राओं के लिए इसे अनिवार्य कर उन्हें सक्षम बनाया जा रहा है। फाउंडेशन अपने इंटर्न को मेधा के आधार पर देश-विदेश में एक्सपोजर विजिट के लिए भेजता है। मौके पर फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सन्नी कुमार मौजूद रहे।

# बुकिंग के 3 से 4 दिनों के भीतर हो रही रसोई गैस की होम डिलीवरी:मंत्री

## अब तक कुल 25,560 निरीक्षण जिनमें 1662 सिलेंडर जब्त और 114 एफआईआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वैश्विक ऊर्जा संकट के वर्तमान परिदृश्य के बावजूद राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति मांग के अनुरूप सुचारु रूप से की जा रही है। उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग के बाद 3 से 4 दिनों के भीतर घरेलू सिलेंडर की होम डिलीवरी पूर्ववत की जा रही है जिससे एजेंसियों पर भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केवाईसी प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल कर दी गई है जिसे इंडियन ऑयल वन, हेलो बीपीसीएल और एचपी पे



ऐप के माध्यम से घर बैठे किया जा सकता है। ये बातें बुधवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, कालाबाजारी और व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ राज्यभर में व्यापक छापेमारी अभियान चल रहा है। अब तक 25,560 निरीक्षण किए जा चुके हैं जिनमें 1662 सिलेंडर जब्त और 114 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय है।

**करीब एक लाख घरों में पीएनजी सेवा**

मंत्री ने बताया कि राज्य में 99,346 घरों में पीएनजी कनेक्शन चालू है जबकि 55,025 घर कनेक्शन के लिए तैयार है। लगभग 3.39 लाख घरों में इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित हो चुका है। पिछले वर्ष पीएनजी कनेक्शन की गति 3,000S3,500 प्रति माह थी, जो मार्च 2026 में बढ़कर 8,000 प्रति माह हो गई है। 17 जिलों में पाइपलाइन से गैस आपूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में 31 मार्च 2026 तक 36.85 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 36.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद 5,40,474 किसानों से की गई जिस पर 8,807.47 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है। रबी विपणन मौसम 2026-27 में 01 अप्रैल 2026 से सभी जिलों में गेहूं की खरीद शुरू है जबकि मसूर की खरीद 10 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 31 मई 2026 तक चलेगी। प्रेस कांफ्रेंस में खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि शादियों में गैस सिलेंडर की कमी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सभी को समान संख्या में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रवासी मजदूरों को 5 किलो का रसोई गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग के निदेशक-सह-विशेष सचिव, उपभोक्ता संरक्षण निदेशालय विभूति रंजन चौधरी, विशेष सचिव उपेन्द्र कुमार तथा प्रबंध निदेशक बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# प्रवास कार्यक्रम में सहरसा पहुंचे संजय सरावगी, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

## कार्यकर्ताओं के दम पर बनी भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: संजय सरावगी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी आज अपनी प्रवास यात्रा के क्रम में सहरसा पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। सहरसा के बलुआ चौक पहुंचने के बाद भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया और उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी पूजा रिसोर्ट पहुंचे जहां सैकड़ों की संख्या में जुटे जिले भर के कार्यकर्ताओं ने अपने अध्यक्ष का अभूतपूर्व स्वागत किया। अपने अध्यक्ष के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा खास तैयारी की गई थी। कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह उत्साह और समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है जो बिहार को सशक्त और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा देश और समाज के लिए राजनीति करती है। असंख्य समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत आज पार्टी इस मुकाम पर स्थापित हो पाई है। भाजपा कार्यकर्ता और विचारधारा आधारित पार्टी है। पार्टी आज जिस मुकाम पर है, यह करोड़ों कार्यकर्ताओं की तपस्या और मेहनत का परिणाम है। कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समर्पण, सेवा, त्याग और तपस्या भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है और हम सब को इसे बनाए भी रखना है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता केवल चुनाव के लिए कार्य नहीं करते हैं, बल्कि प्रति दिन और 24 घंटे पार्टी की मजबूती और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रवास कार्यक्रम कोई कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता के बीच भरोसे का सेतु बनाने का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर घर-घर पहुंचना है। भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर जनता से संवाद करें और योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि हमारे पास बताने के लिए काफी कुछ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि हमलोग पिछले 20 साल से सुशासन और न्याय के साथ विकास के संकल्प के साथ बिहार को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को एनडीए ने विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है और विकसित बिहार बनाना हमारी प्रतिबद्धता है।

# 'लेन-देन का सच' कविता से मची हलचल

## डॉ. आनंद की रचना ने लोगों को किया आत्मचिंतन पर मजबूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा, वैशाली।** समाज में बढ़ती स्वार्थपरता, आर्थिक असंतुलन और आपसी विश्वास के संकट को लेकर शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा की कविता 'लेन-देन का सच' इन दिनों जनचर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है। अपनी सशक्त और यथार्थपरक अभिव्यक्ति के माध्यम से इस कविता ने समाज की उस सच्चाई को उजागर किया है जिससे हर वर्ग का व्यक्ति स्वयं को जोड़कर देख रहा है।

कविता की प्रमुख पंक्तियां–'पैसा लेता है वो, जो लौटाता नहीं, जो लौटाने वाला है, वो हाथ बढ़ाता नहीं।'

आज के दौर में लेन-देन की



बिगड़ती मानसिकता और जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से सामने लाती हैं।

इसी क्रम में 'चेहरों पर मुस्कान, दिलों में हिसाब है, हर रिश्ते के पीछे अब कोई न कोई जवाब है।' जैसी पंक्तियां आधुनिक समाज में रिश्तों के बदलते स्वरूप और बढ़ती औपचारिकता पर गहरी चोट करती हैं। इस कविता के प्रकाशित होते ही समाज में इसकी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिली। कई ऐसे लोगों ने स्वयं आगे बढ़कर संपर्क किया जिन्होंने पूर्व में लेन-देन से जुड़े मामलों को लंबे समय से टाल रखा था। कुछ लोगों ने फोन कर अपनी स्थिति स्पष्ट की, तो कई ने संदेश के माध्यम से संवाद स्थापित किया। यह प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि यह कविता केवल एक साहित्यिक रचना नहीं, बल्कि समाज के भीतर छिपे सच को उजागर करने वाली सशक्त आवाज है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि आज समाज में लेने और देने के बीच संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुका है। लोग लेने में तो तत्पर हैं, लेकिन देने या जिम्मेदारी निभाने से बचते नजर आते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित कर रही है, बल्कि सामाजिक संबंधों में भी दरार पैदा कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि यदि समाज को मजबूत बनाना है तो प्रत्येक व्यक्ति को ईमानदारी, विश्वास और जिम्मेदारी के मूल्यों को अपनाना होगा। विशेष रूप से युवाओं को आगे आकर सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्य करना चाहिए। यह कविता सोशल मीडिया एवं विभिन्न साहित्यिक मंचों पर तेजी से वायरल हो रही है और विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा इसे 'समाज का सटीक दर्पण' बताया जा रहा है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 6 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया।

# इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने 40 वर्ष पूर्ण होने पर एम्बुलेंस किया समर्पित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने अपने गौरवशाली 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए महावीर वरिष्ठ नागरिक अस्पताल को एक आधुनिक एम्बुलेंस समर्पित की। इस नेक कार्य से अस्पताल की सेवाएं और सशक्त होंगी।

अस्पताल के प्रबंधक डॉ. निखिल गोयल ने क्लब की सदस्याओं को धन्यवाद देते हुए कहा यह एम्बुलेंस क्लब के सदस्यों के सामूहिक सहयोग और समर्पण का प्रतीक है। हम इस योगदान के लिए हृदय से आभारी हैं। कार्यक्रम में एम.पी.



जैन ने बताया कि इनरह्वील डिस्ट्रिक्ट 325 की चेयरमैन रश्मि गुप्ता, पीडीसी श्वेता सिन्हा, डिस्ट आईएसओ विभा चरणपहाड़ी, डिस्ट एडिटर नीलू अरोड़ा, क्लब की प्रेसिडेंट शीतू गांधी, सेक्रेटरी नीलांजना, वाईस प्रेसिडेंट अपर्णा भारती, आईएसओ सुधा बिदेसरिया, एडिटर रेखा सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एम्बुलेंस समर्पण के बाद क्लब द्वारा 40वें चार्टर डे के उपलक्ष्य में एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेनबो होम्स अनाथालय की बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

# बापू सभागार में 13 को अंबेडकर समग्र शिक्षा समागम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व बड़े स्तर पर अंबेडकर समग्र शिक्षा समागम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 13 अप्रैल को पटना स्थित बापू सभागार में होगा। एससी-एसटी कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने बुधवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। यह कार्यक्रम डॉ. अंबेडकर की शिक्षा संबंधी विचारधारा को आगे बढ़ाने और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सहित अन्य विभागीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न अंबेडकर छात्रावासों के छात्र भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मंत्री रौशन ने मौके पर गायघाट स्थित अंबेडकर आवासीय विद्यालय की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि इस वर्ष इंटर परीक्षा में विद्यालय की 123 बालिकाओं ने भाग लिया और सभी ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। यह उपलब्धि विभाग के लिए गर्व की बात है। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयासरत है ताकि कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे।

# आइसीआइसीआइ प्रू जीपीपी फ्लेक्सी के साथ जीवनभर की निश्चित आय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** यूएनडीपी की 2025 मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत में लोगों की जीवन प्रत्याशा 1990 में 58.6 साल से बढ़कर 2023 में 72 साल हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार के 'भारत में बुजुर्गों' के डेटा से पता चलता है कि वर्ष 2036 तक हर सात में से एक भारतीय व्यक्ति की उम्र 60 साल या उससे ज्यादा होगी। ये आंकड़ें भारत में बेहतर होती स्वास्थ्य सेवाओं का संकेत देते हैं, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ आने वाली चुनौतियों के बारे में भी हर व्यक्ति को जागरूक रहना जरूरी है। जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ रही है, उन्हें अपने रिटायरमेंट के दौरान बढ़ते खर्च और तेजी से बढ़ती मेडिकल महंगाई का सामना करना पड़ेगा। इस चुनौती को समझते हुए और रिटायरमेंट प्लानिंग को आसान बनाने के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी तैयार किया है जो ग्राहकों को अपने रिटायरमेंट की प्लानिंग अच्छे से करने में मदद करता है। इस प्लान में व्यक्ति धीरे-धीरे पैसा जमा करके अपनी जरूरत के अनुसार एक अच्छी बचत बना सकते हैं। इसके बाद आपको जीवनभर के लिए निश्चित (गारंटीड) नियमित आय मिलती है जो रिटायरमेंट में सबसे जरूरी होती है। इसकी खास बात यह है कि आपको मिलने वाली आय की दर (इंटरेस्ट रेट) प्लान लेते समय ही तय हो जाती है, इसलिए बाद में बाजार के उतार-चढ़ाव का इस पर कोई असर नहीं पड़ता। प्लान के बारे में बताते हुए विकास गुप्ता, चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, 'रिटायरमेंट प्लानिंग की सबसे बड़ी जरूरत होती है जीवनभर के लिए निश्चित आय। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी इसी जरूरत को पूरा करने के लिए एक आसान और लचीले तरीके से बनाया गया है।'

# एआई युग में तकनीक से जुड़ेगी बिहार की शिक्षा : मंत्री

## शिक्षा विभाग और एक्स्ट्रा-सी के बीच हुआ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि डिजिटल युग और कृत्रिम मेधा (एआई) के इस दौर में शिक्षा को तकनीक से जोड़ना अनिवार्य है। एक्स्ट्रा-सी जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और इनके माध्यम से प्रौद्योगिकी एवं अध्ययन के बीच एक स्वस्थ संतुलन स्थापित किया जा सकता है। शिक्षा मंत्री बुधवार को विभाग के मदन मोहन सभागार में आयोजित विशेष समझौता ज्ञापन



हस्ताक्षर समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व शिक्षा विभाग और शैक्षणिक नवाचार क्षेत्र में कार्यरत संस्था एक्स्ट्रा-सी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। शिक्षा मंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि इस एमओयू के सुचारु क्रियान्वयन हेतु विभाग की ओर से एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 7 लाख 60 हजार से अधिक विद्यालय हैं और विभाग बालिका शिक्षा पर विशेष बल देते हुए इस पहल में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। इस पहल के अंतर्गत बिहार के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक मुख्य रूप से लाभार्थी होंगे। शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वे क्रॉसवर्ड आधारित शिक्षण पद्धति को प्रभावी रूप से कक्षा-शिक्षण में समाहित कर सकें। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के समग्र बौद्धिक एवं शैक्षणिक विकास में उल्लेखनीय योगदान करेगी। अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन बिहार के विद्यालयी बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। उन्होंने इस पहल को राज्य की शिक्षा व्यवस्था में नवाचार की दिशा में एक सार्थक कदम बताया। एक्स्ट्रा-सी के प्रमुख अमिताभ रंजन ने बताया कि संस्था द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर क्रॉसवर्ड आधारित शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को क्रॉसवर्ड को एक प्रभावी लर्निंग टूल के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह संस्था सीबीएसई और एआईसीटीई जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के सहयोग से विद्यार्थियों की शब्दावली, तार्किक क्षमता एवं समस्या-समाधान कौशल को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। प्राथमिक शिक्षा के निदेशक श्री विक्रम विरकर ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए शिक्षा विभाग में हो रहे नवाचारों के प्रति शिक्षा मंत्री तथा अपर मुख्य सचिव के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन की सराहना की।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने वित्त वर्ष में 63.69 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मार्च 2026 में कुल 549145 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की जो मार्च 2025 के मुकाबले 29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाती है। इस अवधि में 512303 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 36842 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। मार्च के इस प्रदर्शन ने एचएमएसआई को वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल 2025-मार्च 2026) को मजबूत स्तर पर समाप्त करने में मदद की। कंपनी ने कुल 6369504 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की जिसमें 5749275 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 620229 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की तुलना में वित्त वर्ष 2026 में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो ग्राहकों की लगातार मांग, बेहतर होते बाजार माहौल और प्रमुख सेगमेंट्स में अपनी मौजूदगी मजबूत करने पर एचएमएसआई के निरंतर फोकस को दर्शाता है। यह वर्ष घरेलू और निर्यात बाजारों में संतुलित प्रदर्शन का गवाह रहा जिसे मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और गुणवत्ता, विश्वसनीयता तथा ग्राहक संतुष्टि पर निरंतर फोकस का समर्थन मिला।

# जलापूर्ति में बाधा उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई करने का डीएम ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बुधवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नल-जल योजना की कार्यक्षमता, चापाकल मरम्मत एवं अनुरक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अभियंता, जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी प्रखंडों के बीपीआरओ उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में पेयजल आपूर्ति की स्थिति का आकलन कर उसे और अधिक प्रभावी बनाना था, विशेषकर आगामी ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि नल-जल योजना का संचालन हर हाल में सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी या जल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होने पर उसका त्वरित निष्पादन किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही सभी चापाकलों को चालू स्थिति में रखने का सख्त निर्देश दिया गया। चापाकल मरम्मत कार्यों की पारदर्शिता एवं निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जियो-टैग फोटो उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पीएचईडी के कनीय अभियंताओं एवं बीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि जहां-जहां चापाकल एवं नल-जल योजना में खराबी पाई गई है, वहां प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण कर उसे पुनः चालू किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से चेनारी, नौहट्टा एवं तिलौथू के पहाड़ी क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था पर अतिरिक्त निगरानी रखने का निर्देश दिया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से फील्ड विजिट कर चापाकलों की कार्यशीलता एवं नल-जल योजना की स्थिति की भौतिक जांच करें तथा उसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर समर्पित करें। इसके अतिरिक्त प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर चापाकल एवं नल-जल योजना की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने का भी निर्देश दिया गया। आवश्यकता पड़ने पर मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त मानव बल की व्यवस्था करने की बात भी कही गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नल-जल योजना एवं चापाकल मरम्मत से संबंधित मामलों की समीक्षा हेतु प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही नल-जल एवं चापाकलों से संबंधित शिकायत टॉल फ्री नंबर 18001231121 पर कर सकते हैं। अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# नाबालिग लड़की की अवैध शादी का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की अवैध शादी का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शिव मैरेज हॉल, आरा रोड बिक्रमगंज में छापामारी कर लड़का पक्ष और लड़की पक्ष के लोगों को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रोहतास से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पूछताछ में यह बात सामने आई कि बिचौलिया के माध्यम से पैसे का प्रलोभन देकर शादी कराने की योजना थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लड़की पक्ष को थाने भेज दिया और बिचौलिया एवं लड़का पक्ष से रुपये, श्रृंगार, जेवरात सहित अन्य सामान बरामद किया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बिचौलिया के माध्यम से अवैध रूप से शादी कराने का कार्य होने वाला था। इस मामले में समुन्द्रा देवी पति-सुमन चौधरी सा.-चकिया टोला थाना-धनसोई जिला-बक्सर के आवेदन के आधार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई। बरामदगी में नगद कुल रुपये 1,20,000 (एक लाख बीस हजार रुपये), कंगन उजला रंग का -06, बिछिया पीला रंग का -02, टॉपस पीला रंग का-01, नथिया एवं मंगलसूत्र पीला रंग का एक-एक, श्रृंगार का सामान और एक एंड्रॉयड मोबाइल शामिल हैं जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें अनुज कुमार उम्र-30 वर्ष पे.-जवाहिर राम सा.-गच्छई थाना-काराकाट जिला-रोहतास, राकेश कुमार सिंह उम्र-34 वर्ष पे.स्व. हरिनंदन सिंह चितरंजन पासवान उम्र-32 वर्ष पे0-सुकर राम दोनों सा0-गच्छई थाना-काराकाट जिला-रोहतास, कमल चौहान उम्र-25 वर्ष पे0-शंकर लाल चौहान शंकर लाल उम्र-55 वर्ष पे0स्व0-नसिंग चौहान बेरू लाल उम्र-50 वर्ष पे. स्व.-नागजी, तीनों सा.-पेलाद्री थाना-बड़ाबदा जगदीश मालवी उम्र-40 वर्ष पे.-कनीरामजी सा.-मंडला, थाना-रंगनौत, चारों जिला-रतलाम राज्य मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास का पता किया जा रहा है और आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई से अवैध शादी और मानव तस्करी जैसे मामलों पर रोक लगाने के प्रयासों को बल मिला है।

# महिलाओं और किशोरियों के सर्वांगीण विकास हेतु बिक्रमगंज में सखी वार्ता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक सुरक्षा हेतु बुधवार को सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन बिक्रमगंज प्रखंड के साभागार में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाना था। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को जड़ से मिटाने पर जोर दिया। उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह बेटियों के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है। जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना और अन्य आर्थिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित '181 महिला हेल्पलाइन' के बारे में बताया गया, ताकि किसी भी संकट की स्थिति में महिलाएं तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। किशोरियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित किया गया। तस्वीर में देखा जा सकता है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं और किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ द्वारा किया गया जिन्होंने इंटरैक्टिव सत्र के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु सुझाव दिए। जिला प्रशासन रोहतास और महिला एवं बाल विकास निगम का लक्ष्य है कि जिले की हर महिला सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर बने। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से सामाजिक बदलाव की नींव रखी जा रही है।

# धार्मिक न्यास बोर्ड में भलुनी धाम मंदिर को किया गया शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा क्षेत्र में स्थित विख्यात मां भलूनी भवानी मंदिर को बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड में शामिल किए जाने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिली है। बताया जाता है कि दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह के प्रयासों से संभव हुआ है। बाद में मंदिर के समग्र विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं सुधार की उम्मीद जगी है। आलोक कुमार सिंह ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन से मुलाकात कर मंदिर के लंबित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की और एक लिखित पत्र सौंपा जिसमें मंदिर के समुचित विकास, व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने का आग्रह किया गया था। इस पहल के परिणामस्वरूप मंदिर को धार्मिक न्यास बोर्ड में जोड़ दिया गया है जिससे प्रशासनिक और विकासात्मक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। प्रस्तावित योजनाओं में मंदिर परिसर में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, साफ-सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना शामिल हैं। इस निर्णय से न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल पर खुशी व्यक्त की है और इसे अपने क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना है। आलोक कुमार सिंह पहले से ही भलूनी भवानी धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं। उनका मानना है कि इस मंदिर के विकास से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय संस्कृति को भी प्रचार मिलेगा। इस निर्णय से दीनारा क्षेत्र के निवासियों में उत्साह है और वे मंदिर के विकास के लिए आगे भी सहयोग करने को तैयार हैं। धार्मिक न्यास बोर्ड के इस कदम से मंदिर की व्यवस्थाओं में सुधार होगा और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेगी जिससे उनकी धार्मिक यात्रा और भी सुखद बनेगी। आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में यह पहल न केवल एक धार्मिक स्थल के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे दीनारा क्षेत्र को एक नई पहचान मिलेगी और पर्यटन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। इस प्रकार मां भलूनी भवानी मंदिर का बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड में शामिल होना क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा जिससे स्थानीय समुदाय को लाभ होगा और श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान होगा।

# राजद कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठन मजबूती और रणनीति पर हुआ मंथन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के डिहरी विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी ने की। बैठक में डिहरी विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में पार्टी की पकड़ बढ़ाने, बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और जनसंपर्क अभियान तेज करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अकोढ़ीगोला बेसलाल सिंह, जिला महासचिव हरे राम सिंह, कपिल देव सिंह, नंद किशोर सिंह, सूर्यवंश प्रसाद, मुन्ना चन्द्रवंशी, चन्दन कुमार, अजित यादव, सूर्यनाथ पाल, सुनील कुमार शर्मा, भानू प्रताप, बबन सिंह, विजय यादव, फकरुद्दीन अंसारी, धनजी सिंह सहित डिहरी एवं अकोढ़ीगोला प्रखंड के अनेक राजद नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया।

# युवक ने खाया जहर, मौत के बाद पत्नी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में पारिवारिक विवाद से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है जहां पत्नी की कथित प्रताड़ना से तंग आकर एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार रघुनाथपुर गांव निवासी राकेश चौधरी ने मंगलवार को जहर खा लिया। परिजनों द्वारा उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नोखा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई राजकुमार चौधरी द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि राकेश की पत्नी किसी अन्य लोगों के प्रभाव में आकर उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। आवेदन में पत्नी के साथ-साथ गांव के कुछ अन्य लोगों को भी नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतक के भाई के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अपर थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और प्रारंभिक जांच के आधार पर मृतक की पत्नी को गिरफ्तार बुधवार को कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और नामजद अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और लोग पारिवारिक विवाद के इस दुखद परिणाम से स्तब्ध हैं।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** रामगढ़-नुआंव मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में घायल युवक की वाराणसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवक को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेजा गया जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार यह सड़क हादसा रोहिया गेट से लगभग 100 मीटर आगे सूरजपुरा और रोहिया के बीच हुआ था। एक अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मुखिया प्रदीप कुमार सिंह ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल को रामगढ़ रेफरल अस्पताल पहुंचाया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

(Two Envelope System

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - 04/ 2025-26 (2ND Call)

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 3. | 03 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अन्तर्गत ग्राम रतनाग में गिरजा चौधरी के घर से शिव पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4126300.00 | 83000 | 5000 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **13.04.2026** (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **13.04.2026 ( अपराह्न 5:00 PM से** दिनांक **22.04.2026** को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास **विशेष** प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय – **24.04.2026** अपराह्न 3:00 PM बजे।
6. वित्तीय बिड खोलेन की तिथि – **पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।**
7. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास **विशेष** प्रमंडल, पलामू।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 376972 Rural Development(26-27)#D


# खड़ी ट्रक से टकराई बाइक, भाई की मौत, बहन घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मकराइन गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मकराइन निवासी रेलकर्मी प्रदीप चौधरी के 26 वर्षीय पुत्र सुमन कुमार अपनी बहन शालिनी कुमारी के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जवाहर लाल नेहरू कॉलेज के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रक में उनकी बाइक पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान शाम में सुमन कुमार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुमन ने हेलमेट नहीं पहना था जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। घायल शालिनी कुमारी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। सुमन दो भाइयों में सबसे छोटा था जबकि उसका बड़ा भाई सुमित कुमार बिहार पुलिस में चालक के पद पर कार्यरत है। दोनों भाई-बहन अविवाहित थे और सासाराम के सागर मोहल्ला स्थित अपने ननिहाल से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

# एसपी के जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में आमजन की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित जनता दरबार में उस समय भारी भीड़ उमड़ पड़ी जब पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने स्वयं लोगों की फरियाद सुनी। पुलिस कार्यालय डिहरी में आयोजित इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जनता दरबार के दौरान एसपी रौशन कुमार ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को न्याय मिल सके। फरियादियों द्वारा प्रस्तुत मामलों में अधिकांश भूमि विवाद और पुराने मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। एसपी ने इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश देते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। इस पहल से आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है। लोगों ने भी उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द ही होगा और उन्हें न्याय मिलेगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**द्वतीय शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **DWSD/MED/RRP/10/2025-26 (1st Call) (32mm** व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य) का प्रथम शुद्धि पत्र PR No. 376320 (Drinking Water and Sanitation) 25-26*D द्वारा प्रकाशित है। पुनः अपरिहार्य कारणों से निविदा की प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि, परिमाण विपत्र का मूल्य एवं तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

**संशोधित**

| ग्रुप सं0 | नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MED RRP-1 | 128 Nos. | 18,65,933.00 | 38,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-2 | 117 Nos. | 17,07,400.00 | 35,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-3 | 127 Nos. | 18,52,336.00 | 38,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-4 | 75 Nos. | 10,94,487.00 | 22,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-5 | 116 Nos. | 16,90,815.00 | 34,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-6 | 105 Nos. | 15,32,282.00 | 31,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-7 | 69 Nos. | 10,06,928.00 | 21,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-8 | 103 Nos. | 15,02,100.00 | 31,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-9 | 74 Nos. | 10,77,902.00 | 22,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-10 | 71 Nos. | 10,34,122.00 | 21,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-11 | 60 Nos. | 8,72,602.00 | 18,000.00 | 1250.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-12 | 91 Nos. | 13,26,982.00 | 27,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | **13.04.2026 / 02.30** बजे अपराह्न में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | **21.04.2026 / 5.00** बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | **21.04.2026 / 5.00** बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **22.04.2026 / 05.00** बजे अपराह्न में। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 7 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9973742366 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR.NO.376999 Drinking Water and Sanitation(26-27):D


# अनजबित सिंह महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** विक्रमगंज के अनजबित सिंह महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय था 'नीतीश युगः उपलब्धियां, विफलताएं और सबक''। इस सेमिनार में राजनीति विज्ञान विभाग ने बिहार की 20 वर्षों की राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की। सेमिनार का उद्देश्य नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की राजनीतिक यात्रा का विश्लेषण करना था जिसमें उनकी उपलब्धियों और विफलताओं पर प्रकाश डाला गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश राम ने की और मुख्य वक्ता डॉ अखलाख अहमद ने 42 स्लाइड के माध्यम से अपनी बात रखी। डॉ अखलाख अहमद ने अपने भाषण में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की राजनीतिक यात्रा का विस्तृत विश्लेषण किया जिसमें उन्होंने उपलब्धियों और विफलताओं दोनों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे नीतीश कुमार ने बिहार को विकास की राह पर आगे बढ़ाया और कैसे उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण काम किया।

# जीविका दीदी द्वारा तैयार कपड़ों को आंगनबाड़ी बच्चों के बीच किया वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए नई पोशाक वितरण की शुरुआत बुधवार को की गई। जीविका द्वारा तैयार किए गए इन पोशाकों का वितरण हरनाचिति आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ संगीता कुमारी ने बच्चों को दो-दो सेट पोशाक वितरित किए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाना और उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना है। इस मौके पर पर्यवेक्षिका कंचन कुमारी, सेविका प्रियंका वर्मा सहित स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैर संचारी रोग, टीबी उन्मूलन, टीकाकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन, संस्थागत प्रसव, डायरिया नियंत्रण सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि सभी प्रखंडों के 755 स्कूलों में से 313 स्कूलों का माइक्रोप्लान तैयार किया जा चुका है। इसके अंतर्गत प्रथम खुराक के रूप में 13,821 एवं द्वितीय खुराक के रूप में 1,785 का टीकाकरण पूर्ण किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर गांवों एवं नगर क्षेत्रों में वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक करें तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा आने वाले प्रत्येक मरीज की समुचित जांच एवं उपचार किया जाए। मरीजों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, इसके लिए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने तथा भव्या ऐप का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मरीजों को दी जा रही दवाओं की नियमित प्रविष्टि भी सुनिश्चित करने को कहा गया। भीषण गर्मी को देखते हुए सिविल सर्जन को हीट वेव एवं एइएस/जेइ से संबंधित वार्डों को चिन्हित कर आवश्यक तैयारी पूर्ण रखने का निर्देश दिया गया। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। इस दौरान एफपीएलएमआइएस एवं एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की प्रगति का आकलन किया गया। सभी स्वास्थ्य संस्थानों एवं आशा कार्यकर्ताओं को एफपीएलएमआइएस पोर्टल पर सक्रिय रखते हुए परिवार नियोजन सेवाओं के विस्तार पर विशेष बल देने का निर्देश दिया गया। साथ ही, एफडीएस प्लान के तहत नसबंदी सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं डीक्यूएसी बैठक आयोजित कर नव-नियुक्त सर्जनों के पैनलमेंट की प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा गया। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयरन सिरप एवं आइएफए टैबलेट्स के वितरण, मासिक प्रतिवेदन एवं समय पर इंडेंट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के 19 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा चुकी हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन नवादा , अस्पताल उपाधीक्षक, संचारी रोग पदाधिकारी, डीपीएम स्वास्थ्य, डीआईओ सहित सभी एमओआईसी, बीएचएम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जनगणना 2027 को लेकर हरनौत में बैठक, 16 अप्रैल से प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में बुधवार को प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह चार्ज पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने की। बैठक में बीडीओ ने जनगणना कार्य को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से चलाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों और कर्मियों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया, ताकि कार्य समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से पूरा हो सके। उन्होंने नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) कोषांग को विशेष रूप से मजबूत बनाने की बात कही और कहा कि इसके बेहतर संचालन से अन्य सभी कोषांगों का कार्य भी सुचारू रूप से चलेगा। बैठक में कार्मिक कोषांग के ब्रज किशोर चरण, प्रशिक्षण कोषांग की पूजा कुमारी और आईटी कोषांग की चांदनी रस्तोगी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सभी कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# साइबर ठगी में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार, पांच मोबाइल बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के हवाले से बताया गया कि साइबर थाना नवादा में दर्ज कांड संख्या 37/26, दिनांक 07 अप्रैल 2026 के तहत कार्रवाई करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं 303(2), 316(2), 318(4), 319(2) एवं 338 बीएनएसएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी ने बताया कि गठित एसआईटी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 अप्रैल 2026 को प्रतिबिंब पोर्टल पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बलवापर में छापेमारी की। इस दौरान दो शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गौतम कुमार (उम्र 22 वर्ष) एवं दीपक कुमार (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है, जो वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के निवासी हैं। एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने अपराध का तरीका भी स्वीकार किया है। ये लोग कूरियर कंपनी के नाम पर फर्जी कॉल कर लोगों को झांसा देते थे और उनके मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर व्हाट्सएप हैक कर लेते थे। इसके बाद परिजनों को आपातकालीन स्थिति का हवाला देकर पैसों की मांग की जाती थी। इस तरह ये गिरोह लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पांच स्मार्ट मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं, जिनका उपयोग साइबर अपराध में किया जा रहा था। एसपी ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस अभियान में साइबर थाना नवादा की एसआईटी टीम के कई अधिकारियों एवं जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में साइबर अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं ।

## राजगीर में बुलडोजर चलाकर मेला मैदान को कराया अतिक्रमण मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** राजगीर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मलमास मेला क्षेत्र मैदान में बुधवार को नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशासन की टीम ने अवैध रूप से लगी दुकानों, झुग्गी-झोपड़ियों और गुमटियों को हटाया। अभियान के तहत बुलडोजर की मदद से अस्थायी ढांचों को तोड़कर जमीन खाली कराई गई। साथ ही सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और जाम की समस्या से राहत मिले। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगामी मेलों और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है, जिससे मेला क्षेत्र को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाया जा सके। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि सरकारी जमीन पर किए गए सभी अतिक्रमण को हटाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है तथा सभी उपभोक्ताओं को नियमित एवं सुचारू रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडर आपूर्ति की सतत निगरानी की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 12,573 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इनमें एचपीसीएल के 2,832, बीपीसीएल के 6,737 एवं आईओसीएल के 3,004 गैस सिलेंडर शामिल हैं। उपलब्ध स्टॉक वर्तमान मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त है। साथ ही, उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है।

शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष निरंतर कार्यरत है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर प्राप्त कुल 290 शिकायतों में से 244 का समाधान किया जा चुका है तथा शेष शिकायतों का निष्पादन शीघ्र किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी प्रखंडों में विशेष छापामारी दल गठित किए गए हैं। इन दलों द्वारा नियमित रूप से गैस एजेंसियों के गोदामों एवं वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज भी जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

जिला प्रशासन ने आमजन को आश्वस्त किया है कि जिले में गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर्याप्त है एवं आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों से दूर रहें, आवश्यकता अनुसार ही गैस सिलेंडर बुकिंग करें तथा संयम बनाए रखें।

# बंद मकान से पांच लाख की संपत्ति चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र के नियामतपुर मोहल्ला में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। चोरों ने टुनटुन बिंद की पत्नी सोनवंती देवी के घर को निशाना बनाया। पीड़िता ने बताया कि उनके पति और पुत्र दिल्ली में रहकर कमाते हैं और वह घर में अकेली रहती हैं। 20 मार्च को वह घर में ताला लगाकर अपनी बेटी के ससुराल पाकड़ गांव चली गई थीं और घर की देखभाल की जिम्मेदारी अपनी गोतनी सुनीता देवी को दी थी। बुधवार सुबह सुनीता देवी ने सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। इसके बाद पीड़िता अपने दामाद के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे पर नया ताला लगा था, जबकि अंदर कमरे और पेटी का ताला टूटा हुआ था। जांच के दौरान पता चला कि चोर करीब 50 हजार रुपये नकद और सोना-चांदी के जेवरात समेत लगभग 5 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई राजेश कुमार सिंह और एएसआई राम प्रताप ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़िता से पूछताछ की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# रोजगार कैम्प का आयोजन, 60 पदों पर भर्ती का अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 11 अप्रैल 2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0), नवादा के प्रांगण में रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार कैम्प में एक्सप्रेस इंटरप्राइजेज, महाराष्ट्र द्वारा मशीन ऑपरेटर, पी0सी0बी0 ऑपरेटर एवं पी0सी0बी0 इलेक्ट्रॉनिक के कुल 60 रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं/12वीं/आई0टी0आई0/डिप्लोमा निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 20,000 से 22,000 (सीटीसी) तक वेतन के साथ ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0सी0 की सुविधा प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। कार्यस्थल चाकन (पुणे), महाराष्ट्र रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति, आधार कार्ड, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ निर्धारित तिथि को कैम्प स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक किया जाएगा। यह भी बताया गया कि केवल वही अभ्यर्थी रोजगार कैम्प में भाग ले सकेंगे जो एन0सी0एस0 (नेशनल कैरियर सर्विस) पोर्टल पर निबंधित हैं। जो अभ्यर्थी अभी तक निबंधित नहीं हैं, वे अपना निबंधन स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में कराकर इस कैम्प में भाग ले सकते हैं। नियोजन पूर्णतः निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा किया जाएगा तथा नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में रहेगा।

## रास्ता हटाने का लोगों ने किया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर दियारा स्थित दीपनगर गंगा घाट के पास आज जिला प्रशासन गंगा नदी में अवैध रूप से बनाए गए रास्ते को हटाने पहुंची। प्रशासन की इस कार्रवाई के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई और माहौल काफी गरमा गया। ग्रामीण शिव मंडल ने बताया कि रास्ता उनके लिए महज एक मार्ग नहीं, बल्कि जीवनरेखा के समान है।

# मेधावी छात्र आनंद को विधायक ने किया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नागरनौसा (नालंदा)।** विधायक हरि नारायण सिंह ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में राज्य में नवम तथा जिला में प्रथम स्थान पाने वाले रामपुर उच्च विद्यालय के छात्र आनंद कुमार को प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। अच्छे अंक प्राप्त करने वाले अन्य छात्र छात्राएं भी सम्मानित हुईं। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह एवं मंच संचालन संगीत शिक्षा राकेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई। समारोह को जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने भी संबोधित किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ-साथ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, रामपुर पंचायत के मुखिया शिवकुमार उर्फ डेगन यादव तथा अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थित रही। अतिथियों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरियावां के प्रधानाध्यापक डा. विजय कुमार उपस्थित थे। जद(यू) के प्रखंड अध्यक्ष सतीश चंद्र, रामपुर पैक्स अध्यक्ष सुबोध कुमार सहित अन्य कई उपस्थित हुए। छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत की।

# सखी वार्ता के माध्यम से महिला उत्पीड़न व बाल विवाह के प्रति जागरूकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** जीवन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, बड़ी तालाब गेट के सामने, प्रखंड–पकरीबरावां, जिला–नवादा में महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार के अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत संचालित जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन एवं वन स्टॉप सेंटर के सौजन्य से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के अंतर्गत 'सखी वार्ता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन–181, चाइल्ड हेल्पलाइन–1098, राष्ट्रीय साइबर क्राइम शिकायत–1930, लैंगिक भेदभाव, अक्षय तृतीया में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम, दहेज प्रथा, पोक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। बैठक की शुरुआत लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित लोगों को घरेलू हिंसा एवं महिला उत्पीड़न के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी महिला के विरुद्ध उसकी इच्छा के बिना किया गया शारीरिक, यौन, मानसिक अथवा आर्थिक दुर्व्यवहार, जिससे उसकी गरिमा को ठेस पहुंचती है, उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। उन्होंने उत्पीड़न के प्रकार—शारीरिक, यौन, मानसिक/मनोवैज्ञानिक, आर्थिक एवं साइबर उत्पीड़न—पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही इसके प्रमुख कारणों में पितृसत्तात्मक मानसिकता, लैंगिक असमानता, आर्थिक निर्भरता, अशिक्षा एवं दहेज प्रथा को बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की शिकायत वन स्टॉप सेंटर या महिला हेल्पलाइन–181 पर की जा सकती है।

# नीमाटांड़ विद्यालय में छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के रजौली पूर्वी पंचायत के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीमाटांड़ में वर्ग 8 के सभी छात्र-छात्राओं को भव्य स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम एसएलसी (स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट) के उपलक्ष्य में रखा गया,जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। वहीं मंच का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद ने की। इस दौरान सभी शिक्षक व शिक्षिका ने सम्मान सह विदाई कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ग 8 से नौवीं कक्षा में जाने वाले सभी छात्र-छात्राओं के भविष्य की शुभकामनाएं एवं अवसर की उपलब्धताओं व भविष्य संवारने की सारी प्रक्रियाओं को सुक्ष्म तरीके से सभी छात्राओं के बीच में साझा किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मंच से ऐलान किया कि वर्ग 8 से ऊपर जाने वाले सभी छात्र-छात्राएं, जिन्हें अध्ययन के क्रम में आर्थिक, सामाजिक या शैक्षणिक स्तर से किसी तरह की भी असुविधा होती है,तो वे निःसंकोच विद्यालय प्रधानाध्यापक से संपर्क करें। जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद हर संभव उनके जीवन को संवारने के लिए किया जाएगा। विद्यालय की पूर्व छात्रा कंचन कुमारी (प्रधानमंत्री) बाल संसद के द्वारा सभी शिक्षक व शिक्षिका को पुष्पगुच्छा एवं सम्मान में शॉल व कलम दिया गया। साथ ही सहकर्मी रसोईया तारा देवी ,सुलेखा देवी, और रूबी देवी को उपहार देकर करके सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया।

# राष्ट्रीय विद्यालय रग्बी में बिहार का जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** भुवनेश्वर में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर-17 बालक एवं बालिका) में बिहार की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। बालक वर्ग में बिहार टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए चैंपियन बनकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं बालिका टीम ने फाइनल तक का सफर तय कर उपविजेता बनकर रजत पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में नवादा जिले के खिलाड़ियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण रहा। बालक वर्ग में पवन कुमार, इंद्रजीत कुमार और आदित्य कुमार के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बिहार टीम ने खिताब जीता। वहीं बालिका वर्ग में नवादा की चाहत कुमारी और शिखा कुमारी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा सभी पदक विजेता खिलाड़ियों के राज्य लौटने पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किए जाने की तैयारी है। नवादा जिला रग्बी संघ के सचिव विक्रम कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि रग्बी फुटबॉल में बिहार लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और यह राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि नवादा जिले के खिलाड़ी मिर्जापुर स्थित श्री कृष्णा प्रसाद खेल स्टेडियम में कड़ी मेहनत करते हैं, जिसका परिणाम आज राष्ट्रीय स्तर पर दिख रहा है। शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि रग्बी खेल बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक पदक दिलाने वाले खेलों में शामिल हो चुका है।

## बक्सर में 13 अप्रैल को जॉब कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जिले में बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तहत जिला नियोजनालय द्वारा 13 अप्रैल 2026 (सोमवार) को एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप जिला नियोजनालय परिसर में होगा, जिसमें विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा। जानकारी के अनुसार, AB India Services Pvt. Ltd. 200 से अधिक पदों पर नियुक्तियां करेगी। इनमें डाटा एंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर, मोबिलाइजर, प्रोजेक्ट ट्रेनर, साइट सुपरवाइजर, टेली सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड सेल्स इंजीनियर, पंचायत कोऑर्डिनेटर, फिटर, वेल्डर, बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर, ऐप ऑनबोर्डिंग एग्जीक्यूटिव, मोबाइल/टीवी सर्वेयर, कंप्यूटर ऑपरेटर और हेल्पर जैसे पद शामिल हैं।

# 500 महादलितों के घरों के लिए नहीं है कोई रास्ता,जीना हुआ दूभर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के वार्ड संख्या 12 स्थित सतगिर गांव के रविदास टोला में रास्ते की समस्या से 60 घरों के लगभग 500 लोगों का जीना दूभर हो गया है। आधुनिक युग में भी महादलितों के घर तक मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा नहीं जा पा रहा है। रास्ते के अभाव में लोगों की आम जिंदगी तो प्रभावित हो ही रही है,साथ ही इमरजेंसी सेवाओं में लोगों को खून के आंसू रोने पड़ते हैं। महादलित टोले के छोटे बच्चे बारिश के दिनों में स्कूल तक जाना छोड़ देते हैं,जबकि बड़े बच्चे 500 मीटर के रास्ते में रहे कीचड़ से होकर आवागमन करने को मजबूर हैं। बीते कई वर्षों से यहां के लोग जानकारी के अभाव में घुट-घुट कर जीने को मजबूर हैं। रविदास टोला के ग्रामीणों द्वारा मुखिया प्रतिनिधि मुकेश यादव के पास समस्या रखी गई,किंतु उनके द्वारा व्यापक समाधान अबतक नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के कुछ दबंग लोग नहीं चाहते हैं कि हमारा विकास हो और वे रास्ते को लेकर जगह नहीं देना चाहते हैं। इस कारण गांव में हमेशा तनाव बना रहता है। ग्रामीणों ने रास्ते की समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाने की बात कही है।

**रास्ते के लिए दो खेमें में बंटे हैं लोग**

रविदास टोला में रास्ते निर्माण को लेकर गांव के लोग दो खेमों में बंटे हुए हैं। एक तरफ गांव के ही कारू प्रसाद,अशोक प्रसाद, उमेश प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद और उपेंद्र प्रसाद रास्ते के लिए जमीन देने को तैयार हैं,तो दूसरी तरफ भुवनेश्नर प्रसाद, बालो प्रसाद, रामोतार प्रसाद, सकलदीप प्रसाद, उमेश प्रसाद, रामस्वरूप प्रसाद, मनी प्रसाद एवं रंजीत कुमार यादव रास्ते निर्माण में बाधक बने हुए हैं।

# प्रयोगधर्मी और समाजसेवी है राजनीति विज्ञान

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से मतदाता व्यवहार विश्लेषण उपकरण को मिला भारत सरकार का पेटेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** राजनीति विज्ञान को प्रायः एक ऐसा विषय माना जाता रहा है जो केवल पुस्तकों, सिद्धांतों और विचारधाराओं तक सीमित है। लेकिन हाल के एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम ने इस धारणा को चुनौती दी है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पोस्टडॉक्टोरल फेलो डॉ. अभिषेक वर्मा को भारत सरकार द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित वोटर बिहेवियर एनालिसिस डिवाइस के लिए पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न केवल डॉ. वर्मा की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि यह



राजनीति विज्ञान की व्यावहारिक उपयोगिता का भी सशक्त प्रमाण है। डॉ. अभिषेक वर्मा द्वारा विकसित यह उपकरण राजनीति विज्ञान, डेटा विश्लेषण और एआई तकनीक का एक अभिनव संगम है। इसका उद्देश्य मतदाताओं के व्यवहार, निर्णय प्रक्रिया और रुझानों का वैज्ञानिक विश्लेषण करना है। इस तरह का विश्लेषण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और प्रभावी बनाने में सहायक हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि पारंपरिक राजनीति विज्ञान जहां विचारधाराओं, संस्थाओं और राजनीतिक दर्शन पर केंद्रित रहा है वहीं आज का दौर तकनीक, समर्थित राजनीति विज्ञान का है। एआई आधारित यह उपकरण चुनावी प्रक्रियाओं, जनमत अध्ययन, नीति निर्माण और सार्वजनिक प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि राजनीति विज्ञान केवल चुनाव या सत्ता की चर्चा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज की जमीनी वास्तविकताओं को समझने और सुधारने का एक व्यावहारिक माध्यम भी है। डॉ. वर्मा का यह नवाचार इस बात का उदाहरण है कि मानविकी और सामाजिक विज्ञान भी तकनीकी शोध और पेटेंट के क्षेत्र में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। भारत सरकार द्वारा पेटेंट प्रदान किया जाना इस नवाचार की प्रामाणिकता और उपयोगिता को दर्शाता है। शैक्षणिक जगत में इस उपलब्धि को एक नई दिशा के रूप में देखा जा रहा है जहां राजनीति विज्ञान जैसे विषय नई तकनीकों के साथ जुड़कर राष्ट्रीय विकास और लोकतांत्रिक मजबूती में योगदान दे सकते हैं। यह उपलब्धि युवाओं और शोधकर्ताओं को यह संदेश देती है कि सामाजिक विज्ञानों में भी नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी समाधान की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इस प्रकार डॉ. अभिषेक वर्मा को मिला यह पेटेंट इस धारणा को दृढ़ता से स्थापित करता है कि राजनीति विज्ञान केवल सैद्धांतिक विमर्श नहीं, बल्कि एक जीवंत, प्रयोगधर्मी और समाजोपयोगी विज्ञान है।

# अब गांवों की सड़कें भी सुरक्षित, क्रैश बैरियर से जेब्रा क्रॉसिंग तक इंतजाम

## ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा ग्रामीण कार्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और पुलों के निर्माण के साथ-साथ अब सड़क सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पक्की सड़कों के निर्माण के साथ-साथ उन पर आवागमन पूर्णतः सुरक्षित हो। सर्वोच्च न्यायालय और केंद्रीय पथ परिवहन मंत्रालय के सड़क सुरक्षा दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए ग्रामीण कार्य विभाग ने एक सुधारात्मक पहल की है। इसके तहत पूरे राज्य में निर्मित और निर्माणाधीन सभी ग्रामीण सड़कों तथा पुलों पर सड़क सुरक्षा मानकों को पूर्णतः अनिवार्य कर दिया गया है। ग्रामीण सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं की आशंकाओं पर अंकुश लगाने और यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा अवयवों का अधिष्ठापन किया जा रहा है। अब बिहार के सुदूर गांवों से गुजरने वाली पक्की सड़कों पर भी शहरों की तर्ज पर क्रैश बैरियर, स्टॉप साइन, जेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड ब्रेकर, स्पीड लिमिट साइन और जंक्शन अहेड साइन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण सुरक्षा संकेतक अनिवार्य रूप से लगाए जा रहे हैं। इन ढांचागत उपायों से न केवल बेलगाम गति वाले वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है, बल्कि रात के समय या घने कोहरे के दौरान भी वाहन चालकों को सही दिशा-निर्देश प्राप्त हो रहे हैं। अक्सर यह देखा जाता है कि गांव के स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्थानीय बाजारों और प्रमुख चौराहों पर सड़क पार करते समय पैदल चलने वाले यात्रियों विशेषकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भारी जोखिम का सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में विभाग द्वारा संवेदनशील स्थलों की पहचान कर बड़े पैमाने पर जेब्रा क्रॉसिंग के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। अब तक राज्यभर में 36,495 ऐसे स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां पैदल आवागमन अधिक रहता है। इनमें से 26,000 से अधिक स्थलों पर जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आमजन के लिए सड़क पार करना अधिक सुरक्षित हो गया है। गांवों के हाट-बाजारों से लेकर शिक्षण संस्थानों तक ग्रामीण सड़क पर बने ये सुरक्षा चिह्न अब सुरक्षा का नया आधार बन रहे हैं। बिहार के गांवों में अब केवल संपर्कता ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के मानकों को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। विभाग का यही लक्ष्य है कि राज्य की प्रत्येक ग्रामीण सड़क पर यात्रा न केवल सुगम हो, बल्कि पूर्णतः सुरक्षित भी हो, ताकि हर नागरिक बिना किसी भय के सफर कर सके।

# सूबे के सभी ग्राम पंचायतों में खुलेंगे आधार सेवा केंद्र

## प्रथम चरण में 15 अप्रैल तक 2000 ग्राम पंचायतों में संचालित पंचायत सरकार भवनों में खोलने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में आधार सेवा केंद्र खोलने की तैयारी है। प्रथम चरण में 2000 ग्राम पंचायतों में आधार सेवा केन्द्र खोला जाएगा। 15 अप्रैल तक सारी प्रक्रिया पूरी कर चयनित ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से आधार सेवा केंद्र आरंभ करने का निर्देश पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया। यह जानकारी बुधवार को पंचायती राज विभाग के निदेशक नवीन कुमार सिंह ने विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक में दी। वे उत्तर बिहार के 21 जिलों के उप-विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी व जिला परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक



कर रहे थे। इसमें पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गोपालगंज, अररिया, पश्चिम चंपारण, सुपौल, वैशाली, बेगूसराय, मधेपुरा, मधुबनी, कटिहार, पूर्णिया, सारण, सिवान, खगड़िया, सहरसा, शिवहर, किशनगंज और सीतामढ़ी के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में निदेशक ने कहा कि प्रदत्त राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित करने के लिए विभाग द्वारा विकसित ई-पंचायत बिहार पोर्टल पर यू सी मॉड्यूल की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। प्रशिक्षण के उपरांत पोर्टल के माध्यम से यू सी समर्पित करना सुनिश्चित करने के लिए निदेशक द्वारा पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

**24 घंटे के अंदर मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा घोषित सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत 1 अप्रैल 2026 से राज्य की ग्राम पंचायतों में अवस्थित मोक्षधाम/कब्रिस्तान में अंत्येष्टि के उपरांत मृतक के परिजनों को 24 घंटें के अंदर मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने का निदेश विभाग द्वारा निर्गत है। निदेशक ने इसकी समीक्षा करते हुए विभाग को शीघ्र प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए पदाधिकारियों को निदेशित किया। साथ ही ग्राम पंचायतों में अवस्थित मोक्षधाम/कब्रिस्तान में हो रही अंत्येष्टि व 24 घंटे के अंदर मृत्यु प्रमाण पत्रों की संख्या की नियमित रूप से समीक्षा कर विभाग को प्रतिवेदित करने के लिए पदाधिकारियों को निदेशित किया।

**21 जिलों में 6,67,917 सोलर स्ट्रीट लाइट्स का अधिष्ठापन**

मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के तहत इन 21 जिलों की ग्राम पंचायतों में 6,67,917 सोलर स्ट्रीट लाइट्स का अधिष्ठापन किया जा चुका है। जिन जिलों में 31 मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत अधिष्ठापन का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पाया है वहां समीक्षा कर जवाबदेह एजेंसी पर अनुबंध के अनुसार कार्रवाई करने के लिए भी कहा। बैठक में विभाग के अपर सचिव नजर हुसैन, विशेष कार्य पदाधिकारी ललित राही सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# आस्था के मार्ग पर अतिक्रमण: तपस्वी बाबा मंदिर तक जाने वाला रास्ता बंद, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत केनी पहाड़ पर स्थित प्राचीन और आस्था के प्रमुख केंद्र तपस्वी बाबा मंदिर तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। असामाजिक तत्वों द्वारा रास्ते पर किए गए अवैध कब्जे ने न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को आहत किया है बल्कि क्षेत्र की सामाजिक व्यवस्था को भी गहरे संकट में डाल दिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है। मंगलवार को किए गए स्थल निरीक्षण के दौरान कात्यायनी मंदिर पीड़ेश्वर के जलेश्वर नाथ पाण्डे ने बताया कि तपस्वी बाबा मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली रहा है। यह मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी रहा है। हर वर्ष यहां सैकड़ों गरीब परिवार अपनी बेटियों की शादी इसी मंदिर परिसर में संपन्न कराते हैं। उन्होंने कहा कि यह मंदिर वर्षों से हजारों शादियों का गवाह रहा है, लेकिन आज रास्ता बंद होने के कारण लोग अपनी तय शादियां भी नहीं कर पा रहे हैं। यह केवल एक रास्ते का सवाल नहीं, बल्कि समाज की परंपरा और गरीबों की उम्मीदों पर संकट है। मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण के कारण श्रद्धालुओं को पहाड़ के कठिन और वैकल्पिक रास्तों से गुजरना पड़ रहा है जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई श्रद्धालु तो सुरक्षा के अभाव में मंदिर जाना ही छोड़ चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जहां आसानी से वाहन मंदिर तक पहुंच जाते थे, अब वहां पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मंदिर के पुजारी संत अनंत दास ने प्रशासन के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि इस समस्या को लेकर पहले ही सैकड़ों ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को आवेदन दिया था। उस समय तत्काल कार्रवाई का आश्वासन भी मिला था, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि अंचल अधिकारी के हड़ताल पर चले जाने से पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। प्रशासन की यह उदासीनता लोगों के गुस्से को और भड़का रही है।

# केसपा में नहर किनारे सड़क निर्माण की जांच पर जतायी नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** आम जनों की बहुप्रतीक्षित मखदुमपुर-केसपा-रतनी नहर किनारे सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति एवं गुणवत्ता में कमी को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है। बुधवार को केसपा गांव में निर्माण कार्य की जांच के लिए विभाग के पदाधिकारी एसी योगेंद्र पंडित एवं एई आकांक्षा पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान एसी योगेंद्र पंडित ने घटिया निर्माण कार्य पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संवेदक को कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित ग्रामीण हिमांशु शेखर ने



बताया कि यह सड़क क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से सांसद आदर्श ग्राम केसपा स्थित लोक आस्था के महाकेंद्र मां तारा देवी मंदिर तक श्रद्धालुओं की पहुंच आसान होगी जिससे ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री शेखर ने निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितताओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस संबंध में जिलाधिकारी को भी अवगत कराया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

# सीएचसी डोभी में सफाई व्यवस्था बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया जी।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत चिंताजनक बनी हुई है। अस्पताल के वार्ड में बेड पर गंदे और मैले चादर पड़े मिले जिससे मरीजों को अस्वच्छ माहौल में इलाज कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं दिख रही है। कई बेड पर लंबे समय से चादर नहीं बदले जाने के कारण गंदगी जमा हो गई है। वहीं कुछ बेड पर कपड़े अस्त-व्यस्त हालत में पड़े मिले, जो



लापरवाही को दर्शाता है। मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में नियमित रूप से सफाई नहीं होती और न ही समय पर बेडशीट बदली जाती है। शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसे में संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अस्पताल की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, नियमित रूप से बेडशीट बदलने तथा मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPB-06/2026-27**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर से संबंधित सामाग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से प्रति अद्द दर (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर निविदा दिनांक– 16.04.2026 को समय 2:00 बजे अपराहन् नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, सभी सामानों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा उसी दिन अपराहन् समय 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के निविदा निस्तार समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| Sr. No. | Equipment | Rate Including All Taxes | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Door Closer | Pc | |
| 2 | Window Slide Locker | Pc | |
| 3 | Name/ Post Alloy Board | Pc | |
| 4 | Mat/ Carpet | Pc | |
| 5 | Wallpaper | Sq Ft. | |
| 6 | Painting | Sq Ft. | |
| 7 | Photo With Frame | Pc | |
| 8 | Door Mate | Sq Ft. | |
| 9 | Flower Box | Pc | |
| 10 | Door Stopper | Pc | |
| 11 | Bathroom Mirro | Pc | |
| 12 | Sun mica for Door | Sq Ft. | |
| 13 | Extension Board | Pc | |
| 14 | Dustbin with Paddle | Pc | |
| 15 | Paper Weight | Pc | |
| 16 | Pen Container | Pc | |

नोट :– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/ Bishrampur. aspx पर देखा जा सकता है :–

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् बिश्रामपुर

PR 376966 District (26-27)_D


# उत्तर कोयल नहर की मांग को लेकर किसान संघर्ष मोर्चा की बैठक

## 17 को औरंगाबाद व 22 को गया में किया जाएगा प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध की कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को इसमाइलपुर स्थित बी.पी.एस. कोचिंग सेंटर में नंदलाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नहर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के सचिव साथी बालेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि उत्तर कोयल नहर से संबंधित




तीन प्रमुख मांगों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए चरणबद्ध आंदोलन की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इन मांगों को लेकर 17 अप्रैल को औरंगाबाद तथा 22 अप्रैल को गया में रोष प्रदर्शन किया जाएगा। मोर्चा की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं-उत्तर कोयल नहर की मुख्य शाखा में 211 आरडी पर सीआर गेट में फाटक लगवाने तथा नहर में बनाए गए अवैध दीवार को हटाने की मांग। चेईं नवादा कैनाल, कोटवारा कैनाल और अंगरा कैनाल में अंतिम छोर तक तथा मुख्य शाखा में मोरहर नदी तक नहर की सफाई कार्य यथाशीघ्र शुरू कराने की मांग। अंगरा शाखा नहर पर इसमाइलपुर में तथा कोटवारा शाखा नहर पर देवरोड हॉल्ट के पास रेल पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग। मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा ने कहा कि 17 अप्रैल 2026 को औरंगाबाद में रोष प्रदर्शन कर सिंचाई सृजन जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं 22 अप्रैल 2026 को गया में रोष प्रदर्शन कर विभाग के मुख्य अभियंता, गया को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में देवलाल सिंह, राम प्रवेश सिंह, महेंद्र पासवान, महेंद्र मांझी, राम उदय व्यास, सुखींद्र कुमार, डॉ. रामानंद यादव, अशोक यादव, सोखेंद्र कुमार, विनोद प्रसाद एवं अशोक कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मारपीट में पिता-पुत्र घायल, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के बरीयामा गांव निवासी मदन प्रजापति (39) के फर्द बयान पर मारपीट व लूटपाट का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 23 मार्च 2026 को घर पहुंचने पर देखा कि उनकी पत्नी मालावती देवी के साथ गांव की सुनीता देवी मारपीट कर रही थी। बीच-बचाव करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सुनीता देवी ने परिजनों को बुला लिया जिसके बाद सुबोध प्रजापति, छोटू प्रजापति, देवशरण प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, सविता देवी समेत अन्य लोग लाठी-डंडा लेकर पहुंचे और पिता-पुत्र पर हमला कर दिया।

# एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** स्थानीय पुलिस ने कांड संख्या-122/26 के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए खिजरसराय थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रमोद कुमार (पिताः रामप्रवेश यादव), ग्राम-मकसूदपुर के रूप में हुई है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**नुआंव (नबिटा सं.)।** मंगलवार की देर शाम रोहिया गेट के समीप पिकअप वैन की टक्कर से घायल युवक की वाराणसी ले जाने के क्रम में दुर्गावती के पास मौत हो गयी। घटना के बाद देवरिया गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय तैयब अब्बासी, पिता असलम अब्बासी, निवासी देवरिया के रूप में हुई है। उनकी मौत से उनके तीन बेटे मोहम्मद ताहिर हुसैन, संजीर हुसैन, तौफीक हुसैन और चार बेटियां परी खातून, रुख्सार खातून, खुशबून खातून, रूबाना खातून के सिर से पिता का साया उठ गया।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................../दिनांक.............

**कार्यालय आदेश**

अपर अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग स्वास्थ्य के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and Wellness Center के संचालन हेतु चिकित्सको की अनुबध पर सेवा प्राप्त किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवार शौक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आवेदन के साथ 42/- रू0 का टिक्ट सटा दो लिफाफा एवं स्व पता लिखित दिनांक 21.04.2026 तक कार्यालय में हाथो–हाथ/निबंधित डाक से कचहरी कम्पाउण्ड, मेदिनीनगर नगर निगम, मेदिनीनगर, पलामू में भेज सकते है।

निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | पदनाम | न्यूनतम योग्यता | उम्र सीमा | मानदेय | कुल रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सक | मेडिकल कॉउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री (चयन प्रक्रिया मौखिक पुछ–ताछ से किया जायेगा) | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा एक वर्ष के लिए मान्य होगी।) | प्रतिमा 63,000/- (तिरसठ हजार रूपये मात्र) | 01 |

नोटः– 1. चिकित्सक का चयन प्रक्रिया पुछ–ताछ (Walk Interview) के माध्यम से किया जायेगा।
2. कार्य अवधि सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) समय 9:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक।
3. चयनित चिकित्सको को भविष्य में नियमितिकरण हेतु दावा मान्य नहीं होगा।

नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 376901 District(26-27)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1.ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/F2-01/2026-27

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत माड़न के ग्राम अहीर गुरहा में श्री रमेश उरांव (दुकान) के घर से अखड़ा होते हुए श्रीमती राजपति टोप्पो के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1343600.00 | 26900 | 2500 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **13.04.2026** (05:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **13.04.2026 ( अपराह्न 5:00 बजे से** दिनांक **22.04.2026** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **24.04.2026** अपराह्न 3:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

PR 376970 Rural Development(26-27).D

संपादकीय

# रक्षा बाजार : भारत का प्रभावी दखल

अहिंसा के प्रबल पैरोकार महात्मा गांधी के देश भारत में यह खबर यूं तो नकारात्मक ही है, लेकिन व्यावसायिक धमक और वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के चलते आर्थिकी के लिहाज से महत्वपूर्ण है। अर्थात् किसी समय शक्तिशाली सेना रखने के पक्ष में नहीं रहा भारत अब वैश्विक रक्षा बाजार का बड़ा खिलाड़ी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। इसका सबूत हैं आंकड़े। वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष से 60 फीसदी अधिक है। अगर आगे भी यही गति रही तो भविष्य में भारत वैश्विक रक्षा बाजार में मजबूत खिलाड़ी बन सकता है। अब चुनौती इसे दीर्घकालिक रणनीतिक लाभ में बदलने की है। खास बात यह शिफ्ट है कि हम अब बड़े रक्षा आयातक से उभरते हुए रक्षा निर्यातक के रूप में तब्दील हो रहे हैं। इससे जहां हमारी स्वयं की रक्षा तैयारियों को बल मिलेगा, वहीं हमारी रणनीतिक स्वायत्तता भी कायम रहेगी। आज भारत न केवल अपनी जरूरतों को घरेलू स्तर पर पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

पिछले पांच वर्षों में रक्षा निर्यात लगभग तीन गुना हो चुका है, जो यह दर्शाता है कि यह वृद्धि अस्थायी नहीं, बल्कि दीर्घकालिक प्रवृत्ति का हिस्सा है। साथ ही, भारत अब 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है, जो वैश्विक स्तर पर भारतीय उत्पादों के प्रति बढ़ते भरोसे का ही संकेत है। इस वृद्धि का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों का संतुलित योगदान है। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) ने कुल निर्यात में लगभग 55 प्रतिशत योगदान दिया है और उनके निर्यात में 151 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। निजी क्षेत्र ने करीब 45 फीसदी हिस्सेदारी के साथ स्थिर वृद्धि बनाए रखी है। यह साझेदारी संकेत है कि भारत का रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र अब अधिक समन्वित और सक्षम हो रहा है, जहां सरकारी संस्थानों की क्षमता और निजी क्षेत्र की नवाचार क्षमता एक साथ काम कर रही है। भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाले रक्षा उत्पादों की प्रकृति में भी बदलाव आया है। अब भारत केवल छोटे पुर्जों या चुनिंदा तकनीकी उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्नत रक्षा प्रणालियां और प्लेटफॉर्म भी निर्यात कर रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल, तेजस लड़ाकू विमान, आकाश वायु रक्षा प्रणाली और पिनाका रॉकेट प्रणाली जैसे उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ रही है। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के कई देशों द्वारा इन प्रणालियों में रुचि दिखाना इस बात का प्रमाण है कि भारत अब वैश्विक रक्षा बाजार में एक विश्वसनीय विकल्प बन रहा है। यह परिवर्तन केवल औद्योगिक क्षमता का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे सरकार के नीतिगत सुधार भी महत्वपूर्ण हैं। रक्षा निर्यात प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, ऑनलाइन मंजूरी प्रणाली लागू की गई है और मानक संचालन प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाया गया है। इन सुधारों के कारण रक्षा निर्यातकों की संख्या 128 से बढ़कर 145 हो गई है। राजनीतिक स्तर पर यह परिवर्तन आत्मनिर्भरता की उस व्यापक दृष्टि से जुड़ा हुआ है, जिसे प्रधानमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के रूप में प्रस्तुत किया है। इस सकारात्मक तस्वीर के बावजूद कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत अब भी अमेरिका, रूस और फ्रांस जैसे स्थापित रक्षा निर्यातकों से पीछे है। गुणवत्ता नियंत्रण, समय पर आपूर्ति और बिक्री के बाद सेवाओं में सुधार की आवश्यकता है। हमे शोध और विकास पर ज्यादा ध्यान देना होगा। इस पर ज्यादा निवेश करना होगा। हमारे रक्षा उत्पाद उच्च गुणवत्ता के और अत्यंत भरोसेमंद होने चाहिए। हम युद्ध के समर्थक नहीं हैं, लेकिन युद्ध में कमतर साबित भी नहीं हो सकते।

# युद्ध : ताकत से ज्यादा रणनीति की अहमियत

**रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका-इज़राइल-ईरान टकराव को साथ में देखें, तो आज के युद्ध की असली तस्वीर और भी साफ समझ में आती है। एक तरफ ऐसा युद्ध है जो लंबे समय तक चलता है, जहां धीरे-धीरे ताकत आज़माई जाती है और दोनों पक्ष एक-दूसरे को थकाने की कोशिश करते हैं। दूसरी तरफ ऐसा टकराव है जो तेज, अचानक और एक साथ कई मोर्चों पर जमीन, हवा, समुद्र, साइबर और स्पेस पर लड़ा जा रहा है। लेकिन इन दोनों को मिलाकर देखें तो एक बड़ी सच्चाई सामने आती हैकि आज के युद्ध न तो आसान रहे हैं और न ही जल्दी खत्म होते हैं। वे ज्यादा जटिल, फैले हुए और अनिश्चित हो गए हैं, जहां नतीजा सिर्फ सैन्य ताकत से नहीं बल्कि धैर्य, सही रणनीति और बदलते हालात के हिसाब से खुद को ढालने की क्षमता से तय होता है।**



**अंशुमान**

यूक्रेन का युद्ध इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण है। यह अब एक लंबी और थकाने वाली लड़ाई बन चुका है, जहां दोनों पक्ष लगातार एक-दूसरे को कमजोर करने में लगे हैं। पहले के युद्धों में बड़े टैंक, भारी हथियार और विशाल सेनाएं जीत का फैसला करती थीं, लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। आज सस्ते ड्रोन, निगरानी तकनीक, सैटेलाइट और सटीक हमले ज्यादा असरदार साबित हो रहे हैं। छोटे-छोटे ड्रोन भी बड़े हथियारों को निशाना बना सकते हैं और युद्ध के मैदान की पूरी जानकारी दे सकते हैं।

रूस ने शुरुआत में सोचा था कि वह जल्दी जीत जाएगा, लेकिन उसने यूक्रेन की तैयारी, उसके मनोबल और पश्चिमी देशों के समर्थन को कम आंका। यही वजह है कि युद्ध लंबा खिंच गया और रूस को अपनी रणनीति बदलनी पड़ी। उसे यह समझ में आया कि अब सिर्फ ताकत के दम पर जीत हासिल करना आसान नहीं है, बल्कि लंबी लड़ाई के लिए खुद को तैयार करना जरूरी है।

पूरे विश्व ने देखा कि यूक्रेन की ताकत सिर्फ उसकी सेना नहीं है, बल्कि उसे मिलने वाला बाहरी समर्थन भी है। अमेरिका और यूरोपीय देशों से मिल रही सैन्य, आर्थिक और खुफिया मदद ने उसे मजबूती दी है। इस मदद ने युद्ध को खत्म तो नहीं किया, लेकिन यह जरूर सुनिश्चित किया कि यूक्रेन हार न माने। इस तरह यह युद्ध 'कौन ज्यादा समय तक टिक सकता है' की परीक्षा बन गया है। यह धैर्य, संसाधन और इच्छाशक्ति की लड़ाई है। इस युद्ध ने एक और बड़ा बदलाव दिखाया है वह यह है कि अब युद्ध में कुछ भी छिपाना लगभग असंभव हो गया है। सैटेलाइट, ओपन-सोर्स जानकारी और सोशल मीडिया की वजह से हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकती है। सेना कहां तैनात है, हथियार कहां जा रहे हैं इन सबका अंदाजा पहले से लगाया जा सकता है। ड्रोन ने युद्ध को और पारदर्शी और खतरनाक बना दिया है। अब हर समय निगरानी रहती है और किसी भी गलती की कीमत तुरंत चुकानी पड़ती है। ऐसे माहौल में सिर्फ ताकत नहीं, बल्कि तकनीक और लचीलापन असली ताकत बन गए हैं।

वर्तमान हालात देखें तो अमेरिका-ईरान टकराव एक अलग तरह की लड़ाई दिखाता है। यह लड़ाई बहुत तेज, सटीक और एक साथ कई स्तरों पर लड़ी जाती है। इसमें सिर्फ बमबारी ही नहीं होती, बल्कि साइबर हमले, इलेक्ट्रॉनिक तकनीक और सैटेलाइट का भी इस्तेमाल किया जाता है। शुरुआत में ही दुश्मन के अहम ठिकानों, सैन्य ढांचे और कमांड सिस्टम को निशाना बनाकर उसकी जवाब देने की ताकत को कमजोर करने की कोशिश होती है। इससे साफ समझ आता है कि अगर योजना और तकनीक मजबूत हो, तो कम समय में भी बड़ा असर डाला जा सकता है।

लेकिन इस तरह की तेज कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि पूरी जीत मिल ही जाएगी। ईरान ने भी अपने तरीके से मिसाइल हमलों, ड्रोन के झुंड और अपने सहयोगी समूहों के जरिए माकूल जवाब दिया। लेकिन ईरान ने खासतौर पर उन जगहों को निशाना बनाया जो दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अहम हैं, जैसे तेल सप्लाई के रास्ते और समुद्री मार्ग। इसका असर सिर्फ उसी इलाके तक सीमित नहीं रहा, बल्कि तेल की कीमतें बढ़ गईं और दुनिया भर में चिंता बढ़ गई। इससे साफ होता है कि आज के युद्ध सिर्फ सीमाओं के भीतर नहीं रहते, बल्कि उनका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है।यही कारण है कि अब बड़े देश भी अपने कदम सोच-समझकर उठाते हैं। वे यह कोशिश करते हैं कि युद्ध एक सीमा के अंदर रहे और पूरी तरह बेकाबू न हो जाए। यानी अब युद्ध सिर्फ जीतने का नहीं, बल्कि उसे नियंत्रित रखने का भी खेल बन गया है। कब हमला करना है, कितना आगे बढ़ना है और कब रुकना है, ये फैसले भी बेहद महत्वपूर्ण हो गए हैं।

इन दोनों युद्धों से एक अहम बात साफ होती है कि अब कोई भी देश आसानी से और जल्दी युद्ध नहीं जीत सकता। अगर सामने वाला देश समझदारी से काम ले, नई तकनीक अपनाए और अलग तरह की रणनीतियां इस्तेमाल करे, तो वह बड़ी ताकत को भी लंबे समय तक उलझाए रख सकता है। यानी आज के दौर में जो देश कमजोर दिखता है, वह भी सही रणनीति और तकनीक के सहारे मजबूत चुनौती दे सकता है। रणनीतिक स्तर पर अब युद्ध सिर्फ सेना का खेल नहीं रह गया है। मजबूत गठबंधन, आर्थिक ताकत, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीति भी उतनी ही जरूरी हो गई है। यूक्रेन की ताकत उसके सहयोगियों के समर्थन से बढ़ी है, जबकि अमेरिका की ताकत उसके साझेदार देशों के साथ मिलकर काम करने में दिखती है। इसके उलट, जो देश अकेले पड़ जाते हैं, उनकी स्थिति कमजोर हो जाती है और उनके पास विकल्प कम हो जाते हैं। आज के दौर में जानकारी भी एक बड़ा हथियार बन गई है। आज के समय में सोशल मीडिया, खबरें और साइबर हमले भी युद्ध का अहम हिस्सा बन चुके हैं। इनके जरिए लोगों की सोच प्रभावित की जाती है और दुनिया के दूसरे देशों का समर्थन भी तय होता है। कई बार असली लड़ाई मैदान में नहीं, बल्कि लोगों की सोच और धारणा को लेकर लड़ी जाती है।

अगर ऑपरेशनल स्तर की भी बात करें तो भी युद्ध का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। अब लड़ाई सिर्फ जमीन, हवा और समुद्र तक सीमित नहीं है, बल्कि साइबर स्पेस और सैटेलाइट तक फैल चुकी है। जो देश इन सभी क्षेत्रों में एक साथ काम कर सकता है, उसे बढ़त मिलती है। साथ ही, सप्लाई सिस्टम को भी ज्यादा मजबूत और सुरक्षित बनाना पड़ता है, क्योंकि दुश्मन अब सटीक हमलों से इन्हें निशाना बना सकता है। टैक्टिकल स्तर पर सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब कम लागत में भी बड़ा नुकसान पहुंचाया जा सकता है। सस्ते ड्रोन, छोटे मिसाइल सिस्टम और ऑटोमेटेड हथियारों ने युद्ध के स्वरूप को बदल दिया है। अब छोटे देश या कमजोर पक्ष भी बड़ी ताकतों को चुनौती दे सकते हैं। युद्ध का मैदान ऐसा हो गया है, जहां हर समय खतरा बना रहता है और किसी भी समय हमला हो सकता है। इन सबमें सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि अब युद्ध सिर्फ सैनिकों तक सीमित नहीं रहा। इसका असर पूरे समाज और देश पर पड़ता है। बिजली, इंटरनेट, बैंकिंग सिस्टम और जरूरी सेवाएं भी निशाने पर आ सकती हैं। यानी आधुनिक युद्ध में पूरा देश किसी न किसी रूप में शामिल हो जाता है।

चाहे रूस-यूक्रेन का युद्ध हो या अमेरिका-इज़राइल-ईरान का युद्ध इन दोनों युद्धों से एक बहुत स्पष्ट और गहरी सीख सामने आती है कि आज के समय में युद्ध का कोई सीधा या आसान रास्ता नहीं बचा है। सिर्फ सैन्य ताकत के भरोसे जीत हासिल करना अब लगभग असंभव हो गया है। असली फर्क इस बात से पड़ता है कि कौन देश कितनी तेजी से सीखता है, बदलती परिस्थितियों को कितनी समझदारी से अपनाता है और दबाव के बीच कितने लंबे समय तक टिके रहने की क्षमता रखता है। आज युद्ध सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं रहा, बल्कि दिमाग, तकनीक, रणनीति और धैर्य की भी परीक्षा बन चुका है। जो देश इन सबका सही संतुलन बना पाता है, वही अंततः बढ़त हासिल करता है।

अध्यात्म

## कभी किसी के अहसान को भूलना नहीं चाहिये

हिमालय के जंगलों में एक बहुत ताकतवर शेर रहता था। एक दिन उसने बारासिंघे का शिकार किया और उसे खाने के बाद अपनी गुफा को लौटने लगा। अभी उसने चलना शुरू ही किया था कि एक सियार उसके सामने आ गया और उसके गुणगान करने लगा । शेर ने सियार से पूछा 'अरे! ये तुम ऐसे क्यों कर रहे हो।' सियार बोला 'आप जंगल के राजा हैं, मैं आपका सेवक बन कर अपना जीवन धन्य करना चाहता हूं, आप मुझे अपनी शरण में ले लीजिये और अपनी सेवा करने का अवसर प्रदान कीजिये।' शेर इस बात को जानता था कि सियार की ऐसी चापलूसी करने के पीछे का मकसद कुछ और है, वह उसके द्वारा छोड़ा गया शिकार खाना चाहता है। शेर ने उसने सोचा कि चलो इसके साथ रहने से मेरे क्या जाता है, नहीं कुछ तो छोटे-मोटे काम ही कर दिया करेगा। यह सोचकर शेर ने सियार को अपने साथ रहने की अनुमति दे दी। उस दिन के बाद से जब भी शेर शिकार करता, सियार भी भर पेट भोजन करता। समय बीतता गया और रोज मांसाहार करने से सियार की ताकत भी बढ़ गयी। घमंड में आकर वह जंगल के बाकी जानवरों पर रौब भी झाड़ने लगा। और एक दिन तो उसने सभी सीमाएं पार कर दी । सियार ने शेर से कहा 'आज तुम आराम करो, शिकार मैं करूंगा और तुम मेरा छोड़ा हुआ मांस खाओगे।' शेर यह सुन बहुत क्रोधित हुआ, पर उसने अपने क्रोध पर काबू करते हुए सियार को सबक सिखाना चाहा। शेर बोला 'यह तो बड़ी अच्छी बात है, आज मुझे भैंसा खाने का मन है , तुम उसी का शिकार करो !' सियार तुरंत भैंसों के झुण्ड की तरफ निकल पड़ा और दौड़ते हुए एक बड़े से भैंसे पर झपटा, भैंसा सतर्क था उसने तुरंत अपनी सींघ घुमाई और सियार को दूर झटक दिया। सियार की कमर टूट गयी और वह किसी तरह घिसटते हुए शेर के पास वापस पहुंचा । शेर बोला 'क्या हुआ, भैंसा कहां है '? सियार गिड़गिड़ाया और बोला 'हुजूर, मुझे क्षमा कीजिये,मैं बहक गया था और खुद को आपके बराबर समझने लगा था.....' शेर को सियार पर क्रोध आया और उसने कहा 'धूर्त, तेरे जैसे का यही अंजाम होता है।' शेर ने सियार को जोर से नीचे पटक दिया।

**सीख** – कभी किसी के किये हुए उपकार को नहीं भूलना चाहिये और साथ ही अपनी योग्यताओं का भी सही आंकलन होना आवश्यक है।

# बदइंतजामी से बेहाल मध्य प्रदेश के बिजली उपभोक्ता

**तेईस साल पहले 'एशियन डेवलपमेंट बैंक' के कर्ज के साथ मिले सलाह-नुमा-निर्देशों को मैदान में उतारने की खातिर 'मध्यप्रदेश विद्युत मंडल' को तीन तरह की कंपनियों में इसलिए विभाजित किया गया था, ताकि इससे मंडल का घाटा कम या समाप्त हो जाएगा। आज सवा दो दशक बाद देखें तो पता चलता है कि उस जमाने का 2100 करोड़ रुपयों का घाटा अब कई गुना बढ़कर करीब 50,000 करोड़ रुपयों तक पहुंच गया है।**

**राजकुमार सिन्हा**

मध्यप्रदेश में कुप्रबंधन और अधिकारियों की लापरवाही के कारण बिजली कंपनी को हुए नुकसान की भरपाई आम उपभोक्ताओं से की जा रही है। बिजली के दाम साल में एक बार तय होते हैं, परंतु असामान्य परिस्थितियों में बिजली उत्पादन सामान्य बनाए रखने के लिए 'फ्यूल कास्ट एडजस्टमेंट' (एफसीए) का प्रावधान किया गया है। बिजली कंपनियां इसी प्रावधान का फायदा उठाती हैं और हर 3 महीने में बिजली की कीमत बढ़ा देती हैं।

मध्यप्रदेश में एक अप्रैल से बिजली की नई दरें लागू हो चुकी हैं, जिसमें 4.8 प्रतिशत की वृद्धि का प्रावधान किया गया है। वृद्धि का मुख्य आधार 'विद्युत वितरण कंपनियों' (डिस्कॉम) द्वारा पेश किया गया 6044 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा है। इस वृद्धि का उद्देश्य बिजली खरीद की लागत, परिचालन व्यय को पूरा करना और बढ़ते हुए नुकसान को कम करना है, जिसे 'मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग' ने मंजूरी दी है। हालांकि कंपनियों ने 10.19 प्रतिशत से अधिक की मांग की थी, लेकिन आयोग ने 4.8 प्रतिशत की वृद्धि को ही मंजूरी दी है। इससे 1.90 करोड़ मध्यम वर्ग और अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा भार महसूस होगा।

यह स्थिति न केवल आर्थिक असमानता बढ़ाती है, बल्कि ऊर्जा न्याय के सिद्धांतों पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। भारत सरकार द्वारा कोयले पर सरचार्ज की समाप्ति, 'जीएसटी' दर का युक्तिकरण और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा थर्मल पावर प्लांट में लगने वाली प्रदूषण नियंत्रक 'फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन' (एफजीडी) तकनीक की अनिवार्यता को खत्म करने के बावजूद बिजली दर कम होने की बजाय बढ़ा दी गई। 'मध्यप्रदेश विद्युत मंडल' के पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेन्द्र अग्रवाल ने आयोग से लिखित मांग की थी कि बिजली खरीदी प्रस्ताव व संबंधित पूंजीगत लागत की गहन समीक्षा के बाद ही प्रस्ताव को मंजूरी दी जाए। मध्यप्रदेश में बिजली की उपलब्धता और खरीदी लंबे समय से विवादों के केंद्र में रही है। जनवरी 2026 के अंत में मध्यप्रदेश सरकार ने निजी कंपनियों के साथ 4,000 मेगावाट बिजली उत्पादन और खरीदी के लिए एक बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किया है। कंपनियों ने बिजली की दर 5.83 रुपए प्रति यूनिट तय की है। जानकार बताते हैं कि समझौते के कारण मध्यप्रदेश विद्युत कम्पनियों को 25 साल में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का अतिरिक्त भुगतान करना होगा, जिसका बोझ आम उपभोक्ताओं पर होगा।

बिजली खरीदी और निजी कंपनियों से हुए महंगे समझौतों के कारण उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। 'अखिल भारतीय पावर इंजीनियर्स फेडरेशन' के प्रवक्ता वीके गुप्ता का कहना है कि मध्यप्रदेश में औसत बिजली मांग 9000 मेगावाट और अधिकतम मांग 14,500 मेगावाट है, जबकि राज्य ने पहले ही 21,000 मेगावाट के बिजली खरीद करार पर हस्ताक्षर किए हुए हैं। राजेन्द्र अग्रवाल का कहना है कि राज्य के पास अगले 10 वर्षों के लिए अतिरिक्त बिजली मौजूद है, ऐसे में अनावश्यक समझौते की जरूरत ही नहीं थी।



बिजली दरों में बढ़ोतरी और 'डिस्कॉम' पर बढ़ते वित्तीय दबाव ने राज्य में ऊर्जा प्रबंधन को नई बहस के केंद्र में ला दिया है। ऊंचे दामों पर की जा रही बिजली खरीदी से न सिर्फ घरेलू उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ा है, बल्कि उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी प्रभावित हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी और बिलों में अनियमितताएं आम उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यवसायियों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी हैं। राज्य की बिजली खरीद नीतियों, निजी कंपनियों से महंगे समझौतों और 'डिस्कॉम' की अक्षमताओं - जैसे लाइनलॉस, बिजली चोरी, प्रबंधन की कमियां और पुराना घाटा - का बोझ सीधे जनता पर पड़ रहा है।

मध्यप्रदेश में बिजली उत्पादन और खरीदी का काम तीन मुख्य स्तरों पर होता है - 'मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी' (जो बिजली खरीद की नोडल एजेंसी है), निजी बिजली कंपनियां और राज्य की सरकारी उत्पादन कंपनियां। 'कैग' की विभिन्न रिपोर्टों में 'पावर मैनेजमेंट कंपनी' की नीतियों पर सवाल उठाए गए हैं, जैसे महंगी दरों पर निजी कंपनियों से बिजली खरीद के अनुबंध। कुछ निजी पावर प्लांट्स से बिजली बाजार दर से अधिक कीमत पर खरीदी गई। अनुबंध के कई प्रावधानों के कारण राज्य को बिना बिजली लिए भी भुगतान करना पड़ता है। एक जानकारी के अनुसार 2020 से 2022 के बीच मध्यप्रदेश सरकार ने निजी कंपनियों को 1,773 करोड़ रुपए का भुगतान किया, जबकि उनसे एक यूनिट भी बिजली नहीं खरीदी गई।

कुछ अनुबंधों में 'पास-थ्रू' का प्रावधान है, जिससे बढ़ी हुई ईंधन लागत का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर डाल दिया गया। कैप्टिव प्राइवेट प्लांटों से भी बाजार कीमत से अधिक दरों पर बिजली खरीदी गई। जहां बाजार दर 2 से 3 रुपए प्रति यूनिट थी, वहीं 4.50 से 6 रुपए प्रति यूनिट तक भुगतान किया गया। राज्य की अपनी उत्पादन कंपनियों के पास पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद निजी प्लांटों से अधिक बिजली खरीदी गई। ऊर्जा अर्थशास्त्रियों के अनुसार ये समझौते 2010 से 2015 के बीच हुए थे, जब कोयले की कीमतें अधिक थीं। आज बिजली का बाजार सस्ता हो चुका है, लेकिन पुराने अनुबंध राज्य को महंगी बिजली खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं। नियामक निगरानी भी पर्याप्त मजबूत नहीं मानी जाती। मूल्य निर्धारण और खरीद फैसलों में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार 200 यूनिट मासिक खपत पर मध्यप्रदेश में लगभग 1,425 रुपए बिल आता है, जबकि छत्तीसगढ़ में 900 रुपए और गुजरात में 785 रुपए है। वहीं 300 यूनिट पर मध्यप्रदेश में 2,342 रुपए, छत्तीसगढ़ में 1,450 और गुजरात में 1,253 रुपए है। कई घरों में औसत घरेलू बिल 15 से 25 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जिससे मासिक बजट पर गहरा असर पड़ा है।

विडंबना है कि 'एशियन डेवलपमेंट बैंक' (एडीबी) की सिफारिश (टाटा राव कमिटी) पर 2003 में विद्युत मंडल के घाटे को कम करने के लिए बिजली कंपनियों का गठन किया गया था। वर्ष 2000 में घाटा 2100 करोड़ रुपए था, लेकिन 31 मार्च 2025 तक यह बढ़कर 49,239 करोड़ रुपए और 71,394 करोड़ रुपए हो गया है। ऊर्जा किसी भी राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का आधार होती है। मध्यप्रदेश जैसे राज्य में, जहां कृषि, उद्योग और घरेलू उपभोग बड़े पैमाने पर बिजली पर निर्भर हैं, वहां बिजली दरों में वृद्धि का व्यापक प्रभाव पड़ता है। मध्यप्रदेश में मंहगी बिजली का मुख्य कारण उत्पादन और वितरण में पारदर्शिता की कमी, कमजोर निगरानी और जनपक्षीय नीति का अभाव है। वास्तव में सरकार ने ऊर्जा के उत्पादन और वितरण की नीतियों में आम जनता के हितों को प्राथमिकता नहीं दी है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपको अत्यधिक धैर्य रखना होगा। आप लोगों की सहायता करने का प्रयास करेंगे। आय और व्यय में सन्तुलन बनाने का प्रयास करेंगे।

**वृषभ**
आज आपको अत्यधिक क्रोध आ सकता है। सहकर्मियों से भिड़ने के बजाय उन्हें प्रेम से कोई बात समझायें। कारोबार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक गतिविधियाँ सुचारु रूप से चलती रहेंगी। पेट में कब्ज की समस्या होने की आशंका है। अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियन्त्रण बनाये रखें।

**कर्क**
आप जिस कार्य के लिये काफी समय से प्रयास कर रहे थे, उसे पूरा कर सकते हैं। आपको धैर्य और संयम के साथ काम करना चाहिये।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपका दिन सामान्य रहेगा। दवाइयों और स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। आपकी सलाह लोगों के लिये अत्यन्त सहायक रहने वाली है।

**कन्या**
आपके आत्मबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपका पूर्ण प्रभाव रहेगा। सन्तान के प्रति आपका स्नेह और बढ़ेगा। करियर को लेकर सावधान रहें।

**तुला**
घरेलू समस्याओं को दूसरों के सामने व्यक्त न करें। लोग इसका मजाक बना सकते हैं। मौसम में बदलाव के कारण तेज सिरदर्द हो सकता है।

**वृश्चिक**
दाम्पत्य जीवन में प्रेम भावना बढ़ेगी। अधिकतर मामलों के लिये दिन बहुत शुभ रहने वाला है। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिलने की प्रबल सम्भावना है।

**धनु**
कारोबार की जटिल समस्या भी आज हल हो सकती है। कुछ सोच-विचार में रहेंगे। आपको बड़ा निवेश करने से लाभ मिल सकता है। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।

**मकर**
कारोबारियों की दैनिक आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न और उत्साह से भरपूर रहेगा। घर के सदस्यों के बीच आपसी सामंजस्य कम हो सकता है। मार्केटिंग से जुड़े हुये लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कुंभ**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के दौरान परेशानियाँ हो सकती हैं। विवादों से दूर रहने का प्रयास करें। लोग आपकी बातों से आहत हो सकते हैं।

**मीन**
आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। अपनी उपलब्धियों पर गर्व की अनुभूति होगी। दाम्पत्य जीवन अत्यन्त शुभ रहने वाला है। सेहत की दृष्टि से दिन अच्छा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 10 नामांकन



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पैक्सों के लिए 20 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए बुधवार को अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए बहादुरपुर पैक्स के लिए दो पुरुष एक महिला,करजान पैक्स के लिए दो महिला, फुलेलपुर मेउरा के लिए दो पुरुष, रामनगर दियारा पैक्स के लिए दो पुरुष जबकि उस्मानपुर पैक्स के लिए एक महिला उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन निर्धारित है।

### पाइप लाइन फटने से पानी के लिए हाहाकार



**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सविता सिनेमा के पास रोड चौड़ीकरण को लेकर सड़क की खुदाई की गई थी खुदाई के बाद कई जगह पीएचडी का पानी का पाइप लाइन फट गया है। जिससे सुबह शाम हजारों लीटर पानी सड़क पर बर्बाद हो रहे हैं लेकिन आसपास के लोगों को घरों में पीने के लिए पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे पानी के लिए हाहाकार मची हुई है। 18 दिन से पानी लोगों के घर में नहीं पहुंच रहा है। पीड़ित लोगों का कहना है कि दूर-दूर से जाकर पीने के लिए पानी लाते हैं और जीवन यापन कर रहे हैं? वहीं विभाग द्वारा इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा आम जनता पानी के लिए तरसते हैं और हजारों लीटर पानी रोड पर बर्बाद हो रहे हैं। अनुमंडल प्रशासन भी इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोग पानी के लिए परेशान है गर्मी का मौसम आ गया है और लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। मामले पर जब बाढ़ के भाजपा विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले को लेकर पीएचडी विभाग के अभियंता से बात की गई है अभियंता के द्वारा मिस्त्री की कमी होने की बात कही जा रही है लेकिन जल्द ही उसे दुरुस्त कराया जाएगा।

### खुले में मांस मछली बेचने पर प्रतिबंध लगाने का सरकार के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहा बाढ़ नगर परिषद



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री के द्वारा सभी नगर पंचायत एवं नगर निकाय को उपमुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री विजय सिन्हा के द्वारा दिए गए निर्देश को आज लगभग डेढ़ महीने बीतने के बाद भी बाढ़ नगर परिषद के द्वारा इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया, उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया था की कोई धार्मिक स्थल, शिक्षण संस्थान, स्कूल कॉलेज महाविद्यालयों एवं अस्पताल के आसपास में खुले तौर पर मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाए एवं बिना अनुज्ञप्ति के इस तरह की दुकान जो चल रही है उन्हें सील किया जाए। जिस पर बुधवार के दिन विश्व हिंदू परिषद बाढ़ जिला में अनुमंडल पदाधिकारी एवं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन देकर उन्हें पुनः याद दिलाया गया। ज्ञापन देने वक्त प्रांत युवा गौ रक्षा प्रमुख विकी हिंदू एवं जिला सेवा प्रमुख संतोष कुमार ने निवेदन किया इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए, साथ में दीपक कुमार, रामप्रवेश, रवि शंकर, राजा कुमार, सत्येंद्र कुमार, रविराज उपस्थित रहे।

### बहादुरपुर पंचायत का कचड़ा प्रसंस्करण इकाई बदहाल




**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिला अंतर्गत अथमलगोला प्रखंड क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 के तहत बनाया गया अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पूरी तरह से बदहाल स्थिति में नजर आ रहा है। ज्ञात हो कि बड़े ही तामझाम के साथ लाखों की लागत से पंचायत द्वारा इस इकाई का निर्माण किया गया था। लेकिन पंचायत प्रबंधन की लापरवाही से यह इकाई अब महज दिखावे की वस्तु बन कर रह गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कचड़े को लाकर उसके लिए निर्धारित बॉक्स में नहीं डाल कर सड़क किनारे और पास के गड्ढे में डाल कर आग लगा दिया जाता है। जिसके कारण फैले दुर्गंध से सड़क पर आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचड़े के लगातार जलने से निकलने वाले जहरीले धुएं के वातावरण तो विषाक्त हो ही रहा है। जीव जंतुओं का जीवन भी खतरे में पड़ने की आशंका बलबीत होने लगी है। इस बाबत जानकारी देते हुए मुखिया नगीना गुप्ता ने बताया कि सभी वार्डों से नियमित रूप से कचड़े का उठाव हो रहा है। संग्रहण केंद्र की प्रखंड में कमी के कारण थोड़ी परेशानी हो रही है। निर्धारित मानक के अनुसार कचड़े की छांट कर अलग किए जाते हैं। लेकिन हल्के कचड़ों को इधर उधर उड़ने के कारण जलाना पड़ जाता है। जल्द ही सारी व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी। वहीं बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि कचड़ा जलाना और बदबू से राहगीरों को परेशानी होना गंभीर बात है। मामले की जांच कराई जाएगी।

### देश के दूसरे अंबेडकर हैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दुनिया उनकी कायल



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढी के दाउदपुर वार्ड नंबर 11 में राज्यसभा सांसद के निधि से बने भीम चौपाल का विधिवत तौर पर राज्यसभा सांसद भीम सिंह चंद्रवंशी एवं विधायक अरुण मांझी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया, मौके पर मुख्य पार्षद पिंकी देवी, स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य शंभू सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे, इस मौके पर अरुण मांझी ने कहा कि भीम चौपाल वैसे दलित महादलित पिछड़ा अतिपिछड़ा के लिए लाभदायक होगा जिन्हें कहीं बैठने के लिए जगह नहीं थी, उन सबों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा, इसके साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की किए गए कार्यों और उनके कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दूसरे अंबेडकर हैं जिन्होंने दलित महादलित पिछड़ा अति पिछड़ा एवं सभी वर्गों के लिए बेहतर काम किया है, 2005 से पहले जो बिहार मिला था उन्हें उसके बाद का आज जो बिहार है वह पूरे हासिया पर है, बिहार पहला राज्य है जहां हर वर्गों के लिए काम किया गया है यहां तक की विपक्ष भी नीतीश कुमार की किए गए कल्याणकारी योजना के कायल हैं। वहीं राज्यसभा सांसद भी सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर बिहार में काफी अच्छा काम किया है यह डबल इंजन की सरकार हर वर्गों पर के लोगों को उत्थान करने में लगी है आज वह पहले वाला बिहार नहीं रहा गया है हर गांव में चले जाइए जहां पर बिजली पानी सड़क तमाम तरह की सुविधा एनडीए गठबंधन की सरकार से की जा रही है अभी और कई कार्य होने बाकी हैं। बिहार में विकास अभी और दुगनी रफ़्तार से होगी।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, उपजिला शाखा हिलसा कार्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट होकर विज्ञान के साथ खड़े रहें' पर केंद्रित रहते हुए रेड क्रॉस परिवार ने जन-स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। कार्यक्रम में हिलसा नगर परिषद के मुख्य पार्षद घनंजय कुमार ने कहा कि बदलते परिवेश में खानपान की आदतों में तेजी से बदलाव आया है, जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वहीं मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य चुनौतियों से लड़ने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और एकजुटता बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भ्रामक जानकारियों से बचें और प्रमाणित चिकित्सा पद्धति पर विश्वास करें।

# अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई ने मेडिवर्सल हॉस्पिटल पटना के सहयोग से उन्नत रोबोटिक सर्जरी तक पहुंच का किया विस्तार



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अगली पीढ़ी की सर्जिकल देखभाल पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई ने मेडिवर्सल अस्पताल पटना के सहयोग से पटना में रोबोटिक सर्जरी से जुड़ी प्रगति पर एक प्रेस मीट का आयोजन किया। मेडिवर्सल हॉस्पिटल के Co-founfderand COO जयंत गाँधी एवम डीजीएम शांतनु चटर्जी ने सत्र में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों में रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी की बढ़ती भूमिका और सटीकता, नैदानिक परिणामों तथा रोगी की रिकवरी में सुधार पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, जीआई और यूरोपीय ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. गौतम कृष्णमूर्ति ने जटिल प्रक्रियाओं के प्रबंधन में रोबोटिक सर्जरी के बढ़ते उपयोग और नैदानिक प्रभावशीलता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. गौतम कृष्णमूर्ति ने कहा कि रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों में सर्जिकल चिकित्सा को नया रूप दे रही है। बेहतर सटीकता, उच्च स्पष्टता और अधिक नियंत्रण के साथ, सर्जन जटिल प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी ढंग से करने में सक्षम हैं। मरीजों के लिए इसका अर्थ है कम दर्द, कम रक्तस्राव और शीघ्र स्वस्थ होना। जैसे-जैसे इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है, जागरूकता बढ़ाना यह सुनिश्चित करने की कुंजी होगी कि अधिक से अधिक मरीज इन उन्नत शल्य चिकित्सा विकल्पों से लाभान्वित हों। अपोलो हॉस्पिटल्स ने दा विंची, MAKO, HUGO RAS, SSI मंत्रा और ग्लोबस एक्सेल्सियसजीपीएस सर्जिकल सिस्टम सहित उन्नत प्लेटफॉर्मों को तैनात करके एक अद्वितीय एकीकृत रोबोटिक इकोसिस्टम विकसित किया है। ये सर्जिकल सिस्टम सर्जनों को पारंपरिक तकनीकों की तुलना में बेहतर 3D विजुअलाइजेशन और सटीकता के साथ अत्यधिक जटिल प्रक्रियाओं को करने में सक्षम बनाते हैं। रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी के कई प्रमुख लाभ हैं, जिनमें छोटे चीरे, न्यूनतम रक्तस्राव, जटिलताओं का कम जोखिम, ऑपरेशन के बाद कम दर्द, अस्पताल में कम समय तक रहना और दैनिक गतिविधियों में शीघ्र वापसी शामिल है। अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई तमिलनाडु का सबसे बड़ा रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम चलाता है, जिसमें 8,000 से अधिक रोबोटिक प्रक्रियाएं की जा चुकी हैं। यह कार्यक्रम चेन्नई में 18 से अधिक विशेषज्ञताओं और 11 रोबोटिक सिस्टमों में 50 से अधिक विशेषज्ञ सर्जनों द्वारा समर्थित है। पटना के मेडिवर्सल अस्पताल के सहयोग से, अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई का उद्देश्य बिहार के मरीजों को उन्नत शल्य चिकित्सा विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करना है, जिससे उन्हें घर के पास ही विशेष परामर्श और व्यापक उपचार योजना प्राप्त करने में मदद मिल सके।

# पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन शुरू

**पहले दिन मसौढी में अध्यक्ष पद के लिए 03 ,धनरूआ में 8,पुनपुन में 03 अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड में आगामी 20 अप्रैल को पैक्स का चुनाव होना है, जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में नामांकन के पहले दिन मसौढी में तिन अध्यक्ष समेत कुल 27 लोगों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है, जिसमें बारा पैक्स में कौशल कुमार, पिता राजनंदन यादव,नदौल पैक्स के लिए राजेंद्र प्रसाद पिता स्व यमुना प्रसाद एवं धर्मेंद्र कुमार पिता जय विशुन प्रसाद ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कराया है। वही धनरूआ में बारीबिगहा पैक्स में 6 अभ्यर्थियों ने अध्यक्ष पद एवं सोनमई पैक्स में दो अभ्यर्थी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल कराया है। वहीं पुनपुन प्रखंड में पेमार पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए तीन अभ्यर्थी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। गौरतलब है की मसौढी प्रखंड के बारा पंचायत,चरमा पंचायत और नदौल पंचायत में चुनाव होना है। जिसको लेकर के पहले दिन तीन अध्यक्ष पद समेत 27 कार्यकारीणी सदस्य का नामांकन प्रर्चा दाखिल कराया गया है।नामांकन के दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में काफी हलचल देखी गई और अभ्यर्थियों के साथ समर्थकों की भी उपस्थिति रही। नदौल पैक्स में सदस्य पद के लिए सामान्य वर्ग से छह और पिछड़ा वर्ग से तिन अतिपिछड़ा वर्ग से चार ने नामांकन किया। वहीं बारा पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए कौशल कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सहायक निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि तिनो पैक्सों के लिए नामांकन प्रक्रिया अगले दिन भी जारी रहेगी। वही बारा पंचायत में सामान्य कोटी में दो अभ्यर्थी, एसी में एक अभ्यर्थी ,पिछडा वर्ग में तीन और अति पिछड़ा वर्ग में एक अभ्यर्थी ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कराया है सहायक निर्वाचित पदाधिकारी हर्ष पटेल ने बताया कि पहले दिन बारा पंचायत और नदौल पंचायत के अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है।बारा पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए कौशल कुमार पिता राजनंदन यादव ,नगौली ने किया है। वहीं नदौल फैक्स के लिए राजेंद्र प्रसाद पिता स्वर्गीय जमुना प्रसाद एवं धर्मेंद्र कुमार पिता जयविशुन प्रसाद ने नामांकन पर्चा दाखिल कराया है। आगामी 20 अप्रैल को मतदान होना है उसकी तैयारी जोरों पर की जा रही हैं वहीं 10 और 11 अप्रैल को स्क्रुटनी की तारीख तय की गई है।

# आंतरिक पर्यावरण गुणवत्ता विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुग्रह नारायण कॉलेज, पटना द्वारा 'सोसाइटी फॉर इंडोर एनवायरनमेंट' के सहयोग से 08 अप्रैल 2026 को 'इनडोर एनवायरनमेंट क्वालिटी' (आंतरिक पर्यावरण गुणवत्ता) विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और छात्रों को एक मंच पर लाना था, ताकि वे एनइपी 2020 के तहत परिकल्पित बहु-विषयक दृष्टिकोण के अनुरूप, आंतरिक वायु गुणवत्ता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों और टिकाऊ समाधानों पर विचार-विमर्श कर सकें। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य प्रो. रेखा रानी के स्वागत भाषण से हुआ, संयोजक प्रो. तृप्ति गंगवार ने वर्तमान संदर्भ में आंतरिक पर्यावरण अध्ययन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस सत्र में 'सोसाइटी फॉर इंडोर एनवायरनमेंट' के दो प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लिया: डॉ. राकेश कुमार, अध्यक्ष, SIE, ने इनडोर-आउटडोर दुविधा विषय पर बात की, जबकि - डॉ. प्रियंका कुलश्रेष्ठ, सह-संस्थापक, SIE, ने भारत में आंतरिक वायु गुणवत्ता संकटः पर्यावरण विज्ञान और सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति के बीच की खाई को पाटना विषय पर व्याख्यान दिया। इस सेमिनार में आर.के. शुक्ला (निदेशक, CGWB), मिहिर कुमार झा (उप निदेशक, बिहार राज्य जैव विविधता बोर्ड), डॉ. रागिनी मिश्रा (बिहार स्वास्थ्य सोसाइटी) और प्रो. बिहार सिंह शामिल थे। सेमिनार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि एएन कॉलेज और SIE के बीच एक MoU (समझौता ज्ञापन) की घोषणा थी, जिसका उद्देश्य आंतरिक पर्यावरण गुणवत्ता के क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान, क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। तकनीकी सत्र प्रशासनिक खंड के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। इस सत्र में शोधकर्ताओं और छात्रों द्वारा विविध विषयों पर सोलह शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इस सेमिनार में फैकल्टी सदस्यों, शोधार्थियों और UG/PG छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिन्होंने इनडोर पर्यावरण के विविध क्षेत्रों में अपने शोध-सारांश प्रस्तुत किये। प्रो. कालनाथ मिश्रा, प्रो. सीमा शर्मा, प्रो. प्रीति सिन्हा और आयोजन समिति के सदस्य- प्रो. अनिल कुमार सिंह, डॉ. विनीता प्रसाद, डॉ. निशा कुमारी, डॉ. आकांक्षा उपाध्याय, डॉ. शीरीन मसरूर और डॉ. अमृता चक्रवर्ती ने सेमिनार के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

### रुपये उड़ाने की कोशिश नाकाम, युवक रंगेहाथ पकड़ा गया

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में रुपया जामा मशीन (सीडीएम- कैश डिपॉजिट मशीन) पर रुपये जमा कर रहे एक ग्राहक को झांसा देकर ठगी की कोशिश का मामला सामने आया है। हालांकि ग्राहक की सतर्कता से आरोपी युवक मौके पर ही पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर पश्चिमी निवासी उमेश दस के पुत्र रंजन कुमार बैंक में सीडीएम मशीन के जरिए 23 हजार रुपये जमा कर रहे थे। इसी दौरान पास खड़ा एक युवक बातचीत में उलझाकर उन्हें भ्रमित करने लगा। बातों में फंसाकर उसने मशीन से रुपये निकाल लिए और भागने का प्रयास किया। घटना का एहसास होते ही रंजन कुमार ने तत्परता दिखाते हुए युवक का पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे बैंक कर्मियों के सुपुर्द कर दिया गया। बैंक प्रबंधन ने तत्काल इसकी सूचना पालीगंज थाने को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने मौके पर पुलिस बल को भेजकर युवक को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 23 हजार रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार युवक की पहचान गया जिले के बेला थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुर गांव निवासी परशुराम ठाकुर के 33 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं बैंक परिसर में इस तरह की घटना के बाद ग्राहकों से सतर्क रहने की जरूरत है।

# फायर सेफ्टी को लेकर शिक्षण संस्थान, अस्पताल, होटल, ढाबा रेस्टोरेंट संचालकों के साथ कार्यशाला का आयोजन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अग्निशाम कार्यालय, मसौढ़ी द्वारा नगर परिषद सभागार में अस्पताल, शिक्षण संस्थान, होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज हॉल के संचालकों के साथ एक अग्नि सुरक्षा समन्वय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परी जिला अग्निशमन पदाधिकारी, मसौढ़ी श्री मंजीत सिंह द्वारा की गई।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अग्निशमन विभाग एवं विभिन्न संस्थानों के संचालकों के बीच अग्नि सुरक्षा उपायों की समीक्षा करना तथा बेहतर समन्वय स्थापित करना था। इस दौरान विभिन्न संस्थाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।\ विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा, तथा अस्पतालों में नवजात शिशुओं, छोटे बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों की आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकासी एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही संस्थानों को अग्नि अंकेक्षण के महत्व से अवगत कराया गया एवं वीडियो के माध्यम से अग्नि जोखिम एवं सुरक्षा उपायों के प्रति संवेदनशील बनाया गया। अस्पताल संचालकों को अति ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित रख-रखाव तथा भवन की सीढ़ियों एवं निकासी मार्गों को अवरोधमुक्त रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन अग्नि अंकेक्षण एवं एनओसी पोर्टल के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अनुमंडल स्तर पर अग्निशमन विभाग एवं विभिन्न संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से एक व्हाट्सएप ग्रुप का भी गठन किया गया, जिससे सूचनाओं के आदान-प्रदान में सुगमता आएगी। यह कार्यशाला क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं संस्थागत समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

# गोल एजुकेशन विलेज में विषय पर प्रेरणादायी सेमिनार का सफल आयोजन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोल एजुकेशन विलेज परिसर में मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए 'HOW TO CRACK NEET' विषय पर एक अत्यंत प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक सेमिनार का आयोजन किया गया। NEET-UG परीक्षा में अब 25 दिनों से भी कम समय शेष रहने के मद्देनजर इस विशेष सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतिम चरण की तैयारी के लिए सटीक दिशा, प्रभावी रणनीति एवं आत्मविश्वास प्रदान करना था। संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा किअब समय स्मार्ट वर्क और सही रणनीति का है। सीमित समय में अधिकतम परिणाम प्राप्त करने के लिए एकाग्रता और लक्षित तैयारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हालिया परीक्षा पैटर्न एवं प्रवृत्तियों का विश्लेषण करते हुए विद्यार्थियों को अंतिम दिनों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें एनसीईआरटी पुस्तकों पर मजबूत पकड़ बनाना, नियमित मॉक टेस्ट देना, समय प्रबंधन एवं प्रश्न हल करने की गति बढ़ाना, कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देना, प्रभावी रिवीजन रणनीति अपनाना तथा पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का गहन विश्लेषण शामिल था। साथ ही उन्होंने संतुलित दिनचर्या एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया। सहायक निदेशक श्री रंजय सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, अंतिम दिनों में घबराने के बजाय स्थिर रहकर योजनाबद्ध तैयारी ही सफलता की कुंजी है। अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतरता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ निरंतर अभ्यास करने की सलाह दी। आर.एंड.डी. हेड श्री आनंद वत्स ने वैज्ञानिक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन पद्धति पर जोर देते हुए कहा, "Concept clarity, regular revision और error anlysis ही अंतिम दिनों में स्कोर को अधिकतम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्ट रिवीजन तकनीक, टेस्ट एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार की रणनीतियों को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर गोल के पूर्व सफल छात्र, जो वर्तमान में AIIMS पटना में अध्ययनरत हैं नफीसा, बुशरा, आर्यन एवं राहुल ने अपने अनुभव साझा किए। सभी विशेषज्ञों ने विशेष रूप से अंतिम महीने की रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस समय केवल रिवीजन पर फोकस करना चाहिए, नए टॉपिक शुरू करने से बचना चाहिए। प्रतिदिन फुल सिलेबस मॉक टेस्ट देकर उसका गहन विश्लेषण करना चाहिए तथा कमजोर टॉपिक्स को चिन्हित कर उन्हें मजबूत बनाना आवश्यक है।

# पालीगंज में साइबर अपराधियों का तांडव बैंक खातों में प्रतिदिन हो रही सेंधमारी

**सैकड़ों लोग बने शिकार ,खाताधारी में दहशत**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अगर आपके बैंक खाते में जमा पूंजी सुरक्षित है, तो यह आपकी खुशकिस्मती हो सकती है। पालीगंज क्षेत्र में इन दिनों बैंक खातों में सेंधमारी की घटनाओं ने आम जनमानस की नींद उड़ा दी है। पिछले 15 दिनों से प्रतिदिन बैंक खातों से पैसे गायब होने के चौंकाने वाले मामले सामने आ रहे हैं। ताज्जुब की बात यह है कि ठगी का शिकार हुए अधिकांश लोगों के खातों से राशि आधार नंबर ओर बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) के जरिए निकाली जा रही है, जिससे क्षेत्र में दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, अब तक सैकड़ों लोगों के खातों से 10 हजार,20 हजार 50 हजार, तथा 5200 रुपये की निकासी खातों से हो चुकी है। जिन पीड़ितों के खाते से राशि निकाली गई है, उनमें अधिकतर के खाते एसबीआई पालीगंज शाखा,पंजाब नेशनल बैंक की पालीगंज और लालगंज सेहरा शाखा में हैं। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने न तो एटीएम से कोई राशि निकाली, न ही कोई ऑनलाइन लेनदेन किया और न किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया। तो फिर खाते से राशि कैसे निकल ली गई। कही बैंक कर्मियों की मिली भगत से या, बैंकों की साइबर सुरक्षा में सेंध लगाकर राशि को निकला तो नहीं गया है । कई मामलों में रजिस्ट्री कार्यालय में जमीन खरीद-बिक्री या किसान निबंधन के दौरान अंगूठा लगाने के कुछ देर बाद ही निकासी का मैसेज आया। खिरिमोड़ थाना क्षेत्र के पतौना गांव निवासी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि उनका खाता पालीगंज स्थित एसबीआई के शाखा में है । वे बुधवार को राशि निकालने जब बैंक पहुंचे तो उनके एकाउंट में जमा राशि से 50 हजार रुपए कम था। तो उसने बैंक कर्मी से खाते का डिटेल जब निकलवाई तो उनके होश उड़ गए उनके खाते से 10-10 हजार कर पांच बार में 50 हजार रुपए निकासी कर ली गई है । जबकि उन्होंने एटीएम या बायोमेट्रिक से राशि निकाली ही नहीं है न ही कोई गलत लिंक या कोई मैसेज को खोला है।पैपुरा कला निवासी विपुल कुमार शर्मा ने बताया कि किसान निबंधन की प्रक्रिया पूरी कराने के तुरंत बाद उनके खाते से 10 हजार रुपये कटने का संदेश मिला। वहीं संतोष कुमार खुशहाल के खाते से 5200 रुपये निकासी का मैसेज आया। बैंक में पूछताछ करने पर निकासी अररिया से होने की जानकारी दी गई। इसी तरह गुल्लीटांड़ गांव निवासी सुभाष यादव की पत्नी छठिया देवी के खाते से दो बार में 10-10 हजार रुपये, कुल 20 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। संबंधित ट्रांजेक्शन नंबर 608715345864 एवं 608817708888 बताया गया। लालगंज सेहरा निवासी सुमन कुमार, अनुज कुमार सिंह और प्रेम प्रकाश शर्मा के खातों से भी 10-10 हजार रुपये की फर्जी निकासी की शिकायत सामने आई है। पीड़ितों का कहना है कि अधिकांश लोगों को निकासी की जानकारी तब मिलती है, जब मैसेज आता है या वे बैंक में राशि निकालने पहुंचते हैं। प्रतिदिन लोग पालीगंज थाने में लिखित आवेदन दे रहे हैं।

# ग्रामीणों को आग से बचाव और सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के ग्रामीण इलाकों में बढ़ते आग लगी की घटना को देखते हुए गांव से लेकर शहर तक फायर ब्रिगेड के द्वारा आग से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं, वहीं खेत खलियान में भी आग लगने की घटनाएं जोर हो चुकी है।ऐसे में मसौढी थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों के बीच जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आग से बचाव और आपात स्थिति में सुरक्षित रहने के उपायों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह भी बताया गया कि आग लगने पर प्राथमिक स्तर पर उसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही, समय रहते फायर ब्रिगेड को सूचना देने के महत्व पर भी जोर दिया गया।इस अभियान में फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों को आग बुझाने के तरीके, अग्निशामक यंत्रों के उपयोग और सुरक्षित निकासी के बारे में प्रशिक्षित किया।इस जन-जागरूकता अभियान से ग्रामीणों में आग सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। स्थानीय लोगों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताया,यह कार्यक्रम मसौढ़ी प्रखंड के विभिन्न स्थानों—ग्राम कैलूचक, कपूर्री चौक, धनरूआ बाजार, पभेरी मोड़ एवं मसौढ़ी प्रखंड परिसर में कलाकारों द्वारा लोकगीत एवं नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्री मेगा आर्थो कैम्प 12 को

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के चर्चित जेएमएच मल्टीकेयर हब टेम्पो गली, न्यू गायत्री नगर जमालपुर में 12 अप्रैल को फ्री मेगा ऑर्थो कैंप का आयोजन करने जा रही है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन रजा ने बताया कि कैंप में मुफ्त परामर्श की सुविधा मिलेगी और बीएमडी यानी बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट जैसी सुविधा जो महंगे कीमत में होती है वह भी निशुल्क किया जाएगा।जिस माध्यम अपने हड्डी की घनत्व एवं स्थिति जान पाएंगे।

### शराबी से रेलकर्मी परेशान

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर बस्ती में एक शराबी से रेलकर्मी का परिवार परेशान है। रेल कर्मी संजय कुमार ने बताया कि बस्ती के ही एक शराबी बराबर नशे की हालत में मेरे बजे पर आकर गाली गलौज एवं दरवाजे पर लात मारता है जिसकी शिकायत जमालपुर पुलिस को करते हुए कार्रवाई करने की बात मांग की है। इधर मामले को 112 की टीम जांच कर रही है।

### रेलकर्मी के क्वार्टर से हजारों की चोरी

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर छात्रावास के एक क्वार्टर में बीते रात्रि चोर ने खिड़की तोड़कर रूम के अंदर प्रवेश कर एलसीडी टीवी, सोना एवं नगद रुपए चोरी कर चलते बने। चोरी की घटना के बारे में वाटर में रहने वाले ललित कुमार सिंह ने बताया कि खिड़की तोड़कर क्वार्टर में चोरी की घटना हुई है। इधर इस मामले को लेकर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि मामले को लेकर कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है और ना कोई जानकारी मिली है। फिर भी अगर घटना हुई है तो कार्रवाई निश्चित रूप से होगी।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ आरपीएफ एवं सीआईबी जमालपुर के संयुक्त कारवाई के दौरान एक व्यक्ति को शराब की 8 बोतल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान रंजीत यादव साकिन मुरादपुर पोस्ट विष्णुपुर थाना परबत्ता माधवपुर जिला खगड़िया के रूप में हुआ है।शराब के संबंध में पूछने पर उन्होंने कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं दे पाया। उसके पास से अलग-अलग ब्रांड के कुल आठ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुए हैं। बरामद शराब मामले में कार्रवाई करने की बात आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने कही है।

### एपेक्स ट्यूटोरियल में मेधावी छात्रों का सम्मान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के स्थानीय प्रेक्षागृह में बुधवार को एपेक्स ट्यूटोरियल द्वारा छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक हेमंत कुमार ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और समुचित मार्गदर्शन के बल पर छात्र सफलता के नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान के छात्र चंदेश्वर कुमार को जिला टॉपर बनने तथा बिहार स्तर पर टॉप-टेन में स्थान प्राप्त करने के लिए 1.51 लाख की नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि चंदेश्वर की उपलब्धि न केवल संस्थान, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है।इसके अलावा टॉप पांच छात्रों में शम्स परवेज को 51 हजार, परवीर कुमार सोनी को 41 हजार, सूरज कुमार राव को 31 हजार तथा कौशर आलम को 21 हजार की नगद राशि का चेक प्रदान किया गया। मौके पर अवनीश कश्यप, ब्रजेश कुमार, संदीप कुमार, सिकंदर कुमार, चंदन श्रीवास्तव, कुंदन श्रीवास्तव, गुड्डु, प्रकाश, सूरज के अलावे अभिभावक एवं अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### कफ सिरप को लेकर मेडिकल दुकानों में चला सर्च अभियान

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप के अवैध कारोबार के खिलाफ भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार एंव ड्रग इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से भंगहा थाना क्षेत्र के मेडिकल दुकानों में सर्च अभियान चलाया। मेडिकल दुकानें सहित भिन्न-भिन्न जगहों पर छापेमारी की गई। इस दौरान मेडिकल दुकानदारों में हड़कंप मची रही। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मेडिकल स्टोर सहित अन्य जगहों पर छापेमारी की गई है। थानाध्यक्ष ने मेडिकल के दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप केवल वैध डॉक्टर की पर्ची पर ही बेची जा सकती है। अवैध बिक्री या कोडीन सिरप के काले बाजार में शामिल पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि यह छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध नशिली कप सिरप बेचने वाले एंव इस धंधा से जुड़े रहने वाले पकड़े जाने पर खैर नहीं है।

### सामुदायिक भवन से प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मलदहिया पोखरिया पंचायत के मलदहिया में बने समुदायिक भवन पर अवैध रूप से कब्जा को प्रशासन ने हटवा दिया है। बुधवार को प्रखंड और अंचल प्रशासन के साथ भारी संख्या में पुलिस बल पहुचीं और अवैध कब्जा को हटाया गया। बीडीओ सह प्रभारी सीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि मलदहिया में सामुदायिक भवन पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। जिसको लेकर एक कई बार उसे खाली करने का निर्देश भी दिया गया था। लेकिन वह खाली नहीं कर रहा था।न्यायालय से निर्देश प्राप्त होने के बाद बुधवार को पुलिस बल के साथ प्रशाशनिक टीम पहुचीं सामुदायिक भवन से अवैध कब्जा को हटाया गया है। इस दौरान बीडीओ ने अतिक्रमणकारी को कड़ी चेतावनी भी दी है। बता दे कि यह समुदायिक भवन बीआरजीएफ योजना के तहत बनाया गया है। जिसपर अवैध कब्जा को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। यह मामला हाईकोर्ट तक पहुच गया था। मौके पर थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी अशोक पटेल, अंचल अमीन समेत अन्य प्रखंड व अंचल कर्मियो के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

### दुर्घटनाओं में एक महिला समेत चार लोग जख्मी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में 1 महिला समेत 4 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। अनुमंडल अस्पताल पहुचने वाले घायलों में शहर के प्रकाश नगर निवासी श्रवन कुमार, सहोदरा थाना के डोमाठ गांव निवासी विवेक कुमार एवं वृजेश पंडित की पत्नी निर्मला देवी तथा गौनाहा थाना के पिपरा गांव निवासी मोहन चौधरी शामिल है। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि सभी घायलों का इलाज किया गया है। सभी की स्थिति अब सामान्य है, उपचार के बाद सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

### नरकटियागंज के गौनाहा में पुलिस का छापा, आर्केस्ट्रा से 8 नाबालिग लड़कियां रेस्क्यू, चार संचालक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानव तस्करी और बाल श्रम के खिलाफ चलाए जा रहे नया सवेरा 2.0 अभियान के तहत बेतिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और कमजोर वर्ग के एडीजी के निर्देश पर गौनाहा थाना क्षेत्र में की गई विशेष छापेमारी में 8 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने अवैध आर्केस्ट्रा चलाने वाले 4 संचालकों को भी गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि क्षेत्र में आर्केस्ट्रा ग्रुप के नाम पर नाबालिग लड़कियों से जबरन काम कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की और संबंधित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान मौके से 8 नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित निकाला गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि इन लड़कियों को या तो बेहतर भविष्य का झांसा देकर बहलाया-फुसलाया गया था या उन पर दबाव बनाकर उन्हें इस काम में धकेला गया था।एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि यह मानव तस्करी और बाल श्रम जैसे गंभीर अपराध का मामला है। एसडीपीओ ने बताया कि पीड़ित बच्चियों को संरक्षण में लेकर उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और इस पूरे गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।इस अभियान में स्थानीय पुलिस के साथ-साथ सामाजिक संगठनों की टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### डीएम का औचक निरीक्षण: गैस एजेंसी की लापरवाही पर कड़ा एक्शन, एफआईआर का निर्देश

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। बुधवार को जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने मझौलिया प्रखंड स्थित लालसरैया मां शारदे एचपी गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया।

# नदी पार करने के दौरान आठ वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत

## इलाके में पुल नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**अररिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के दियारी पंचायत से होकर गुजरने वाली परमान नदी में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नदी पार करने के दौरान 8 वर्षीय एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सुभाष राज मुर्मू (8 वर्ष), पिता समियल मुर्मू, निवासी संथाल टोला वार्ड संख्या 10, दियारी के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार बच्चे की मां सुनीता हेंब्रन मजदूरी कर अपने दो बच्चों के साथ घर लौट रही थी। इसी दौरान उन्हें परमान नदी पार करनी थी। नदी में पानी अधिक रहने के कारण अचानक वे गहरे हिस्से में चली गईं और डूबने लगीं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मां और एक अन्य बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन 8 वर्षीय सुभाष राज मुर्मू गहरे पानी में समा गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों द्वारा काफी खोजबीन की गई। कुछ देर बाद स्थानीय लोगों ने बच्चे को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि मृतक के पिता समियल मुर्मू वर्तमान में परदेश में मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन और ग्रामीणों में शोक के साथ-साथ आक्रोश भी व्याप्त है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि दियारी पंचायत के लोगों को आवागमन के लिए परमान नदी पार करना मजबूरी है। यहां तक कि अस्थायी चचरी पुल की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे हर वर्ष इस तरह के हादसे होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पुल निर्माण कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# घोष दल के छात्र-छात्राओं को विद्या मंदिर में किया गया सम्मान



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती विद्या मंदिर दौलतपुर जमालपुर में घोष दल के छात्र-छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रेरणादाई इस कार्यक्रम में हरिओम होमियोपैथी, कल्याणपुर की ओर से घोष दल के सभी भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के घोष दल के छात्र-छात्राओं ने अपनी अनुशासनबद्ध प्रस्तुति और उत्साह से सभी को मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जय प्रकाश दुबे, संरक्षक उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य अतिथियों में राजेश कुमार, विद्यालय सचिव चंद्रशेखर खेतान, सुधीर कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, छठु साह प्रधानाचार्य , शोभा निशु समिति सदस्या, कमल कुमार सिंह घोष दल प्रमुख तथा सुप्रिया सुमन मौजूद रहे। इधर हरिओम होम्योपैथिक कल्याणपुर की टीम ने घोष दल के सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान मुख्य अतिथि जय प्रकाश दुबे ने विद्यालय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, ह्वइस विद्यालय के जो भी छात्र दशम कक्षा में टॉपर होंगे, उन्हें विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।ह्व उन्होंने छात्रों को आगे की पढ़ाई और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया तथा घोष दल की गतिविधियों की सराहना की। प्रधानाचार्य छठु साह ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यालय में संस्कार, अनुशासन और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। घोष दल के छात्र-छात्राओं ने न केवल पुरस्कार प्राप्त किए, बल्कि पूरे विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी किया। कार्यक्रम का समापन मां सरस्वती के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए हुआ।

# दस्तावेज जलाए जाने के प्रकरण मामले की जांच करने पहुंचे पदाधिकारी



## प्रखंड एवं अंचल के तमाम कर्मचारियों से किया गया पूछताछ

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपमुख्यमंत्री विजय सिंह के मुंगेर आगमन के दो दिन पूर्व जमालपुर प्रखंड एवं अंचल परिसर में महत्वपूर्ण दस्तावेज जलाए जाने के प्रकरण मामले की जांच करने बुधवार को डीसीएलआर अनु कुमार एवं सदर एसडीओ कुमार अभिषेक प्रखंड पहुंचे। डीसीएलआर एवं सदर एसडीओ के एक साथ जमालपुर पहुंचने पर जहां थोड़ी देर के लिए नगर परिषद कार्यालय हो या प्रखंड या फिर आंचल सभी में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी के बीच आपाधापी जैसा माहौल देखने को मिला। प्रखंड कार्यालय में पहुंचे दोनों अधिकारी पहले प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन से मिलकर दस्तावेज जलाए जाने के मामले को लेकर पूछताछ किया। पूछताछ के बाद जलाए गए दस्तावेज के स्थल को देखा और वहां पर जले हुए कागजात के अवशेष को दोनों पदाधिकारी ने इकट्ठा कर संबंधित पदाधिकारी कर्मचारी से पूछताछ किया। जांच करने आए दोनों पदाधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जांच चल रही है जल्दी बाजी में कुछ कहा नहीं जा सकता पर यह सत्य है कि अगर अगर महत्वपूर्ण दस्तावेज जलाए गए हैं तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। इधर दस्तावेज जलाए जाने के प्रकरण मामले में प्रखंड एवं अंचल के तमाम कर्मचारियों को बीडीओ द्वारा स्पष्टीकरण पूर्व में पूछा गया था।

# पानी आपूर्ति को लेकर जमालपुर धरहरा मुख्य मार्ग 5 घंटों जाम



**सड़क जाम रहने से हम लोग एवं राहगीर सहित स्कूली बच्चे हुए परेशान।**

**पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद हटाया गया जाम।**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के आधा दर्जन वार्डों में जल नल का कनेक्शन होने से पानी की आपूर्ति नहीं होने से परेशान एवं आक्रोशित महिलाओं ने घर का चूल्हा चक्की बंद कर ही जमालपुर धरहरा मुख मार्ग को जमकर शासन प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी किया। सड़क जाम कर रही महिला सावित्री देवी, लीलावती देवी,मंजू देवी,सीता देवी,सुमन देवी, शिवानी कुमारी सहित कई मैं बताई की जल नल का कनेक्शन शहर के अधिकांश वार्ड में पूरा हो गया है और पानी भी सप्लाई रुक रुक कर हो रहा है। लेकिन हम लोग के वार्ड में 2 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ना ही कनेक्शन हुआ है और ना ही पानी आपूर्ति कैसे हो इसको लेकर कोई उपाय नगर परिषद प्रशासन ने अब तक नहीं किया है। इधर-उधर से पानी लाकर किसी तरह काम चला रहे हैं पर गर्मी होने के कारण आसपास के लोग भी पानी देने से मना कर रहे हैं। घर में पानी नहीं होने के कारण खाना पीना मुश्किल हो गया है। बच्चे जब पीने के लिए पानी मांगते हैं तो हम लोग परेशान हो जाते हैं। हम लोगों को पानी को लेकर हो रही परेशानी के बारे में नगर परिषद से लेकर जिला अधिकारी के कार्यालय तक लिखित एवं मौखिक रूप से गुहार लगाने के बावजूद पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। बाध्य होकर हम लोगों को सड़क जाम करना पड़ा। इधर सड़क जाम होने की खबर जैसी ही जमालपुर पुलिस को हुई तो थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने गश्ती दल को जाम छुड़ाने के लिए पदाधिकारी कंचन, अखिलेश्वर कुमार को भेजो पदाधिकारी ने अपने स्तर पर जाम कर रही महिला को काफी समझाया पर इसमें सफल नहीं हुए। आखिरकार समाजसेवी मनीष मंडल, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजन मंडल, वार्ड पार्षद राकेश तिवारी, पूर्व पार्षद बबलू पासवान, साइ शंकर, प्रतिनिधि बादल सिंह एवं नपकर्मी प्रेमशंकर सहित बुडको के जेई सुरेंद्र शर्मा ने जनता को आश्वासन दिया कि सप्ताह भर के अंदर पानी आपूर्ति के दिशा में पहल करवाने की बात समझाते हुए कहीं तो आक्रोशित महिला यह कहते हुए जाम हटाई की अगर सप्ताह भर पहल नहीं हुआ तो फिर सड़क पर उतरेंगे।

### सड़क जाम में फंसे स्कूली बच्चों को निकलने पर प्रिंसिपल पहुंची जाम स्थल

जमालपुर धरहरा मुख्य मार्ग पर सुबह 6:45 से 12:00 दिन तक लगे जाम में फसे डीएभी स्कूल जमालपुर के सैकड़ो छात्र-छात्राओं की जानकारी जैसे ही प्रिंसिपल को हुई तो जाम स्थल पर शिक्षक राजेश कुमार के साथ पहुंच कर पहले जाम कर रही महिलाओं से निवेदन किया। स्कूली बच्चे पढ़ाई लिखाई बाधित नहीं हो इसको लेकर मौके पर मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मंडल ने प्रिंसिपल के बातों से सहमत होकर जाम कर रही महिलाओं को समझाते हुए छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने के लिए रास्ता दिए।

# महिला आरक्षण पर संसद में मंथन, नारी सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम : पार्वती तिवारी

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बजट सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पर चल रही चर्चा को देश में नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। काली सेना की राष्ट्रीय प्रमुख एवं सह भाजपा नेत्री पार्वती तिवारी ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि ह्वनारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023ह्व के माध्यम से संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का एक ऐतिहासिक संकल्प है। पार्वती तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि वर्षों से महिला अधिकारों के लिए संघर्षरत संगठनों, जागरूक समाज और विभिन्न राजनीतिक दलों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि क्रियान्वयन में देरी के बावजूद महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष को कभी कमजोर नहीं होने दिया। बजट सत्र को 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक बढ़ाए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे महिला आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन पर व्यापक और सार्थक चर्चा का अवसर मिलेगा। उन्होंने लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 करने के प्रस्ताव को दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलेगा और क्षेत्रीय संतुलन भी मजबूत होगा। पार्वती तिवारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस ऐतिहासिक विधेयक को सर्वसम्मति से लागू करने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण का लाभ केवल परिवारवाद तक सीमित न रहकर समाज के हर वर्ग की योग्य और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली महिलाओं तक पहुँचना चाहिए। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि मौजूदा सत्र में महिला आरक्षण के मुद्दे पर सकारात्मक समाधान निकलेगा और देश में नारी सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।



# धोरैया में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**धोरैया (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बांका पुलिस और पटना एसटीएफ की आर्म्स सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए धोरैया थाना क्षेत्र के सरवा गांव में चल रही एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। मंगलवार को हुई इस छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित हथियार और उपकरण बरामद किए हैं।

बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बौसी एसडीपीओ इंद्रजीत बैठा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने सरवा गांव निवासी बोध नारायण मंडल (48 वर्ष) के घर पर दबिश दी, जहाँ बड़े पैमाने पर हथियार बनाए जा रहे थे।पुलिस ने मौके से दो अर्द्धनिर्मित पिस्टल, बैरल, स्लाइड, बट समेत सात जिंदा कारतूस बरामद किए। इसके अलावा हथियार बनाने में प्रयुक्त लेथ मशीन के पार्ट्स, ग्राइंडर, ड्रिल मशीन और अन्य औजार भी जब्त किए गए हैं।

वहीं एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त बोध नारायण मंडल का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इस मामले में धोरैया थाना कांड संख्या-101/26 दर्ज कर पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष अमित कुमार, पुअनि आसिफ अख्तर और एसटीएफ की टीम शामिल थी।

# बीईओ ने महादेव साह उच्च विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका से मांगा स्पष्टीकरण

**सीआरसी संचालन के लिए खरीदी गई सामग्री में घोर वित्तीय अनियमितता के आरोप**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीईओ सरोज कुमार सिंह ने प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी की पूर्व प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी से स्पष्टीकरण मांगा है। बीते सोमवार को विद्यालय के औचक निरीक्षण के क्रम में बीईओ श्री सिंह ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में संकुल संसाधन केंद्र (सीआरसी) के संचालन हेतु एक लाख तिरपन हजार रुपये की लागत से खरीदी गई सामग्री का अवलोकन किया, जिसमें घोर वित्तीय अनियमितता दिखाई दी। जांच के दौरान सामग्री काफी घटिया स्तर की पाई गई, जो विभाग द्वारा निर्धारित मानकों से अत्यंत निम्न थी। इन सामानों में एक सीपीयू, एक मॉनिटर, एक कीबोर्ड और एक माउस के अलावा एक कंप्यूटर टेबल, एक सामान्य टेबल तथा दस कुर्सियां शामिल थीं, जबकि यूपीएस और प्रिंटर उपलब्ध नहीं था। इसके बाद बीईओ ने सभी सामानों को एक जगह एकत्रित कर-के उसकी तस्वीरें लीं। इस संबंध में जब वर्तमान प्रधानाध्यापक से पूछताछ की गई, तो उन्होंने बताया कि उक्त सामग्री मेरे कार्यकाल में खरीदी नहीं गई है। इसके उपरांत पूर्व प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी को बुलाकर इस संबंध में पूछताछ की गई, जिसका उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर बीईओ ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। इसी दौरान प्रिंटर उपलब्ध नहीं होने के संबंध में पूछे जाने पर पूर्व एचएम ने बताया कि प्रिंटर उनके घर पर रखा हुआ है। विद्यालय का सामान घर पर रखे जाने की बात पर बीईओ काफी नाराज हुए और इसे प्रथम द्रष्टया वित्तीय अनियमितता का संकेत माना। जारी स्पष्टीकरण में पूर्व एचएम को उनके कार्यकाल से संबंधित कार्यवाही पंजी, चालान और रोकड़ बही सहित स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। अन्यथा वित्तीय अनियमितता के आरोप में वरीय पदाधिकारी को विभागीय कार्रवाई हेतु पत्र भेजने की बात कही गई है।


# पांच सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर गए पंचायत सचिव

## सीओ, आरओ, राजस्व कर्मचारी के बाद पंचायत सचिवों की हड़ताल शुरू

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर आठ अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इसको लेकर बुधवार को पंचायत सचिव विक्रांत राज, सतीश कुमार, राकेश कुमार, अयांक कुमार, अर्थेश कुमार, अमरेश कुमार आदि ने बताया कि पांच सूत्री मांगों को लेकर संघ के आह्वान पर आठ अप्रैल को सभी पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। पंचायत सचिवों ने कहा कि सरकार जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं करेगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। हालांकि पुराने पंचायत सचिव व जन सेवक इस हड़ताल से बाहर है। हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों की मांग में उनके गृह जिला में पदस्थापना, प्रोन्नति की उम्र 56 वर्ष समाप्त करने, ग्रेड पे 4200 रुपए करने, दो हजार रुपए यात्रा भत्ता देने, सेवा संपुष्ट करने, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्णय के अनुसार प्रोन्नति के लिए पद देने आदि मांग शामिल है। विदित हो कि इससे पहले सीओ और आरओ के साथ राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे है। अब पंचायत सचिवों के हड़ताल पर जाने से आमजन के कार्यो का निष्पादन में काफी परेशानी होगी। इसके साथ ही पंचायत में चल रही विकाश योजनाओं के निष्पादन में काफी परेशानी होगी। बता दे कि बाबूराम प्रसाद यादव के सेवानिवृत्त होने के बाद वर्तमान में नरकटियागंज प्रखंड में कुल 10 पंचायत सचिव व जनसेवक कार्यरत हैं।

# रसूलपुर के मृत्युंजय दुबे की लिखी पुस्तक 'बिहारी गौरव' प्रकाशित

## गांव में खुशी, लोग दे रहे बधाई




**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय चट्टी के रहने वाले एक ग्रामीण 70 वर्षीय मृत्युंजय दुबे की किताब 'बिहारी गौरव' प्रकाशित हुई है।पेशे से एकमा निबंधन कार्यालय के लेखपाल की नौकरी से सेवानिवृत्त लेखक दूबे ने अपनी लेखन कला से बिहार की कला, संस्कृति के गौरवशाली इतिहास को जीवंत किया है।18 मार्च 2026 को स्पर्श प्रकाशन से प्रकाशित उनकी किताब को साहित्य जगत में प्रशंसा मिल रही है।तीन अध्यायों में लिखी गई पुस्तक में लेखक दूबे ने बिहार के अलग अलग क्षेत्रों के नामचीन लोगों का चुनाव किया है। पहले अध्याय स्वतंत्रता संग्राम व राष्ट्रीय आन्दोलन में सहजानंद सरस्वती से लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक के व्यक्तित्व व कृतित्व का चित्रण है।तो सिनेमा, मिडीया व रचनात्मक अभिव्यक्ति अध्याय में डा विवेकी राय से लेकर भिखारी ठाकुर के लौंडा नर्तक पद्मश्री रामचंद्र मांझी तक को लेखक दूबे द्वारा स्थान दिया गया है. अंतिम तीसरे अध्याय शिक्षा विज्ञान व बौद्धिक विचारक व चिंतक में विंदेश्वरी पाठक,संप्रदाय सिंह और सुपर थर्टी के आनंद कुमार पर दूबे ने अपनी नजरिया कलम से उतारी है।स्थानीय लोगों के अनुसार, मृत्युंजय दुबे बचपन से ही साहित्य और काव्य के प्रति समर्पित रहे हैं।एकमा निबंधन कार्यालय में बतौर कलर्क लंबी सेवा देने के बाद उन्होंने अपना जीवन इतिहास की गहन खोज को समर्पित कर दिया और अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है। साहित्य प्रेमी मृत्युंजय दुबे की इस उपलब्धि पर पूर्व मुखिया वेदप्रकाश सिंह उर्फ भोला सिंह, सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद, उप मुखिया मनोज सोनी ,अशोक दूबे सहित तमाम ग्रामीणों ने बधाई दी है गांव और क्षेत्र के लिए गौरव की बात कही है। पुत्र प्रो दिवाकर दूबे ने बताया कि पिताजी का उद्देश्य अपनी रचना के माध्यम से बिहार के गौरवशाली इतिहास को देश-विदेश तक पहुंचाना है।बिहारी गौरव' उनकी मिट्टी के प्रति प्रेम की एक छोटी सी भेंट है।

CMYK

# ऋण निपटारे के लिए दाउदनगर में होगा बैंक शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा बैंक ऋण से संबधित मामलों के निपटारे के लिए अपने प्रकोष्ठ में बैठक की। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक आनन्द वर्धन, बिहार ग्रामीण बैंक रोहित कुमार, समेत इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पदाधिकारियों मौजूद रहे। इस बैठक में सचिव द्वारा बैंकिंग से जुडे सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा दुनिर्देश के अनुरूप बैंक ऋण से संबधित मामलों का लोक अदालत में निस्तारण करायें तथा पक्षकारो को अधिक से अधिक राहत प्रदान करें। इसके साथ-साथ उनके द्वारा यह कहा गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों के सुविधा को देखते हुए इस बार से दाउदनगर अनुमण्डलीय न्यायालय में बैंक ऋण से संबंधित शिविर का भी व्यवस्था किया जायेगा। जिसमें दाउदनगर क्षेत्र से आने वाले न सिर्फ वाद कारियों को सहुलियत होगी। साथ ही दाउदनगर क्षेत्र के बैंक के पदाधिकारियों को भी अपने-अपने बैंक के ऋण मामलों के निस्तारण करने हेतु आसानी होगी। उनके द्वारा उपस्थित बैंकिंग क्षेत्र से जुडे पदाधिकारियों को कहा सरकारी अनुदान पर बैंक शाखाओं द्वारा सूद लगाने तथा वसूलने की कार्रवाई से सम्बन्धित मामला प्रकाश में आया है, जिसके लिए सभी बैंक से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्थापित प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए जिससे कि लोक अदालत के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। उनके द्वारा कहा गया कि लोक अदालत में बैंक ऋण से संबधित मामलें में पक्षकार अधिक राहत पाने के उद्देश्य से आतें है। इसलिए ऐसे मामलों में बैंक से जुड़े सभी पदाधिकारियों को लचिला रूप अपनाकर ऋण वादों का निस्तारण करना चाहिए और ऋण से जुडे जिन मामलों में अनुदान दिया जा सकता है। अनुदान का लाभ ऋणधारियों को प्राप्त हो। इस प्रक्रिया का अनुपालन भी आवशयक रूप से करना चाहिए। सचिव ने लोगां से यह अपील की है कि, वे इस लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण करायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार उनकी सुविधाओं एवं समस्याओं का निदान करने हेतु तत्पर है। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सम्पर्क कर सकते है।

## आंधी-तूफान में पेड़ गिरने से जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। हसपुरा प्रखंड के धमनी टोले शांभो पर गांव निवासी सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के जवान राकेश कुमार (30 वर्ष) की झारखंड के चाईबासा स्थित सारंडा जंगल में एक दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। इस घटना से परिवार, गांव और सुरक्षा बलों में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ की 210 कोबरा बटालियन द्वारा सारंडा के घने जंगलों में नक्सल विरोधी सर्च अभियान चलाया जा रहा था। मंगलवार की देर रात जवान बाबू डेरा कैंप के पास अभियान में जुटे हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया। तेज हवा के बीच एक विशाल पेड़ टूटकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से जवान राकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य जवानों ने उन्हें तत्काल बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया और बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल भेजा। हालांकि इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई विक्रम कुमार ने बताया कि राकेश कुमार बेहद बहादुर और कर्तव्यनिष्ठ जवान थे। वह करीब एक महीने पहले ही छुट्टी बिताकर 5 मार्च को ड्यूटी पर लौटे थे। राकेश कुमार चार भाइयों में सबसे बड़े थे। उन्होंने वर्ष 2012 में सीआरपीएफ में सेवा शुरू की थी। वर्ष 2014 में उनकी शादी पिंकी देवी से हुई थी।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में भजन गंगा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। मंगलवार की देर शाम औरंगाबाद के पंचमुखी हनुमान मंदिर सह शिव मंदिर परिसर में भव्य "भजन गंगा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धालुओं ने समवेत स्वर में हनुमान चालीसा के पाठ से की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में भक्त डी. आनंद ने कहा कि मंगलवार का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए अत्यंत शुभ होता है। उन्होंने बताया कि राम भक्त हनुमान की आराधना से साहस, समृद्धि और करियर में सफलता प्राप्त होती है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं समाजसेवी अंजु देवी उर्फ अंजलि आनंद ने कहा कि हनुमान जी की पूजा से मानसिक तनाव में कमी आती है और जीवन के अटके हुए कार्य पूरे होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हनुमान भक्ति से भगवान श्रीराम और माता सीता की कृपा प्राप्त होती है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न भजन गायकों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिनमें हनुमान जी एवं भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया गया। प्रोफेसर अनुराग ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, जबकि भक्त बबलू सिंह ने सत्संग की महत्ता बताते हुए कहा कि इससे एकाग्रता बढ़ती है। मंदिर परिसर "जय श्रीराम", "जय हनुमान" और "हर-हर महादेव" के जयकारों से गूंजता रहा। आयोजन में शशांक सिंह, कुलदीप चौधरी, कृष्ण कुमार एवं बबलू सिंह का विशेष सहयोग रहा। वहीं पुजारी सह वार्ड प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, संतोष उपाध्याय, आलोक उपाध्याय, सरदार यादव, बिरजा यादव, छोटू पासवान, बाबा धर्मेंद्र कुमार एवं भोला साव सहित कई श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में अंजु देवी ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर खतरा है और सभी को पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर 1 मई 2026 को भारत-नेपाल सीमा स्थित बेलवा घाट परिसर में 154वीं नारायणी गंडकी महाआरती का आयोजन किया जाएगा। अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# औरंगाबाद में गैस वितरण व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में भारत गैस की वितरण व्यवस्था को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस वितरण के नियम लगातार बदल रहे हैं, जिससे आम लोगों को समझ में नहीं आ रहा कि आखिर वे क्या करें। जानकारी के अनुसार, एक दिन पहले तक भारत गैस का किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज के पास सिलेंडर का वितरण किया जा रहा था। वहां उपभोक्ता लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते थे और गैस प्राप्त कर लेते थे। लेकिन बुधवार की सुबह जब बड़ी संख्या में लोग उसी स्थान पर गैस लेने पहुंचे तब उन्हें अचानक जानकारी मिली कि अब व्यवस्था बदल दी गई है। मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं को बताया गया कि अब गैस लेने से पहले उपभोक्ताओं को एजेंसी कार्यालय जाकर रसीद कटानी होगी, उसके बाद ही सिलेंडर मिलेगा। इस अचानक बदलाव से लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। कई उपभोक्ता बिना गैस लिए ही वापस लौट गए, जबकि कुछ लोग एजेंसी कार्यालय की ओर दौड़ते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह बिना पूर्व सूचना के नियम बदलना सही नहीं है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे सुबह से ही लाइन में लगे थे, लेकिन बाद में नियम बदलने की जानकारी मिलने पर उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को इस अव्यवस्था के कारण अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण की व्यवस्था को स्पष्ट और स्थिर बनाया जाए, ताकि लोगों को बार-बार परेशान न होना पड़े। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी बदलाव की जानकारी पहले से सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि उपभोक्ता उसके अनुसार तैयारी कर सकें। इस संबंध में संबंधित एजेंसी की ओर से कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है। फिलहाल, उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बनी हुई है और लोग जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं।

# तीसरी मंजिल से गिर जाने के कारण युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। के एक युवक की महाराष्ट्र के पुणे में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की पहचान कुटुम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरी कला गांव निवासी स्व. बालकिशोर शर्मा 28 वर्षीय विनय कुमार शर्मा के रूप में की गई है। बुधवार को जैसे ही युवक का शव उसके पैतृक गांव पहुंचा, परिजनों के बीच कोहराम मच गया और हर आंख नम हो उठी। विनय वर्ष 2019 से अपने बड़े भाई और अन्य साथियों के साथ पुणे में रहकर सरिया सेटिग का काम करता था और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को पुणे के उत्तम नगर सोसाइटी स्थित उत्सव नगर के रंगलिया रेजिडेंसी में निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान विनय सरिया सेटिग का काम कर रहे थे। काम के क्रम में अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह तीसरी मंजिल से नीचे गिर पड़े। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसे बुधवार को उनके गांव सिमरी कला लाया गया। शव के गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया और परिजन शव से लिपटकर बिलख-बिलख कर रोने लगे। मृतक के जुड़वा भाई कुंदन कुमार ने बताया कि चार भाइयों में विनय तीसरे स्थान पर था। परिवार में खुशियों का माहौल था क्योंकि अगले महीने यानी मई में उसकी शादी तय थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं और विनय भी जल्द ही शादी के लिए घर आने वाला था। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था और शादी से पहले ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# धुरिया में महायज्ञ की तैयारियां पूरी, गांव में उमड़ा श्रद्धा और उत्साह का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के धुरिया गांव में आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत सप्ताह सह मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरे गांव में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल चरम पर है, जिससे धुरिया पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में रंग गया है। परम पूज्य स्वामी राम प्रपन्नाचार्य के सान्निध्य में आयोजित इस महायज्ञ का शुभारंभ 11 अप्रैल को भव्य जल यात्रा के साथ होगा। आयोजन के तहत 14 अप्रैल को नगर परिक्रमा, 15 अप्रैल को विधिवत वेदी पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा तथा 17 अप्रैल को हवन, पूर्णाहुति और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गांव की गलियां आकर्षक ढंग से सजाई गई हैं और हर तरफ भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं और अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य गांव में सुख-शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से की गई हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण और यादगार बनेगा।

# औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ की हालत बदतर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राष्ट्रीय राजमार्ग सं-139 की हालत इन दिनों काफी खराब होती जा रही है। बता दें कि झारखंड सीमा स्थित संडा से औरंगाबाद तक सड़क काफी जर्जर हो गया है। इस पथ से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क की ऊपरी परत कई स्थानों पर उखड़ चुकी है और छोटे-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। इस सड़क पर वाहन चलाना जोखिम भरा है। बता दें कि यह पथ भारी मालवाहक वाहनों के साथ बसों, टेंपों और बाइक सवारों के लिए भी प्रमुख संपर्क मार्ग है परंतु बदहाल सड़क के कारण ट्रैफिक की रफ्तार थम गई है। बता दें कि करीब 24 किमी की दूरी तय करने में एक घंटे से अधिक समय लग रहा है। सड़क की चौड़ाई कम होने से वाहनों को साइड लेने में परेशानी होती है। धीमे वाहनों के पीछे लंबी कतार लग जाती है। कई स्थानों पर अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति बनती है जिससे टक्कर की आशंका बनी रहती है। स्थानीय वाहन चालक बताते हैं कि रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देने से खतरा और बढ़ जाता है। बता दें कि इस पथ को फोरलेन बनाने की योजना पहले प्रस्तावित थी परंतु अबतक उस पर कोई प्रगति नहीं हुई है और चौड़ीकरण का कार्य भी ठप्प पड़ गया है। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से सड़क पर उभरे गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

## चार दिनों से लापता युवक का नदी में मिला शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर**। समस्तीपुर में चार दिनों से लापता एक युवक का शव मिला है। मृतक की मां ममता देवी का कहना है कि उसके बेटे का अपहरण हुआ था। लड़की के परिजनों ने उसके बेटे की हत्या कर दी है। क्योंकि दोनों आपस में बात करते थे। इस बात से वो नाराज थे।

मामला वारिसनगर थाना क्षेत्र के बसंतपुर रमणी पंचायत के कमलावाहा वार्ड-6 मोहल्ला का है। मृतक युवक इसी थाना क्षेत्र के सुखपुर गांव का राजकुमार राम का बेटा विपिन कुमार (22) है।

# ऊब मध्य विद्यालय में महादलित के 150 छात्र, पर एक भी टोला सेवक नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। प्रखंड के मध्य विद्यालय ऊब में महादलित छात्रों की संख्या करीब 150 है परंतु पर एक भी टोला सेवक नहीं है। जिसके कारण महादलित छात्रों को उपस्थिति संतोषजनक नहीं है। बताया जाता है कि विद्यालय से ऊब गांव की दूरी करीब डेढ़ किलोमीटर है। वैसी स्थिति में छात्रों के अभिभावक एनएच 139 सड़क को पार कर विद्यालय भेजना मुनासिब नहीं समझते हैं क्योंकि औरंगाबाद से पटना पथ बीजी सड़क है। वाहनों का आवागमन हमेशा जारी रहता है। जिसे छात्रों की दुर्घटना होने की डर बना रहता है। अगर विद्यालय में टोला सेवक पदस्थापित कर दिया जाता तो वे घर घर जाकर बच्चों को ससमय देखरेख, विद्यालय लाया जा सकता था परंतु आसपास के विद्यालय में टोला की पदस्थापित है परंतु मध्य विद्यालय ऊब में एक टोला सेवक नहीं है। विद्यालय की शिक्षकों की माने तो दो वर्ष पूर्व टोला सेवक पद स्थापित थे। किसी दूसरे विद्यालय में पदस्थापित कर दिया गया जो न्याय उचित नहीं है। विद्यालय में बेहतर शिक्षा दी जा रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ सभी शिक्षक शिक्षा को ले सजग है। मंगलवार के भ्रमण के दौरान विद्यालय में देखा गया कि छात्र अध्यापन कार्य कर रहे थे। साथ ही विद्यालय में प्रर्याप्त साधन भी उपलब्ध थे परंतु टोला सेवक को नहीं रहने से प्रधानाध्यापक के द्वारा अब शोष जाहिर किया गया। प्रधानाध्यापक काशीनाथ प्रसाद से पूछने पर बताया कि नामांकित छात्रों की संख्या 280 है। शिक्षक भी प्रर्याप्त है परंतु टोला सेवक की कमी है। यहां महादलित छात्रों की संख्या-150 है। अगर इस विद्यालय में टोला सेवक पदस्थापित की जाए तो महादलित की संख्या को और बढ़ाया जा सकता है क्योंकि ऊब गांव की दूरी अधिक रहने के कारण वहां के अभिभावकों को बच्चों को भेजने से परहेज करते हैं ताकि दुर्घटना के शिकार न हो जाए वैसी स्थिति में टोला सेवक को पदस्थापित करना आवश्यक है। टोला सेवक ही घर-घर जाकर बच्चों को विद्यालय लाना उनकी जिम्मेवारी है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि चार कमरों की फर्श में दरारे पड़ गई है जिसमे हमेशा सांप बिच्छू निकलते रहते हैं। बरसात के दिनों में और परेशानियां बढ़ जाती है। इस संबंध में फर्श की मरम्मति कराने हेतु विभाग की सूचना दी गई है पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

# मध्य विद्यालय खरांटी में कमरों का अभाव




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। यह हाल राजकीय मध्य विद्यालय खरांटी का है जहां दो कमरे में प्रथम से आठवें तक की शिक्षा दी जाती है। कहने को तो यह मध्य विद्यालय है पर हकीकत कुछ और है। सोचा जा सकता है कि दो कमरे आठवें क्लास तक की शिक्षा कैसे दी जाएगी। छात्रों को काफी परेशानी होती है। विशेषकर हर मौसम में शिक्षण कार्य प्रभावित रहता है जिसके कारण अभिभावक अपने बच्चों को भेजने में कतराते है बावजूद भी संख्या में वृद्धि हो रही है। शिक्षा की गुणात्मक सुधार को लेकर सरकार भी सजग है परंतु कमरे नहीं होंगे तो बेहतर शिक्षा की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। विकास कोष की राशि से करकट लगाकर इसमें तीसरे चौथे पांचवे क्लास की शिक्षा दी जाती है। दो कमरे में एक वर्ग मे सांतवे व दूसरे कमरे में आठवें वर्ग की शिक्षा दी जाती है। तथा छठे क्लास की छात्र बरांडे मे बैठकर शिक्षा ग्रहण करते है। प्रथम एवम दूसरे क्लास के छात्र खुले आसमान के नीचे बैठकर शिक्षा ग्रहण करते है। किसी तरह से विद्यालय में छात्र पढ़ते है। बता दें कि विद्यालय मे कमरों की अति आवश्यकता है। अधिकारी भी जांच करते है परंतु कमरो का निर्माण नही हुआ। यह मध्य विद्यालय 2006 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय की दर्ज़ा मिली थी। इसके पूर्व 1954 में यह प्राथमिक विद्यालय के रूप में स्थापना हुई थी। उसके बाद जैसे तैसे विद्यालय चला परंतु शहीद जगतपति कुमार के स्वजनों के द्वारा विद्यालय की जमीन दान पत्र में दिया गया और विद्यालय का निर्माण हुआ। उसके बाद भवन की मरम्मती कार्य तो हुआ परंतु कमरे का निर्माण नहीं हुआ। अब तो चहारदीवारी होने के कारण विद्यालय का रंग रोगन कार्य होने से बेहतर दिखता है परंतु कमरों की कमी छात्रों से लेकर अभिभावकों को कचोटता है। आज यह शहीद जगतपति कुमार के परिजनों के द्वारा बनाया गया।

# मां द्रौपदी देवी सर्वांगीण विकास बालिका उच्च विद्यालय, कासमा का 18 वां वार्षिकोत्सव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखण्ड के कासमा में माँ द्रौपदी देवी सर्वांगीण विकास बालिका उच्च विद्यालय में विद्यालय की 18वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरथुआ इंजीनिरिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत मणि, रफीगंज प्रखण्ड के प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधी मो अरमान, राजीव कुमार सिंह, सेवानिवृत शिक्षक आगानुर अली, पूर्व जिला पार्षद दीनानाथ विश्व कर्मा, निदेशक सुचित मिश्रा, प्रधानाध्यापिका स्नेहलता, प्रबंधन समिति सदस्य प्रवेश मिश्रा, सचिव जयंती देवी, सचिदानन्द पाठक, सुनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। वर्षा कुमारी, जानवी, मानवी, सिया, पायल ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक सुचित मिश्रा ने आये सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व माला देकर सम्मानित किया। बच्चों के द्वारा मोबाइल एडिक्शन पर भी एक कटाक्ष नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं सभी सफल छात्र-छात्राओं को मेडल और ट्रॉफी देकर विद्यालय के निदेशक ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। साथ ही इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य, बुलबुल सिंह, दीनानाथ विश्व कर्मा द्वारा मैट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण सानिया प्रवीण, सुखसार प्रवीण, अंशु मिश्रा, साक्षी मिश्रा, अंजूम प्रवीण, आलिया नाज तथा सभी कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान किया गया। सभी अतिथियों ने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा महत्वपूर्ण है। शिक्षा के साथ नैतिकता एवं मानवता के योग से सफल नागरिक बनने की जरूरत बताई और अभिभावकों को भी बच्चों को पढ़ाने को प्रेरित किया। प्राचार्य प्रशांत मणि ने कहा कि बच्चे नयी टेक्नोलॉजी से नही घबराये। जीवन को आसान बनाने के लिए तकनिकियां अपनाये। सभी मिलकर तकनीकी के क्षेत्र में भारत को आगे बढाये। शिक्षक गुंजन पाठक, चंदन कुमार, रमेश दास, विनोद शर्मा, संजय ठाकुर, रिजवाना प्रवीण, फुलमति कुमारी, सालेहा हैदरी, नीतिश कुमार, शिवानी कुमारी, रफत खान, संजीत मिश्र, डी के यादव , प्रमोद दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मृतक लोको पायलेट के परिजनों से मिले मुकेश सहनी, कहा- गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन करेंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर**। जिले में विकासशील इंसान पार्टी सुप्रीमो व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी आज ताजपुर थाना क्षेत्र के गुनाई बसही गांव पहुंचे। यहां उन्होंने स्वर्गीय प्रमोद कापर के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया व ढांढस बंधाया। यहां बता दें कि पिछले दिनों रेलवे की लोको पायलट प्रमोद कॉपर की बदमाशों ने ड्यूटी से लौट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी।

मुकेश सहनी ने शोकाकुल परिजनों को भरोसा देते हुए कहा कि दिवंगत प्रमोद के हत्यारों की गिरफ्तारी तक न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी।

शोकाकुल परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि हाल के दिनों में इस इलाके में हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि इसका एकमात्र कारण पुलिस प्रशासन की शिथिलता है। उन्होंने कहा कि अब पुलिस प्रशासन का डर खत्म हो गया है। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि अधिकांश पुलिसकर्मी शराब बेचवाने में लगे रहते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से कहा कि इस पीड़ित परिवार को जल्द न्याय दें। दोषी बचें नहीं और निर्दोष फंसें नहीं।

# बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी**। समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध सीतामढ़ी में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यहाँ बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस नए स्कूल की शुरुआत से क्षेत्र में आधुनिक और बेहतर शिक्षा लाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल हुई है, जिससे स्थानीय लोगों और शिक्षा से जुड़े लोगों में खुशी है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर (जेडीयू), सीतामढ़ी, बिहार शामिल हुए, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील कुमार पिंटू (नगर विधायक, सीतामढ़ी) और अनिल कुमार (विधायक, बथनाहा) भी मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षा के विकास के लिए समर्पित कई प्रमुख नेता एक साथ उपस्थित हुए, जिससे कार्यक्रम और भी खास बन गया। यह कार्यक्रम सीतामढ़ी के छात्रों के लिए नए मौके और अच्छी शिक्षा की शुरुआत का संकेत बना। इसके बाद सभी अतिथियों ने स्कूल का दौरा किया, जहां उन्होंने आधुनिक कक्षाएं, अच्छी सुविधाएं और बच्चों के लिए अनुकूल माहौल देखा। इससे स्कूल की अच्छी शिक्षा देने की प्रतिबद्धता साफ दिखाई दी। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवेश चंद्र ठाकुर ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा, "इस स्कूल की स्थापना सीतामढ़ी के युवाओं को अच्छी शिक्षा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ऐसे संस्थान बच्चों को सही मूल्य और ज्ञान देकर देश के भविष्य को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" अपनी सोच साझा करते हुए बिरला ओपन माइंड्स एजुकेशन के प्रबंध निदेशक निर्वान बिरला ने कहा, "हम सीतामढ़ी में अपने विस्तार से बहुत खुश हैं। हमारा उद्देश्य ऐसा माहौल बनाना है, जहाँ बच्चे सोचें, नई चीजें सीखें और हर तरह से आगे बढ़ें। यह नया स्कूल हमारी इस सोच को दिखाता है कि हम सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जीवन के लिए भी बच्चों को तैयार करना चाहते हैं।" सीतामढ़ी में इस स्कूल के खुलने से लोगों में काफी खुशी और उम्मीद है। नई पढ़ाने की पद्धति, बच्चों के पूरे विकास और अच्छे संस्कारों पर ध्यान देने की वजह से यह स्कूल जल्दी ही इलाके का एक अच्छा शिक्षा केंद्र बन सकता है। अब जब यह स्कूल बच्चों के लिए खुल गया है, तो यहाँ सिर्फ पढ़ाई ही नहीं होगी, बल्कि यह एक ऐसा स्थान होगा, जहाँ बच्चों के सपने पूरे होंगे और उनका भविष्य बेहतर बनेगा।

## सार्वजनिक सूचना

महिला दलित कल्याण सेवा संस्थान, मोहन बिगहा (निबंधन सं. - 1960/2009-10) नामक संस्था का निबंधित कार्यालय पता - पूर्वी मोहन बिगहा, डिहरी-ऑन-सोन, न्यू जी.टी. रोड, जिला- रोहतास, बिहार द्वारा संस्था के उद्देश्य, नियमावली एवं कार्यकारिणी समिति मे किए जा रहे परिवर्तन को अभिलिखित करने हेतु मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को नियमानुसार सभी कागजातों के साथ अनुरोध किया गया है। बिहार सोसाईटी रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2018 के नियम 20 (ii) के आलोक मे संस्था के उद्देश्य, नियमावली एवं कार्यकारिणी समिति मे किये जा रहे परिवर्तन को अभिलिखित किए जाने संबंधित प्रस्ताव पर यदि किसी व्यक्ति / समूह को आपति हो तो संबंधित व्यक्ति / समूह लिखित रूप में अपनी आपति निबंधन महानिरीक्षाक, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, विकास भवन बेली रोड, पटना - 800015 के कार्यालय में 15 दिन के अंदर दर्ज करा सकते हैं।

# ओटीपी प्राप्त होने के बाद लोगों के घरों पर पहुंचेगा गैस सिलेंडर

## गैस गोदाम पर भीड़ देखकर पहुंचे डीएम, लोगों को समझाया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति की स्थिति को लेकर तेल विपणन कंपनियों के प्रदर्शन की दैनिक समीक्षा की गई। बुधवार को प्रातःकालीन रिपोर्ट के अनुसार जिले में एलपीजी वितरण व्यवस्था सामान्य एवं संतोषजनक पाई गई है। जिले में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 40, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 15 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 12 सहित कुल 67 एलपीजी वितरक द्वारा 7 अप्रैल को कुल 12,153 गैस बुकिंग दर्ज की गई। जिसके विरुद्ध 11,210 एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति उपभोक्ताओं को की गई। औसत रूप से प्रतिदिन 4,512 बुकिंग तथा 4,683 सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। लंबित बुकिंग (बैकलॉग) का औसत 4.8 दिन है। जिसे शीघ्र कम करने के लिए संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में मंझौल अनुमंडल भ्रमण के दौरान जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा चेरियाबरियारपुर प्रखंड अंतर्गत स्थित मां दुर्गा गैस एजेंसी के गोदाम के समीप अचानक भीड़ देखे जाने पर वाहन रोककर स्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने मौके पर उपस्थित लोगों से बातचीत कर भीड़ का कारण जाना। बताया गया कि आज ही दिन लोगो द्वारा ऑनलाइन गैस बुकिंग की गई एवं बुकिंग करने के उपरांत स्वयं गोदाम पर सिलेंडर लेने पहुंच गए थे। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि गैस बुकिंग के उपरांत उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होने के बाद गैस सिलेंडर की डिलीवरी सीधे उनके घर पर की जाएगी। इसके लिए गोदाम पर अनावश्यक रूप से भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे व्यवस्था का पालन करें तथा गैस एजेंसी के समुचित वितरण प्रणाली में सहयोग करें। ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर और सुव्यवस्थित तरीके से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।जिला पदाधिकारी ने संबंधित एजेंसी को भी निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक भीड़ या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए।उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा 24x7 नियंत्रण कक्ष संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06243-450626 तथा 9279808780 पर लोगो द्वारा की जा रही शिकायतों का निष्पादन किया जा रहा है।

# पैक्स चुनाव को ले नामांकन पत्र दाखिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के चार पैक्सों के चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया गया। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि पहसारा पश्चिम, पहसारा पूर्वी, विष्णुपुर तथा समसा पैक्सों के लिए अध्यक्ष व कार्यकारणी पदों पर नामांकन दाखिल किया गया। गुरुवार को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। पहसारा पश्चिम पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए सुनीत कुमार सिंह और रणवीर कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया। वहीं इसी पैक्स से कार्यकारिणी सदस्यों के लिए जितेन्द्र पासवान, सैम्पुल देवी, टूना देवी, नारायण महतो, नील कुमार, पूनम देवी, संजय कुमार सिंह तथा शिवेश रंजन ने दाखिल किया। पहसारा पूर्वी पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए दिलीप कुमार ने नामांकन दाखिल किया। वहीं इस पैक्स के कार्यकारिणी सदस्यों में से सामान्य पद से विनय कुमार तथा अनुसूचित जाति से वासो राम ने नामांकन दाखिल किया। विष्णुपुर पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष मनोहर कुमार ने नामांकन दाखिल किया। समसा पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार तथा राज कुमार महतो ने दाखिल किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए अनुसूचित जाति से राम पुकार पासवान और जीवछ देवी, अत्यंत पिछड़ा वर्ग से अकल साह, पिछड़ा वर्ग पुरुष से परमेश्वर महतो, महिला से रेखा देवी, सामान्य कोटि से अवधेश राय, राम उदय महतो, आशा देवी, मनोरमा देवी व दिलीप साह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर प्रखंड निर्वाची अधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन, नाजिर मो मुर्तुजा अंसारी, विभाकर कुमार, धर्मशील कुमार, रवीन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

# बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में दक्ष बनाने को लेकर अभियान

## प्रधान व सीआरसी साधनसेवी का उन्मुखीकरण कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रारंभिक विद्यालयों के चौथी से छठी कक्षा के बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में दक्ष बनाने के लिए विशेष अभियान चलेगा। इसको लेकर बाईट भवन भगवानपुर में प्रखंड के सभी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के प्रधान व सीआरसी साधनसेवी का उन्मुखीकरण कार्यशाला बुधवार को आयोजित की गई। प्रशिक्षक अशोक कुमार सिंह, संदीप एवं अनुपमा ने कहा कि शैक्षिक सत्र 2026-27 से चार चरणों में यह अभियान चलेगा। जिसमें भाषा व गणित की बुनियादी क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। पहला चरण अप्रैल-मई में, दूसरा चरण जून में गर्मी की छुट्टियों में, तीसरा चरण जुलाई-सितंबर में और चौथा चरण अक्तूबर से अगले साल मार्च तक चलेगा।पहले चरण में कक्षा परिवर्तन के समय भाषा और गणित की सरल, रोचक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण गतिविधियां चलेंगी। हर दिन पहली घंटी भाषा की एवं दूसरी घंटी गणित की होगी। प्रतिदिन भाषा एवं गणित के लिए समय निर्धारित होगा। नामित शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। उन्हें सतत शैक्षणिक सहयोग दिया जायेगा। दूसरे चरण में स्वयंसेवकों एवं समुदाय की सहभागिता से गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य चलेगा। इसके तहत पांचवीं एवं छठी कक्षा के बच्चों का समुदाय आधारित समर कैम्प चलेगा। तीसरे चरण में चौथी से छठी कक्षा के बच्चों के वर्तमान सीखने के स्तर के अनुसार उनका समूह बना कर टीचिंग एट द राइट लेवेल पद्धति से शिक्षण चरण की प्रगति की संपूर्णता में समीक्षा कर सीखने के परिणामों के आधार पर आगे की शैक्षणिक योजना बनेगी। इसके साथ ही सुधारात्मक शिक्षण की व्यवस्था होगी। मौके पर प्रधानाध्यापक, रिसोर्स पर्सन, लेखापाल अरविंद कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

# मासिक धर्म स्वास्थ्य पर भारत का पहला सर्टिफिकेट कोर्स किया लॉन्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मासिक धर्म स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय ने यूनेस्को के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से 'एम्पॉवर फ्लोः स्पॉटलाइट रेड' नामक सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया। इस अनूठी पहल के साथ, इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर एक शैक्षणिक पाठ्यक्रम शुरू करने वाला भारत का पहला संस्थान बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला गरिमा और सशक्तीकरण के विजन के अनुरूप, इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नयना सहस्त्रबुद्धे (उपाध्यक्ष, भारतीय स्त्री शक्ति) रहीं। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वीडन से लीना बैकर और जॉयस पोअन (शिक्षा क्षेत्र प्रमुख, यूनेस्को नई दिल्ली) उपस्थित रहीं। यूनेस्को नई दिल्ली की डॉ. हुमा मसूद ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम कुमरिया के नेतृत्व में किया गया, जिसकी समन्वयक डॉ. चेतना गुप्ता रहीं। मासिक धर्म से जुड़ी रूढ़ियों, सामाजिक वर्जनाओं और जानकारी के अभाव को दूर करने के लिए तैयार किया गया यह पाठ्यक्रम स्वास्थ्य, शिक्षा और लैंगिक दृष्टिकोण को एक साथ लाता है। इस मुद्दे की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए, प्राचार्या प्रो. पूनम कुमरिया ने कहा कि मासिक धर्म के प्रति जागरूकता और संसाधनों की कमी आज भी कई युवतियों की शिक्षा में बाधा बनती है।

# अधिकाधिक किसानों का पंजीकरण जिला प्रशासन का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** भारत सरकार के महत्वपूर्ण अभियान किसान पंजीकरण को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराना उद्देश्य है ताकि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। किसान पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अनेक मामलों में किसानों के नाम पर जमाबंदी कायम नहीं होने के कारण पंजीकरण कार्य प्रभावित हो रहा है। इसका प्रमुख कारण परिवारों के बीच भूमि का आपसी बटवारा लंबित होना है। इस समस्या के समाधान हेतु जिला प्रशासन द्वारा विशेष रणनीति अपनाई गई है। इसी क्रम में दिनांक 16 फरवरी को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, ग्राम कचहरी के सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे। बैठक में विस्तृत चर्चा के उपरांत सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लंबित आपसी बटवारा वादों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। ताकि किसानों के नाम पर जमाबंदी कायम की जा सके और किसान पंजीकरण में आ रही बाधाओं को दूर किया जा सके। निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा के लिए पुनः जिला पदाधिकारी, बेगूसराय की अध्यक्षता में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह जानकारी प्राप्त हुई कि अब तक कुल 211 परिवारों के आपसी बटवारा वादों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 280 परिवारों के आपसी बटवारा वाद वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं, जिन पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि अब तक 7 परिवारों के नाम पर जमाबंदी कायम कर ली गई है। जो कि इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिला पदाधिकारी द्वारा इस प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि प्रक्रियाधीन आपसी बटवारा वादों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करें तथा पहले से निष्पादित 211 मामलों में शीघ्र जमाबंदी कायम कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक वार्ड स्तर पर लक्ष्य निर्धारित करते हुए सुनियोजित ढंग से आपसी बटवारा वादों का निष्पादन किया जाए।ताकि कार्य में गति और पारदर्शिता बनी रहे। यह भी कहा गया कि इस प्रक्रिया में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम कचहरी की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें और किसानों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपनी भूमि से संबंधित प्रक्रियाओं को पूर्ण कर सकें। जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा यह प्रयास किसान पंजीकरण अभियान को गति प्रदान करने के साथ-साथ भूमि संबंधी विवादों के समाधान की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल प्रशासनिक दक्षता को दर्शाती है। बल्कि किसानों के हितों के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को भी परिलक्षित करती है।इस प्रकार के समन्वित एवं लक्षित प्रयासों के माध्यम से जिले में किसान पंजीकरण का कार्य तेजी से पूर्ण होगा तथा अधिक से अधिक किसान सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

# चोरी की घटना को दिया अंजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** थाना क्षेत्र के भगतपुर गांव में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। एक के बाद एक हो रही वारदातों ने स्थानीय लोगों की नींद उड़ा दी है, वहीं पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को भगवती स्थान के समीप से अज्ञात चोरों ने एक बाइक चोरी कर ली थी। इसके कुछ ही दिनों बाद एक और बाइक चोरी की घटना सामने आई। इसके बाद मार्च 2026 में डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह के घर की देखरेख में रह रहे अशोक ठाकुर की मां भवानी देवी के घर से नगदी, बर्तन एवं कपड़ों की चोरी कर ली गई। चोरी की घटनाओं का सिलसिला यहीं नहीं थमा। 27 मार्च को रामनवमी की रात भगतपुर ठाकुरबाड़ी से अष्टधातु की दो मूर्तियां, मोटर, बैट्री समेत अन्य सामान चोरी कर लिया गया। इन घटनाओं के बाद भी पुलिस किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। ताजा मामला मंगलवार 7 अप्रैल की रात की है जब भगतपुर रोड स्थित सुशांत मोटरसाइकिल रिपेयरिंग गैरेज को चोरों ने निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने गल्ले में रखे 25 हजार रुपये नगद, दो मोटर और करीब 5 लाख रुपये से अधिक के मोबिल व पार्ट्स की चोरी कर ली।

दुकान के मिस्त्री गोपाल साह ने बताया कि दुकान मालिक सुशील कुमार राय दरभंगा गए हुए हैं। मंगलवार शाम दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। बुधवार सुबह जब दुकान खोली गई तो सामान बिखरा पड़ा था और अधिकांश सामान गायब था। चोरों ने दुकान के पीछे से चढ़कर एस्बेस्टस तोड़ते हुए अंदर प्रवेश किया और घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना डायल 112 और स्थानीय थाना को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते एक साल में दर्जनों चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# विशाल हत्याकांड मामले में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** थाना क्षेत्र में हुई विशाल हत्याकांड में पुलिस ने प्रेमिका, उसके पिता और दादा को गिरफ्तार किया। बुधवार को डीएसपी कुंदन कुमार ने बखरी थाना परिसर में आयोजित कर बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आई है कि घटना की रात विशाल अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। वहां लड़की के परिजनों ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। इसके बाद लड़की के परिजनों ने ही विशाल की हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगा दिया ताकि घटना को छिपाया जा सके। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मृतक विशाल कुमार के पिता शंभू सहनी, निवासी गोढ़ियारी, ने इस मामले में कुल छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। पुलिस ने प्रेस वार्ता के दौरान आश्वासन दिया कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बखरी सर्किल इंस्पेक्टर रामकुमार सिंह, प्रभारी थानाध्यक्ष पवन कुमार और सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार पंडित सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## अगलगी में सामान जल कर राख

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के हसनपुर बागर पंचायत के वार्ड संख्या 3 में मंगलवार की रात हुई अगलगी में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया है। पीड़ित मो रसीद का पुत्र मो असलम है। उसने बताया कि वह दिल्ली में सपरिवार रहता है। मंगलवार की सुबह में ही आया था। आने के बाद पुराने पैतृक घर पर चला गया। रात में पड़ोसी ने सूचना दिया कि तुम्हारे घर में आग लग गई है। यहाँ आने के बाद देखा कि घर से आग की लपटें तथा धुंआ निकल रहा है। ग्रामीणों के सहयोग से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कमरा खोलकर देखा तो घर में रखा बिछावन, पलंग, पंखा, बिजली के उपकरण, बक्सा में रखा पहनने के कपड़े, सोने का लगभग एक भरी का जेवर, चांदी का 50 ग्राम का जेवर जल कर राख हो गया। इस अगलगी में चार लाख रुपये नुकसान का अनुमान लगाया गया। बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान लगाया गया है। पंसस इमरोज राणा सहित अन्य ने पीड़ित को ढाढस बंधाया तथा सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

# जिले में संचालित उद्योगों एवं स्वरोजगार की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को जिला उद्योग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न उद्योग एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। तथा उद्यमियों को दी जा रही सुविधाओं पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 292 लाभार्थियों का चयन किया गया है। जिनमें से 287 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में दो-दो लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। वहीं बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 1775 लाभार्थियों का चयन किया गया है। जिन्हें उद्योग स्थापना के लिए दो लाख रुपये तक का शत-प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 332 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 294 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा 209 लाभार्थियों को वित्तीय सहायता की राशि वितरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति-जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, महिला, युवा एवं अल्पसंख्यक उद्यमियों के लिए संचालित पाँच योजनाओं के माध्यम से नए उद्योग स्थापित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 292 लाभार्थियों का चयन किया गया। जिनमें से 287 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 2 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की भी समीक्षा की गई। पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित इस योजना के अंतर्गत जिले में अब तक कुल 1291 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 938 आवेदनों को द्वितीय चरण के लिए अनुशंसित किया गया है तथा 411 आवेदनों को अंतिम रूप से स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों को भूमि चयन, बैंक समन्वय तथा डिजिटल भुगतान के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। ताकि योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सेंट जोसेफ स्कूल के प्राचार्य पर अभिभावक व शिक्षिका ने मानसिक उत्पीड़न का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव (भागलपुर)।** प्रखंड के पकड़तल्ला गांव स्थित सेंट जोसेफ स्कूल एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। अभिभावक एवं शिक्षिका ने स्कूल प्रबंधन पर मानसिक उत्पीड़न एवं अनुशासन के नाम पर बच्चों को प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है।

इस संबंध में पीड़ित अभिभावक पकड़तल्ला निवासी रितेश कुमार ने कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर प्राचार्य के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की है। इस गंभीर मामले को लेकर कहलगांव एसडीएम कृष्ण चंद्र गुप्ता, बीपीआरओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार, कहलगांव सीडीपीओ निकहत आरा, भागलपुर से आयी अल्पसंख्यक विभाग व चाइल्ड लाइन केंद्र के पदाधिकारियों की टीम मंगलवार सुबह स्कूल परिसर पहुंची। करीब चार घंटे तक टीम ने स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों, व बच्चों से पूछताछ की। जांच टीम को स्कूल कैंपस में कई खामियां मिली है। कयास लगाए जा रहे हैं कि जांच रिपोर्ट के आधार पर प्राचार्य पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है। हालांकि इसके पूर्व अभिभावक अपनी बेटी के साथ प्राचार्य के खिलाफ रसलपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने गए थे। लेकिन थानाध्यक्ष ने मामले की जांच करने के बजाए अभिभावक को नसीहत दे डाली कि इस स्कूल में अपने बच्चे को नहीं पढ़ाएं। पुलिस की कार्यशैली से हताश होकर अभिभावक ने एसडीएम के पास जाकर अपनी आपबीती को सुनायी तब अनुमंडल प्रशासन एक्शन मोड में आया। वर्ष 2025 में तब विवाद शुरू हुआ,जब अभिभावक रितेश कुमार ने स्कूल परिसर में ही किताबें बेचने का विरोध किया था। और सत्र शुरू होने से पहले बुक-लिस्ट सार्वजनिक करने की मांग की थी। इसके अलावा, स्कूल में गिरती शिक्षा व्यवस्था और अभिभावक टीचर मीटिंग न होने पर भी उन्होंने आपत्ति जताई थी। उन्होंने बताया कि इसी विरोध के बाद से स्कूल प्रबंधन उन्हें और उनकी टीचर पत्नी व बच्ची को निशाना बना रहा है।

कहलगांव एसडीएम कृष्ण चंद्र गुप्ता ने बताया कि अभिभावक के साथ प्रताड़ना, वित्तीय गड़बड़ी व किताब बेचने संबंधी शिकायत को लेकर जांच की गयी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद विधि सम्मत कार्रवाई होगी।

## इवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा वेयर हाउस की समुचित निगरानी व्यवस्था का गहन जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, दोहरी ताला प्रणाली तथा प्रवेश रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की भी जांच की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी प्रक्रियाओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।जिला पदाधिकारी ने वेयर हाउस परिसर की साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा विद्युत व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से इसकी निगरानी करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भागलपुर में खेलों के बेहतर विकास को लेकर बैठक

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में खेलों के बेहतर विकास को लेकर आज जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में स्थानीय विभिन्न खेल संघो के साथ बैठक आयोजित हुई। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में बुधवार को आयोजित बैठक में फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, लॉन टेनिस एवं बैडमिंटन सहित विभिन्न खेल के लिए ग्राउंड चिन्हित करने एवं संबंधित खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधा प्रदान करने को लेकर संबंधित खेल संघो से उनके विचार लिए गए। इसके आलावे किस खेल के लिए किस तरह का ग्राउंड बनाया जाए, ताकि राष्ट्रीय स्तर के खेलों का भी आयोजन भागलपुर में कराया जा सके।

# जाम व सड़क हादसे पर कंट्रोल को लेकर ट्रैफिक डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले में लगातार जाम की समस्या व सड़क हादसे में बढ़ोतरी को लेकर स्थानीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पटना से आए ट्रैफिक डीआईजी सुशांत कुमार सरोज ने की। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना एवं हादसे के बाद पीड़ितों को समय पर नैतिक और कानूनी सहायता पहुंचाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान डीआईजी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस को और अधिक सतर्क एवं सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि अक्सर हादसे के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठते हैं, खासकर समय पर मदद नहीं पहुंचने को लेकर। ऐसे में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू हो। हम सबों का यह नैतिक और कानूनी दायित्व है कि दुर्घटना में घायल या पीड़ित व्यक्ति को समय पर सहायता मिले। अगर हम अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं करेंगे, तो हमें अपनी वर्दी तक गंवानी पड़ सकती है। इस कड़े संदेश के जरिए उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी का एहसास कराया है।

बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें ट्रैफिक नियमों के कड़ाई से पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य कराने, ओवरस्पीडिंग,ई चालान, आरजेडी, और नशे में वाहन चलाने पर सख्त कार्यवाही जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां विशेष निगरानी और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। डीआईजी ने कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि तकनीक का बेहतर उपयोग कर हादसों को कम किया जा सकता है। सीसीटीवी कैमरों और मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखी जाए और तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किए और सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि लोग खुद ट्रैफिक नियमों का पालन करें और हादसों से बच सकें।

इससे पहले भागलपुर पहुंचने पर यातायात डीआईजी को पुलिस बल की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वे सीधे बैठक में शामिल हुए और विस्तृत समीक्षा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिला स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाएं और किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरतें, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके। बैठक में भागलपुर के एसएसपी प्रमोद कुमार यादव, सिटी एसपी शैलेंद्र कुमार सिंह, ट्रैफिक एसपी (पटना) संजय कुमार, नवगछिया एसपी राजेश कुमार, बांका ट्रैफिक डीएसपी व अन्य संबंधित अधिकारी भी कार्यशाला में शामिल हुए।

# आस्था, इतिहास एवं संस्कृति का प्रतीक है गजना धाम

## दो दिवसीय गजना महोत्सव का आगाज, भव्या पंडित की सुरमयी प्रस्तुति ने मोहा लोगों का मन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के पौराणिक और धार्मिक स्थल गजना धाम में आज से दो दिवसीय गजना महोत्सव प्रारंभ हो गया है। महोत्सव का उद्घाटन औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार सिन्हा, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, विधायक ललन राम, पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्रभारी जिलाधिकारी अनन्या सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सांसद अभय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना और युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। गजना धाम आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से जुड़ा यह धाम अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है और महोत्सव के साथ इसकी पहचान लगातार व्यापक हो रही है। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने कहा कि औरंगाबाद की धरती ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से सदैव गौरवशाली रही है। बिहार एवं झारखंड की सीमा पर स्थित गजना धाम न केवल भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण है बल्कि यह दोनों राज्यों की संस्कृति के समन्वय का प्रतीक भी है। करबल नदी के तट पर अवस्थित यह मंदिर प्रकृति एवं आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। गजना धाम केवल एक मंदिर नहीं बल्कि हमारी आस्था, इतिहास एवं संस्कृति का प्रतीक है। मंदिर के गर्भगृह में चबूतरे पर माता का आंचल गजना माता के अद्वितीय स्वरूप को दर्शाता है। यहां मिट्टी की कराही में तैयार किया जाने वाला प्रसाद हमारी परंपरा, प्रकृति से जुड़ाव एवं पर्यावरण संरक्षण का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्राचीन परंपरा को संरक्षित रखना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। गजना महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने तथा सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अनुशासन एवं उत्साह के साथ महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, नबीनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, गजना धाम महंत अवध बिहारी दास, एसएसबी कमांडेंट रविशंकर, नवीनगर प्रमुख चित्रा देवी, उपप्रमुख लव सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। महोत्सव के पहले दिन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका भव्या पंडित की सुरमयी प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। स्थानीय कलाकारों ने लोक नृत्य, शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों आपस में सगे भाई-बहन थे। घटना के 15 घंटे बाद शव को बरामद किया गया है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के तपसीनगर मुहल्ला गांव के डंगरा आहर की है। मृतक की पहचान नालंदा जिले के दीपनगर थाना अंतर्गत शहजादपुर गांव निवासी विक्की कुमार सिंह की पांच वर्षीय पुत्री वैष्णवी कुमारी उर्फ नंदू कुमारी एवं तीन वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि विक्की कुमार यहां अपने ससुर अशोक प्रसाद के घर में रहकर मलाई बर्फ बेच परिवार का भरण-पोषण करते हैं। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे घर से बाहर खेल रहे थे। बच्चे कब शौच करने तालाब की ओर चले गए किसी ने नहीं देखा। जब बच्चे शाम तक घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान तालाब में दोनों बच्चों का शव मिला। शव की पहचान होते ही घर में कोहराम मच गया। घटना के बाद से मां पलक देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। बताया कि विक्की कुमार के के तीन बच्चों में से दो की इस हादसे में मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# विशेष अभियान में 30 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या में एक, हत्या का प्रयास में 3, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 5 तथा अन्य मामलों में 21 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 270 लीटर देसी शराब, 114.87 लीटर विदेशी शराब, 3 बाइक, एक ऑटो, एक ट्रैक्टर, 4230 सीएफटी बालू एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1231 वाहनों की जांच की गई जिससे 102500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 84 वारंटों तथा 10 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साईबर थाना की पुलिस द्वारा 45000 रूपये रिकवर किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# विद्यार्थियों को व्यावसायिक रूप से सक्षम और नैतिक रूप से सशक्त बनाना उद्देश्य : सरिता सिंह

## शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों ने औरंगाबाद को दिलाई नई पहचान : डॉ बीके सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के बियाडा परिसर स्थित महादेवा लाल सर्राफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी में छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। कॉलेज का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को व्यावसायिक रूप से सक्षम और नैतिक रूप से सशक्त बनाना है। ये बातें कॉलेज की चेयरपर्सन सरिता सिंह ने कही। वे बुधवार को कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। श्रीमती सिंह ने कहा कि फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए कॉलेज में आधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुभवी शिक्षकों और व्यवहारिक प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था की गई है। छात्रों को इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार करने के लिए समय-समय पर सेमिनार, वर्कशॉप और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। चेयरपर्सन ने कहा कि संस्थान में अनुशासन, नवाचार और शोध को विशेष महत्व दिया जाता है जिससे छात्र-छात्राएं भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी फार्मा क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएंगे और समाज के स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि पिछले साढ़े तीन दशकों में औरंगाबाद जिले में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। विकास के साथ-साथ लोगों के व्यवहार और सोच में आए सकारात्मक परिवर्तन ने जिले की छवि को राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश में बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए सुधारों ने औरंगाबाद को नई पहचान दिलाई है। इसी कड़ी में कॉलेज में हाल ही में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन फार्मा स्पेक्ट्रम-2026 का विशेष उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने जिले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भूमिका निभाई है। डॉ. सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने भाग लिया जिससे ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को नई जानकारी मिलती है बल्कि क्षेत्र की छवि भी वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक और शोधपरक कार्यक्रमों के माध्यम से औरंगाबाद शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। मौके पर डॉ दीपक कुमार गुप्ता, डॉ विकास कुमार सिंह, कौशर शफात, अखिलेश कुमार, विमलेंद्र कुमार, राकेश कुमार साहू, शशि सक्सेना, ज्योति वर्णवाल, अनंत कुमार, अभिजीत बेज, वीरू कुमार, पंकज कुमार, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद इकराम, सुधीर कुमार, विकास कुमार मेहता, आनंद प्रकाश सिंह, रजनीश कुमार, अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, विक्की कुमार आदि मौजूद रहे।

# हिंसक झड़प में छह लोग जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के हरिहरगंज थाना अंतर्गत तेतरिया टोला केवाल गांव में चेक डैम निर्माण को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में सात लोग घायल हो गए। इनमें से तीन को इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद में भर्ती कराया गया है। वहीं चार लोगों का इलाज हरिहरगंज अस्पताल में कराया जा रहा है। सदर अस्पताल में इलाज करा रहे घायलों में शंभू यादव (35 वर्ष), मुन्ना यादव (30 वर्ष) और जितेंद्र यादव (25 वर्ष) शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार जितेंद्र यादव को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य घायलों का भी इलाज जारी है। घटना को लेकर घायलों ने बताया कि गांव में चेक डैम निर्माण को लेकर विवाद हुआ। पुलिस का कहना है कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# फंदे से लटक युवक ने दी जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** फंदे से लटक कर एक युवक द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। घटना नबीनगर थाना क्षेत्र के बसन बिगहा मोड़ की है। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान जिला अंतर्गत मेमारी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी 32 वर्षीय संजीत देवनाथ के रूप में की गई है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। संजीत पिछले करीब तीन वर्षों से नबीनगर के बसन बिगहा मोड़ के समीप उपेंद्र सिंह के मकान में किराए पर रह रहा था। संजीत यहां अपने गांव के अन्य साथियों के साथ रहकर जीविकोपार्जन करता था। वे लोग रद्दी कपड़े इकट्ठा कर उससे रजाई सिलने और बेचने का काम करते थे। जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में संजीत अपने निजी जीवन को लेकर काफी परेशान था। उसके साथ रह रहे युवक सुवोजित ने पुलिस को बताया कि संजीत की अपनी पत्नी के साथ अक्सर फोन पर बातचीत के दौरान कहासुनी होती रहती थी। पारिवारिक तनाव के कारण वह मानसिक रूप से दबाव में था। इसी तनाव के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया हो, ऐसी आशंका जताई जा रही है। घटना के संबंध में सुवोजित ने बताया कि मंगलवार की रात दोनों ने साथ में खाना खाया और सोने चले गए। रात में कब संजीत उठकर दूसरे कमरे में चला गया और फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इसकी उसे भनक तक नहीं लगी। सुबह जब उसकी नींद खुली तो संजीत कमरे में नहीं था। पहले तो उसने सोचा कि वह बाहर कहीं चला गया होगा लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर वह उसे ढूंढने दूसरे कमरे में गया। वहां का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए क्योंकि संजीत का शव फंदे से लटका हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नबीनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# औरंगाबाद में अब तक लगे 122 नये पीएनजी कनेक्शन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6743 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6647 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। 08 अप्रैल 2026 तक जिला में कुल 122 नए पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं : त्रिविक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी की संगठनात्मक शक्ति, कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान और आगामी रणनीतियों की झलक देखने को मिली। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने देव नगर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा आज जिस मुकाम पर पहुंची है, वह लाखों कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं बल्कि संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेने का भी दिन है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। वहीं नबीनगर में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रामचन्द्र सिंह समेत कई पूर्व पदाधिकारियों और समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में वर्षों से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं के योगदान को सराहा गया, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, लल्लू सिंह समेत दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के इतिहास, उपलब्धियों और विचारधारा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है, जो राष्ट्रहित और जनसेवा को सर्वोपरि मानता है।

# अज्ञात महिला का शव बरामद

**अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के ओरडीह गांव के समीप नहर रोड किनारे स्थित एक कुएं से बुधवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि स्थानीय लोगों ने कुएं के पानी में शव तैरता देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष के बीच बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में शव पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। मामले की गहन जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है।

# चमकी से निपटने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** एक्यूट इंसेफ़ेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) की तैयारियों के संबंध में बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग पटना के तत्वावधान में एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाहरणालय, स्थित एनआईसी में किया गया। बैठक में औरंगाबाद जिले से आपदा प्रबंधन के एडीएम, सिविल सर्जन, एडीएमओ, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, जिला सर्विलांस पदाधिकारी, आईडीएसपी से संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से राज्य स्तर द्वारा सभी जिलों में एईएस की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा इससे बचाव के उपायों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से एईएस वार्ड एवं बेड की उपलब्धता, आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की स्थिति, चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती एवं प्रशिक्षण, तथा आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) सामग्री के व्यापक प्रसार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला स्तर पर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एईएस से बचाव एवं नियंत्रण हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं तथा आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# बुद्धिजीवी चेतना मंच की कार्यकारिणी समिति का गठन


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित नारायणा मिशन पब्लिक स्कूल में बुद्धिजीवी चेतना मंच की समीक्षा बैठक अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कई अहम बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। मंच का संचालन कर रहे संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बुद्धिजीवी चेतना मंच एक ऐसा मंच है जिसमें हर समाज के विद्वान, समाजसेवी और मार्गदर्शक के निर्देशन में जिला, राज्य या देश के महान और विद्वान लोगों की जीवनी, जयंती एवं कृति को सामाजिक पटल पर रखा जाता है। कार्यवाही को जारी रखते हुए सर्वसम्मति से अजय कुमार श्रीवास्तव को बुद्धिजीवी चेतना मंच का जिलाध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार जिला कार्यकारिणी समिति के अन्य पदाधिकारियों में डॉ. अजय यादव और लवलेश कुमार को जिला उपाध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह को जिला सचिव, संजीत यादव को जिला उपसचिव, इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद को जिला कोषाध्यक्ष, रघुनंदन यादव को जिला उपकोषाध्यक्ष, पूनम यादव को महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक मंडल में नंदकिशोर यादव, सत्येंद्र शर्मा, अधिवक्ता विजय कुमार सिंह, रामजन्म सिंह, डॉ. संतोष यादव, मुहम्मद अब्बरार हसन, लालदेव प्रसाद, डॉ. चंद्रदीप राम, सिद्धेश्वर यादव, गोपाल यादव, अरुण कुमार सिंह शिक्षक , प्रो. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. हरेंद्र कुमार, अमन बादशाह ने पदभार ग्रहण किया। सभी ने अपने संक्षिप्त अभिव्यक्ति से सामाजिक सौहार्द, शिक्षा, चिकित्सा, महापुरुषों की जीवनी गोष्ठी और नई पीढ़ी में शिष्टाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बुद्धिजीवी चेतना मंच ने मैट्रिक और इंटरमीडियट की परीक्षा में सफल 10-10 छात्र-छात्राओं को डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर सम्मानित करने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध लोगों को अब आगे आकर समाज और राष्ट्र को खूबसूरत बनाने के लिए पहल करना होगा।

# शतचंडी महायज्ञ में लगा श्रद्धालु भक्तों का तांता

**मदनपुर।** मां उमंगेश्वरी के समीप दो दिनों से चल रहे शतचंडी महायज्ञ में सुबह करीब चार बजे रात तक फ़ेरी देने वालों श्रध्दालु भक्तों का तांता लगा है। मां उमंगेश्वरी शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर बाबा श्री श्री बालमुकुंद पाठक ने बताया कि मां उमंगेश्वरी शक्ति पीठ की प्रांगण 21वीं शतचंडी महायज्ञ किया जा रहा है। यहां किसी भक्त से चंदा राशि की मांग नहीं की जाती है, बल्कि स्वेच्छा से जो भक्त यज्ञ में पहुंच कर राशि चढ़ाते उस राशि से यज्ञ किया जाता है। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को महाभंडारा कार्यक्रम होगा। रात में रामलीला सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन होता है।




CMYK